* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

01 फरवरी, 2024
माघ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 102







# हेमंत सोरेन गिरफ्तार

- सात घंटे पूछताछ के बाद इडी ले गयी साथ
- गिरफ्तारी से पहले हेमंत सोरेन राजभवन जाकर दिया इस्तीफा
- इडी की हिरासत में राजभवन पहुंचे थे हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री रहे हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार रात को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें जमीन फर्जीवाड़ा मामले में गिरफ्तार किया गया है। इडी की टीम दोपहर करीब सवा एक बजे बजे मुख्यमंत्री आवास पहुंची। उनसे रात 8 बजे तक पूछताछ की गयी। सूत्रों के मुताबिक इडी के अधिकाधिरियों ने पहले से हेमंत सोरेन से सवाल करने की पूरी तैयारी की थी। जमीन फर्जीवाड़ा से संबंधित कई सवाल उनसे पूछे गये। कई सवालों पर हेमंत सोरेन निरुत्तर थे। हेमंत सोरेन से दिल्ली से अचानक तथाकथित रूप से भूमिगत होने और उनके आवास से मिले 36 लाख रुपये के बारे में भी सवाल पूछे गये। सूत्रों के मुताबिक हेमंत सोरेन ने कई सवालों का तो जवाब दिया, जबकि कुछ सवालों पर निरुत्तर हो गये। इडी उनके कई जवाबों से संतुष्ट नहीं हुई। इसके बाद इडी ने उन्हें हिरासत में लेने की जानकारी दी। इडी की हिरासत में ही हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। इस दौरान इडी के अधिकारी उनकी गाड़ी में उनके साथ थे।



गिरफ्तारी से पहले राजभवन जाते हेमंत सोरेन। पीछे बैठे हैं इडी के अधिकारी।

## दिनभर रही गहमा-गहमी

हेमंत सोरेन से पूछताछ को लेकर दिनभर गहमागहमी रही। इडी की पूछताछ के दौरान सत्ता पक्ष ( झामुमो, कांग्रेस, राजद) के सभी विधायक सीएमओ पर डटे रहे। वह किसी भी आपात स्थिति से निपटने की तैयारी में थे। उधर, सीएम आवास और राजभवन के आसपास झामुमो कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। वह बीच-बीच में विरोध-प्रदर्शन करते हुए इडी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। प्रशासन ने सीएम आवास और राजभवन के आसपास के क्षेत्र में धारा 144 लागू कर दी है। सभी प्रमुख जगहों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। मुख्य सचिव, डीजीपी, डीसी, एसपी समेत अन्य अधिकारियों का मुख्यमंत्री आवास आना-जाना लगा रहा। इस बीच गृह सचिव अविनाश कुमार का अचानक तबादला किया गया। उधर, हेमंत सोरेन ने दिल्ली में अपने आवास पर इडी अधिकारियों की छापामारी के खिलाफ रांची के एससी-एसटी थाना में एफआइआर दर्ज करायी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एफआइआर की जांच कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह एफआइआर फर्जी है।

**20 जनवरी को भी हुई थी पूछताछः** गौरतलब है कि इडी ने हेमंत सोरेन से जमीन फर्जीवाड़ा में 20 जनवरी को लगभग 7.30 घंटे पूछताछ की थी। इसके बाद इडी ने उन्हें 29 से 31 जनवरी तक पूछताछ के लिए फिर से समय देने के लिए पत्र लिखा था। इस संबंध में इडी ने पत्र भेज कर उनसे कहा था कि आप 28 जनवरी तक हमें सूचित करें कि किस दिन पूछताछ के लिए उपलब्ध होंगे। इस बीच हेमंत सोरेन 27 जनवरी को चार्टर प्लेन से दिल्ली चले गये। 28 जनवरी तक उन्होंने इडी को इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी। समय सीमा खत्म होते ही इडी के अधिकारी हेमंत सोरेन से पूछताछ करने के लिए 29 जनवरी की सुबह दिल्ली स्थित उनके आवास पर पहुंचे गये। उनकी तलाश झारखंड भवन और दिल्ली स्थित सांसद शिबू सोरेन के आवास पर भी की गयी, लेकिन हेमंत नहीं मिले। इसके बाद से उनकी किसी प्रकार की सूचना नहीं आ रही थी। अचानक वह 30 जनवरी की दोपहर रांची पहुंचे। इडी ने दिल्ली में हेमंत सोरेन की गाड़ी, घर से कुछ कागजात और 36 लाख रुपये जब्त किये थे।

## गिरफ्तारी से पहले हेमंत पहुंचे राजभवन

हेमंत सोरेन गिरफ्तारी से पहले रात 8.30 बजे राजभवन पहुंचे। वह इडी की हिरासत में थे। वहां उन्होंने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंपा। उनका इस्तीफा तत्काल स्वीकार कर लिया गया। उनके साथ इडी के अधिकारी मौजूद थे। इस्तीफा देने के बाद हेमंत को इडी ने गिरफ्तार कर लिया।

## मुख्यमंत्री आवास पर रहेंगे हिरासत में



हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की सुगबुगाहट शाम से ही शुरू हो गयी थी। मुख्य सचिव और डीजीपी को सीएमओ बुलाया गया था। यहां से हेमंत सोरेन को सुरक्षाकर्मियों और कार्केट की गाड़ियों को पुलिस लाइन ड्रोज दिया गया। सीएमओ से राजड्डावन तक बैरेकेटिंग कर दी गयी। गाड़ियों की आवाजारी रोक दी गयी थी। इसके बाद रात में इडी अधिकारियों की हिरासत में हेमंत सोरेन राजड्डावन पहुंचे। यहां उन्होंने राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। राज्यपाल ने तत्काल उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। इसके बाद इडी अधिकारी उन्हें लेकर निकल गये। उन्हें फिर से मुख्यमंत्री आवास लाया गया। हेमंत सोरेन यहीं इडी की हिरासत में रहेंगे। इडी ने इस आवास को अपने कब्जे में ले लिया है।

## हेमंत ने इस्तीफा दिया, हमने दावा सौंपा: चंपई

**रांची (आजाद सिपाही)।** राजभवन से रात 21.15 में मंत्री चंपई सोरेन, आलमगीर आलम, विनोद सिंह और प्रदीप यादव राजभवन से निकले। चंपई सोरेन और आलमगीर ने कहा कि हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्ताफा सौंपा। राज्यपाल ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। चंपई सोरेन ने कहा कि राज्यपाल को महागठबंधन के विधायकों का सरकार गठन का पत्र सौंपा गया। गठबंधन दल के विधायकों ने हमें नेता चुना है। हमने सरकार बनाने का दावा पेश किया। वहीं, आलमगीर ने कहा कि हमें 47 विधायकों का समर्थन प्राप्त है। हमने राज्यपाल को 43 विधायकों का हस्ताक्षर युक्त पत्र सौंपा है। राज्यपाल ने पत्र पढ़ने के लिए समय मांगा है। उन्होंने कहा कि इसके बाद उन्हें सूचित किया जायेगा। चंपई सोरेन से जब पूछा गया कि आप मुख्यमंत्री बन रहे हैं, क्या संदेश देंगे, तो उन्होंने कहा कि समय बहुत है। पहले जो काम करना है, वह करने के बाद सही समय पर आपके सवालों का जवाब देंगे। उधर, राजभवन के बाहर सत्ता पक्ष के कई विधायक मौजूद थे, जिन्हें राजभवन नहीं जाने दिया गया था। उन्होंने राज्यपाल से तत्काल शपथ कराने की मांग की।



राज्यपाल को अपना इस्तीफा और चंपई सोरेन के समर्थन का पत्र सौंपते हेंमंत सोरेन।

# ...और जमीन के दलदल में फंस गये हेमंत सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन की खरीद-बिक्री मामले में प्रवर्तन निदेशालय हेमंत सोरेन से पूछताछ करना चाहती थी, लेकिन हेमंत सोरेन इडी कार्यालय जाने से बचते रहे। उन्हें डर था कि उनकी गिरफ्तारी हो सकती है। इडी की पूछताछ से बचने के लिए वह सुप्रीम कोर्ट से लेकर हाइकोर्ट तक पहुंचे। हालांकि न सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें कोई राहत दी, न हाइकोर्ट ने। बार-बार इडी की नोटिस पर सियासत भी खूब हुई। झारखंड से दिल्ली तक इसके लिए केंद्र सरकार को कोसा गया। आखिरकार हेमंत सोरेन ने इडी को मुख्यमंत्री आवास में आकर पूछताछ करने की अनुमति दी। सीएम की ओर से चिट्ठी मिलने के बाद 20 जनवरी 2024 को इडी की एक टीम कांके रोड स्थित सीएम आवास पहुंची।

**8.50 एकड़ जमीन से जुड़ा है मामला :** आखिर अवैध रूप से जमीन के दलदल में हेमंत सोरेन फंस गये। रांची के बड़गाईं अंचल के बरियातू इलाके में 8.50 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है। इस मामले की जब इडी ने जांच शुरू की, उसके कागजात खंगाले, तो इस जमीन से जुड़े कागजात राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के मोबाइल फोन से मिले। भानु प्रताप को कागजात की हेराफेरी करके जमीन बेचने के मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है। मोबाइल फोन में मिले दस्तावेजों के आधार पर इडी ने जमीन की जांच शुरू की। गिरफ्तार राजस्व उप निरीक्षक और बड़गाईं अंचल के तत्कालीन अंचल अधिकारी का बयान भी इडी ने दर्ज किया।



## सात बार हेमंत सोरेन ने समन को किया इग्नोर

सीओ का बयान दर्ज करने के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्रीय जांच एजेंसी की ओर से समन किया गया। इडी ने हेमंत सोरेन से कहा कि वह रांची के जोनल ऑफिस में आकर अपनी संपत्ति का विवरण दें। हेमंत सोरेन ने इडी ऑफिस जाने से इनकार कर दिया। एक-दो बार नहीं, सात बार उन्होंने इडी के समन को इग्नोर किया। यहां तक कि एक बार इडी को चेतावनी तक दे डाली कि अगर सेंट्रल एजेंसी ने अपना नोटिस वापस नहीं लिया, तो वह इडी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए बाध्य हो जायेंगे। लेकिन, इडी की टीम भी अपने स्टैंड पर कायम रही।

## इडी ने जमीन घोटाले में कब-कब जारी किया समन

पहला समन- 8 अगस्त को भेजा गया। 14 अगस्त को हाजिर होने का था निर्देश।

दूसरा समन- 19 अगस्त को भेजा गया। 24 अगस्त को हाजिर होने का निर्देश था।

तीसरा समन- 1 सितंबर को भेजा गया, 9 सितंबर को हाजिर होने का था निर्देश।

चौथा समन- 17 सितंबर को भेजा गया। 23 सितंबर को हाजिर होने का था निर्देश

पांचवा समन- 26 सितंबर को भेजा गया, 4 अक्टूबर को हाजिर होने का निर्देश।

छठा समन- 11 दिसंबर को भेजा गया, 12 दिसंबर को हाजिर होने का निर्देश।

सातवां समन- 29 दिसंबर को भेजा गया, पूछताछ के लिए समय और जगह खुद तय करने को कहा।

आठवां समन- 13 जनवरी को भेजा गया। 16-20 जनवरी तक बयान दर्ज कराने का समय दिया गया।
पूछताछ-20 जनवरी को हुई सीएम से पहली बार पूछताछ।

नौवां समन- 25 जनवरी को भेजा गया, पूछताछ के लिए 27 से 31 जनवरी के बीच का समय बताने को कहा। हेमंत सोरेन ने व्यस्त होने का दिया हवाला।

दसवां समन- 27 जनवरी को भेजा गया। बयान दर्ज कराने के लिए 29 जनवरी से 31 जनवरी तक का समय निर्धारित करने को कहा। इस बीच 27 जनवरी की रात को ही दिल्ली निकल गये थे हेमंत सोरेन। 29 जनवरी की सुबह इडी की टीम हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर पहुंची। इधर, सीएमओ ने इडी को इमेल भेजकर 31 जनवरी को सीएम आवास पूछताछ के लिए आने को कहा। 31 अक्टूबर को पूछताछ के बाद हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया गया।

# चंपई सोरेन होंगे नये मुख्यमंत्री, दावा पेश

- हेमंत ने सौपा इस्तीफा, चंपई के पक्ष में सर्मथन पत्र
- सत्ता पक्ष के विधायकों ने राज्यपाल को सौंपा पत्र
- केवल पांच विधायकों से मिले राधाकृष्णन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के साथ ही राज्य में सियासी हलचल बढ़ गयी। उनकी गिरफ्तारी के पूर्व हेमंत सोरेन राजभवन पहुंचे। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपा। सत्ताधारी दल (कांग्रेस, झामुमो, राजद) के विधायक तीन बस में सवार होकर राजभवन पहुंचे थे। हालांकि राज्यपाल ने केवल पांच विधायकों से मुलाकात की। उन्होंने चंपई सोरेन को गठबंधन दल का नेता बनाने और उनके नेतृत्व में सरकार गठन का पत्र दिया। विधायकों ने तत्काल चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने की मांग की। हालांकि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने मांग को नहीं स्वीकार किया और मामले पर जल्द फैसला लेने का आश्वासन दिया।



**तीन बस में विधायक पहुंचे राजभवनः** मुख्यमंत्री आवास से सत्ता पक्ष के विधायक तीन बस में सवार होकर रात 8.20 बजे राजभवन पहुंचे। उन्हें राजभवन के गेट पर ही रोक दिया गया। इस पर विधायकों ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने चंपई सोरेन को तत्काल मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाने की मांग की। राज्यपाल से मिलने पांच विधायक अंदर गये। उन्होंने चंपई सोरेन को समर्थन का पत्र सौंपा। राज्यपाल ने उन्हें विधिसम्मत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। सूत्रों के मुतबिक राज्यपाल विधि और संविधान विशेषज्ञों से राय लेने के बाद कोई कदम उठायेंगे।

## कौन हैं चंपई सोरेन

रांची (आजाद सिपाही) । सरायकेला-खरसावां जिला स्थित जिलिंगगोड़ा गांव निवासी आदिवासी सिमल सोरेन खेती किसानी किया करते थे। उनके चार बच्चों में बड़े बेटे का नाम चंपई सोरेन है। चंपई भी अपने पिता के साथ हाथ बंटाते थे। 10वीं क्लास तक सरकारी स्कूल से चंपई ने पढ़ाई लिखाई की। इस बीच उनका विवाह कम उम्र में ही मानको से कर दिया गया। शादी के बाद चंपई के चार बेटे और तीन बेटियां हुईं। इसी दौरान बिहार से अलग झारखंड राज्य की मांग उठने लगी। शिबू सोरेन के साथ ही चंपई भी झारखंड के आंदोलन में उतर गये। जल्द ही 'झारखंड टाइगर' के नाम से मशहूर भी हो गये। इसके बाद चंपई सोरेन ने अपनी सरायकेला सीट से उपचुनाव में निर्दलीय विधायक बन कर अपने राजनीतिक करियर का आगाज कर दिया। इसके बाद वह झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। चंपई सोरेन भाजपा की अर्जुन मुंडा की सरकार में झामुमो की तरफ से मंत्री बनाये गये। इसके बाद राष्ट्रपति शासन लग गया था। फिर हेमंत सोरेन की अगुवाई में बनी झामुमो की सरकार में चंपई सोरेन को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, परिवहन मंत्री बनाया गया। दूसरी बार हेमंत सरकार बनी तो फिर 2019 में चंपई सोरेन को परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बनाया गया। वह वर्तमान में झामुमो के उपाध्यक्ष भी हैं।






## न्यूज रील्स

### कोर्ट ने ज्ञानवापी तहखाने में पूजा की इजाजत दी

वाराणसी। वाराणसी जिला कोर्ट ने बुधवार को ज्ञानवापी के व्यास जी तहखाने में व्यास परिवार को पूजा की इजाजत दे दी है। 31 सालों से यानी 1993 से तहखाने में पूजा-पाठ बंद था।? कोर्ट ने कहा कि वाराणसी के डीएम सात दिन के अंदर पुजारी नियुक्त करेंगे, जिसके बाद व्यास परिवार पूजा-पाठ शुरू कर सकता है। इससे पहले, कोर्ट ने 17 जनवरी को व्यास जी के तहखाने का जिम्मा डीएम को सौंप दिया था। डीएम ने मुस्लिम पक्ष से तहखाने की चाबी अपने पास ले ली थी। डीएम की मौजूदगी में 24 जनवरी को व्यास तहखाने का ताला खोला गया था। वहीं, मुस्लिम पक्ष के वकील मेराजुद्दीन ने कहा कि फैसले के खिलाफ हाइकोर्ट जायेंगे। यह फैसला न्यायसंगत नहीं है।

### मोदी सरकार आज पेश करेगी अंतरिम बजट

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही केंद्र का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो गयी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज देश का अंतरिम बजट पेश करेगी। चुंकी आने वाले कुछ महीने में चुनाव है, इसलिए अभी अंतरिम बजट पेश किया जा रहा है। पूर्ण बजट आगामी लोकसभा चुनाव के बाद जो नयी सरकार बनेगी, उसके द्वारा पेश किया जायेगा।

### केजरीवाल को इडी का 5वां समन

नयी दिल्ली। शराब घोटाला मामले में जांच एजेंसी एऊने बुधवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन जारी किया है। एजेंसी ने केजरीवाल को 5वीं बार समन भेजकर 2 फरवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। इससे पहले भेजे गये समन को मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बदले की कार्रवाई बताया था। इडी ने इससे पहले 17 जनवरी, 3 जनवरी, 21 दिसंबर और 2 नवंबर को दिल्ली सीएम को समन भेजा था, लेकिन वो पेश नहीं हुए। चौथे समन पर केजरीवाल ने कहा था कि भाजपा मुझे गिरफ्तार करवाना चाहती है, ताकि मैं लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकूं।

### भाजपा को कांग्रेस-लेफ्ट मजबूत कर रहीं: ममता

मालदा। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को मालदा में कहा कि कांग्रेस और लेफ्ट पार्टियां मिलकर भाजपा को मजबूत कर रही हैं। टीएमसी के अलावा कोई भी पार्टी भाजपा से नहीं लड़ सकती है। ममता ने राज्य के लिए फंड जारी करने को लेकर हो रही देरी को लेकर कहा कि अगर 1 फरवरी तक केंद्र ने राज्य का बकाया फंड जारी नहीं किया तो 2 फरवरी से वे कोलकाता में धरना देंगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 59,300 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो



# मोदी की हैट्रिक का संकेत दे रही हैं जनवरी की तीन घटनाएं

## ■ अयोध्या में मंदिर के उद्घाटन ने पूरे देश में एक किस्म की लहर पैदा कर दी है

## ■ विपक्षी गठबंधन में हो रहे बिखराव से मजबूत हुई भाजपा की राजनीतिक जमीन

## ■ नीतीश कुमार की वापसी ने जातीय समीकरण को भाजपा के अनुकूल कर दिया

**140 करोड़ की आबादी वाला देश भारत अब पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुका है। राजनीतिक दलों और संगठनों के भीतर चुनावी तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। समीकरण साधे जा रहे हैं और नेताओं-कार्यकर्ताओं की तरफ से टिकट हासिल करने की जद्दोजहद भी तेज होने लगी है। आम चुनाव से जुड़ीं इन तमाम राजनीतिक गतिविधियों के बीच आज देश के आम लोगों के बीच सबसे प्रमुख चर्चा इसी बात की हो रही है कि क्या इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार देश की सत्ता हासिल कर सकेगी। भाजपा इसके लिए पूरा जोर लगा रही है, तो विपक्षी दल उसकी हैट्रिक को रोकने के लिए अपना सब कुछ झोंकने के लिए तैयार हो रहे हैं। इस बेहद जटिल राजनीतिक माहौल में छोटी से छोटी घटनाओं के राजनीतिक असर का आकलन किया जाना स्वाभाविक है। 2024 का पहला महीना खत्म हो रहा है और अब, जबकि चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं, ऐसी घटनाओं का मूल्यांकन जरूरी हो जाता है। जनवरी महीने की तीन बड़ी घटनाएं बताती हैं कि दुनिया के सबसे लोकतंत्र का चुनावी माहौल इन घटनाओं से खासा प्रभावित होने वाला है। ये घटनाएं हैं अयोध्या में भव्य राम मंदिर का उद्घाटन, विपक्ष के इंडी अलायंस में बिखराव और नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी। इन तीन घटनाओं से साफ संकेत मिल रहे हैं कि 2024 में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा की हैट्रिक का रास्ता लगभग साफ हो चुका है। अब इस पर केवल मुहर बाकी है। क्या हो सकता है इन घटनाओं का राजनीतिक असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश में भले ही लोकसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन भारत में इसके पहले ही सियासी सरगर्मी तेज हो चुकी है। चूंकि आम चुनाव अब कुछ ही महीने दूर है, 2024 राजनीतिक दृष्टि से बहुत संवेदनशील है। इस साल का पहला महीना ही सांस्कृतिक, धार्मिक और राजनीतिक घटनाओं से भरा हुआ रहा। साल के पहले महीने में ही घटी इन घटनाओं ने देश के राजनीतिक माहौल को और भी चार्ज कर दिया है। अब देश में यही चर्चा हो रही है कि क्या इन घटनाओं ने देश की सत्ता पर भाजपा की लगातार तीसरी बार कब्जे का रास्ता साफ कर दिया है। इसका उत्तर सकारात्मक ही है, क्योंकि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा काफी उत्साहित नजर आने लगी है।

पिछले सप्ताह बिहार की सियासत ने एक बार फिर करवट बदली और जदयू महागठबंधन को छोड़कर एनडीए में शामिल हो गया। नीतीश कुमार ने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही भाजपा ने कहा है कि आगामी लोकसभा में एनडीए बिहार की सभी 40 सीटों पर जीत दर्ज करेगा। इससे पहले सियासी जानकार इंडी गठबंधन के अगुआ नीतीश कुमार को बिहार में भाजपा के लिए चुनौती मान रहे थे। हालांकि ताजा घटनाक्रम से सारे समीकरण बदल चुके हैं। एक ओर जहां राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा अपने चुनावी प्रचार को धार देने में जुट गयी है, तो वहीं दूसरी ओर घटक दलों के अलग होने के साथ इंडी गठबंधन भी कमजोर होता जा रहा है। इन तीन अनुकूल घटनाओं के बाद यह सवाल उठता है कि भाजपा ने अपने चुनाव अभियान को कैसे शुरू किया है। बिहार में नीतीश के पाला बदलने से क्या बदलेगा और हालिया घटनाक्रमों के बाद भाजपा के सामने विपक्षी गठबंधन की कितनी चुनौती है।

### अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा

22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। मुख्य जजमान के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस धार्मिक अनुष्ठान को पूरा किया। इस कार्यक्रम के दौरान देश-विदेश से करीब आठ हजार विशेष मेहमानों की भी उपस्थिति रही। इस भव्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कांग्रेस समेत विपक्षी गठबंधन के कई दलों को न्योता मिला था, लेकिन उन्होंने इसे ठुकरा दिया था। शुरुआत से ही भाजपा ने इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाया। भाजपा के तमाम बड़े नेताओं ने दावा किया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का न्योता ठुकरा कर हिंदू धर्म की आस्था का अपमान किया है। इसके साथ ही पार्टी ने कांग्रेस को हिंदू विरोधी करार दिया और दावा कि कांग्रेस तो शुरुआत से भगवान श्रीराम के अस्तित्व पर सवाल उठाती रही है।



### लोकसभा चुनाव के लिए जारी थीम सांग में राम मंदिर

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दो दिन बाद ही भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अपने अभियान का थीम सांग लांच किया। भाजपा का प्रचार अभियान 'सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं' थीम पर आधारित है। यह थीम सांग फर्स्ट टाइम वोटर्स कॉनक्लेव में लांच किया गया। दो मिनट 12 सेकंड के वीडियो में पीएम मोदी के कार्यकाल में हुए कामों को दर्शाया गया है। पार्टी ने दावा किया कि वीडियो में दिखाया गया कि कैसे प्रधानमंत्री मोदी ने करोड़ों भारतीयों के सपनों और आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल दिया है। वीडियो में स्टार्टअप अर्थतंत्र, उद्यमशीलता, रोजगार, किसानी, महिला भागीदारी और कम होती गरीबी जैसे मुद्दों को दिखाया गया है। इसके अलावा पिछले कुछ समय में देश को मिली सफलताओं पर फोकस किया गया है, जिसमें चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग, जी-20 का सफल आयोजन, खेलों में देश का अच्छा प्रदर्शन आदि शामिल है। दिलचस्प है कि वीडियो के अंत में प्रधानमंत्री को अयोध्या में नवनिर्मित मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करते हुए दिखाया गया है।

### बुलंदशहर से चुनावी आगाज में रामलला

25 जनवरी को ही पीएम मोदी ने लोकसभा चुनावों की तैयारी का बिगुल फूंक दिया। पीएम ने उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों की तैयारी का आगाज बुलंदशहर से किया। इसे संयोग माना जाये या रणनीति, लेकिन ठीक 10 साल पहले 2014 के लोकसभा के चुनावों में भी प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनावों का सियासी बिगुल उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर से ही फूंका था। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने बुलंदशहर से प्रदेश को अरबों रुपयों की बड़ी सौगातें भी दीं। अपने संबोधन में पीएम ने कई बार राम मंदिर या रामलला का जिक्र किया। जानकार कहते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी का बुलंदशहर से चुनाव अभियान की शुरुआत करना और प्रदेश को अरबों की सौगात देना महज सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। प्रधानमंत्री ने 2014 में यहीं से लोकसभा चुनाव की रैलियों का सियासी आगाज किया था। उसके बाद उत्तर प्रदेश में भाजपा को बंपर सफलता मिली थी और केंद्र में भाजपा की सरकार बनी थी।

### इंडिया गठबंधन से दूरी बनाते दल

करीब छह महीने पहले देश के कुछ प्रमुख विपक्षी दलों ने इंडी गठबंधन की स्थापना की थी। इसका सबसे बड़ा उद्देश्य आगामी लोकसभा में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना था। हालांकि यह गठबंधन चुनाव से पहले बिखरता हुआ नजर आ रहा है। लोकसभा चुनावों के लिए सीट बंटवारे को लेकर गठबंधन के सहयोगी दलों के बीच मतभेद देखने को मिल रहा है। यही कारण है कि 24 जनवरी को ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में टीएमसी के अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। उसी दिन पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान का बयान भी आया, जिसमें उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी पंजाब में सभी 13 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी।

### गठबंधन की पहल करने वाले नीतीश ने दिया बड़ा झटका

29 जनवरी को इंडी समूह को एक बड़ा झटका लगा, जब इसके अगुवा नीतीश कुमार फिर से एनडीए में शामिल हो गये। जदयू प्रमुख नीतीश कुमार ने बिहार में चल रही महागठबंधन सरकार को भंग कर दिया और भाजपा के साथ चले गये। इस दौरान जदयू ने इंडी गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया। जदयू नेता केसी त्यागी ने कहा, 'हमें अफसोस है कि हमने कांग्रेस पार्टी को देश की राजनीति में स्वीकार्यता दिला/१> यह पार्टी राजनीति में अछूत हो चुकी थी। टीएमसी, आप, सपा आदि सभी पार्टियों ने गैर भाजपा, गैर कांग्रेस मोर्चे की कोशिश की थी। यह सिर्फ नीतीश कुमार थे, जिनकी वजह से इंडी गठबंधन बना और कांग्रेस को फिर से राजनीति में स्थापित करने और सम्मान दिलाने का काम हमने किया।' वहीं नीतीश कुमार के शपथ ग्रहण समारोह में पटना पहुंचे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि नीतीश कुमार एनडीए में लौट आये हैं, यह उनके लिए खुशी की बात है। जेपी नड्डा ने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए लोकसभा चुनाव 2024 में जीत हासिल करेगा और सरकार बनायेगा।

हाल के घटनाक्रमों के बाद भाजपा के सामने विपक्षी गठबंधन की कितनी चुनौती है, इस विषय पर जानकारों को लगता है कि विपक्ष को जोड़ने के लिए जिस तरह की पहल करनी चाहिए थी, कांग्रेस उसमें चूक गयी है। यूपी में 80 सीटें आती हैं। वहां कांग्रेस और सपा को मायावती को अपने साथ जोड़ना चाहिए था। इसी तरह बंगाल और महाराष्ट्र में भी होना चाहिए था। इसका खामियाजा विपक्ष को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा। बड़े राज्यों में विपक्षी एकता का परसेप्शन पूरी तरह से धराशायी हो गया है। ऐसे में यह गठबंधन लोकसभा चुनाव में बहुत प्रभावी नहीं रहेगा। जानकारों की मानें, तो इन घटनाओं से जहां भाजपा की स्थिति अनुकूल हुई है, वहीं विपक्ष को अपनी रणनीति पर एक बार फिर से विचार करने की जरूरत आ पड़ी है।

---

## सशक्त भारत के लिए सशक्त भाजपा आज समय की मांग: बाबूलाल मरांडी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नव गठित ज्वाइनिंग कमेटी की बैठक प्रदेश कार्यालय में बुधवार को पार्टी की हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबका साथ, सबका विकास का संकल्प सबके प्रयास और सबके विश्वास के साथ पूरा करने का निश्चय किया है, जिसे लगातार धरातल पर उतारा जा रहा।

उन्होंने कहा कि हमें सबके बीच जाना है और सबको भाजपा में लाना है। सशक्त भारत के लिए सशक्त भाजपा आज युग की मांग है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत, स्वाभिमानी भारत, विकसित भारत के निर्माण में भाजपा देश में हर घर भाजपा के संकल्प को सिद्धि में बदलना चाहती है।

### सर्वव्यापी भाजपा पार्टी का संकल्प: कर्मवीर

**प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा कोई परिवार की पार्टी नहीं। यह राष्ट्रीय विचार से परिपूर्ण पार्टी है। विकसित भारत, विश्व गुरु भारत का निर्माण पार्टी का संकल्प है। उन्होंने कहा यह सबके सहयोग से ही पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हम सर्वव्यापी, सर्वस्पर्शी, सर्वसमावेशी भाजपा के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि ज्वाइनिंग कमेटी को इस सोच के साथ लोगों को भाजपा से जोड़ने की दिशा में पहल करनी चाहिए। समाज का कोई वर्ग छूटे नहीं।**

**इनकी रही मौजूदगी :** बैठक में प्रदेश संयोजक डॉ रविंद्र कुमार राय, विधायक बिरंची नारायण, ढुल्लू महतो, गिरिनाथ सिंह, गणेश तिवारी सहित जिलों के संयोजक और सह संयोजक उपस्थित थे।

## नेतरहाट आवासीय विद्यालय में बापू की प्रतिमा का अनावरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेतरहाट आवासीय विद्यालय कार्यकारिणी समिति के सभापति संतोष उरांव और प्राचार्य डॉ प्रसाद पासवान के द्वारा संयुक्त रूप विद्यालय प्रांगण मे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। इसके बाद सभापति संतोष उरांव ने बताया कि विद्यालय की स्थापना के मूलभूत उद्देश्यों में महात्मा गांधी के विचारों को ही मुख्य रूप प्राथमिकता दी गयी थी। उनकी प्रतिमा को स्थापित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रधांजलि है। डॉ प्रसाद पासवान ने बताया कि विद्यालय में राष्ट्रपिता की प्रतिमा को स्थापित करने से बच्चों को उनके विचारों को आत्मसात करने में सहायता मिलेगी।

## जेएसएलपीएस: 1500 पदों पर जल्द होगी बहाली, प्रक्रिया पूरी करने का रास्ता साफ

**रांची (आजाद सिपाही)।** जेएसएलपीएस में 1500 अधिकारी-कर्मियों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। लगभग दो साल से अधिक समय से अटकी इन नियुक्तियों को करने के लिए राज्य सरकार के शासी निकाय ने मंजूरी प्रदान कर दी है। डीपीएम, पीएम, सीसी, बीपीएम सहित कई पदों पर अब नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। मिली जानकारी के अनुसार इन पदों पर जेएसएलपीएस ने नियुक्ति के लिए दो साल पहले विज्ञापन जारी किया था, इसकी लिखित परीक्षा भी हो गयी थी। बीच में सरकार के द्वारा सारी नियुक्ति प्रक्रिया पर रोक के बाद यह भी लटक गया था। हालांकि जिनकी परीक्षा ली गयी थी उसका रिजल्ट अब आ गया है। ऐसे में सरकार से मंजूरी लेकर इन पदों पर बहाली के ग्रुप डिस्कशन सहित अन्य प्रक्रिया पूरी कर योग्य अधिकारी और कर्मियों की नियुक्ति की जायेगी। ये नियुक्तियां कलस्टर से लेकर राज्य स्तर तक की जानी है।

## 10 जिलों के 121 महत्वपूर्ण स्थल पर्यटक स्थल घोषित

### रांची का बड़ा तालाब भी बना पर्यटक स्थल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने 10 जिलों के 121 पर्यटक महत्व के स्थलों को पर्यटक स्थल और प्रक्षेत्र के रूप में घोषित किया है। रांची में बड़ा तालाब सहित देवघर, दुमका सहित अन्य जिलों के प्रमुख पर्यटक महत्व वाले स्थलों को चिंहित करते हुए डी श्रेणी दी गयी है। पर्यटन विभाग अब इन्हें विकसित करने की कार्रवाई प्रारंभ करेगा। राशि भी मुहैया करायी जायेगी। इस संबंध में पर्यटन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।दुमका जिलाः मडपानाथ मंदिर, संथालकाटा पोखर, केशरी सूर्य मंदिर जरमुंडी, बासुकीनाथ तारा मंदिर, पांडेश्वरनाथ मंदिर जरमुंडी, बेलदाहानाग मंदिर जरमुंडी।

**पलामू**–दंगवार सूर्य मंदिर, सेमरी पंचायत में द्वारपाल, चियांकी पार्क, नौडीहा बाजार अंतर्गत ग्राम चोडंडा में स्थित सूर्य मंदिर।

**सिमडेगा**–अलसंगा नंदी बाबाधाम, शारदा धाम, सुग्गाकाटा, कोयल नदी जलप्रपात डाडिंगदोह, कुंश टोंगरी, हजरत सैयद सुफी शाह कयामुद्दीन अंजान शाह पीरवाबा दरगाह।

**चतरा**–लेंबोड़या मंदिर, भवानी मठ, जोरी काली मंदिर, दासी पहाड़ी, मालुदाह फॉल, डुमेर-सुमेर।

**साहेबगंज**– बड़ा तालाब बरहेट।

**बोकारो**–बनासो मंदिर, कोनार डैम, बुढ़ा बाबा धाम मेला, भवानी के नजदीक प्राकृतिक गुफा नवाडीह, चेचका धाम चास, गरगा डैम, रामलखन टुगरी, दुर्गा पहाड़।

**देवघर**– दुखिया मंदिर, तुतरा पहाड़ी, डकायूट मंदिर, ताराजोरा, जय माता मंदिर, बंदा जारी दुबेबाबा मंदिर, दुबेबाबा मंदिर पहरीडीह, पावेश्वर मंदिर, मकरा पहाड़, बाबादुबे मंदिर सरकारी पंचायत, शिव मंदिर कुशमाहा, बाबा शरेवशनाथ धाम, दुर्गा धाम, सूर्यधाम देवी, अहरा बाबाधाम बारवा, कौशलडीह भागवती धाम, नाढ़सिमर काली धाम दरंगा, रामसाग गोरीशंकर धाम, दुबेधाम बेहरन, बाबुपुर काली मंदिर, मजार बांकछीट, झालर शिव मंदिर मोहनपुर, सुरंगी पहाड़ी मोहनपुर, हरलाजोरी मंदिर, पौराणिक भागवती मंदिर गिधनी, छठघाट कुरैवा, छठघाट बेंगी, शिवमंदिर सिमरा, काली मंदिर सरसा, चोलेश्वरनाथ महादेव मंदिर, शीतलधाम खिरौंधा, नाग बाबानाथ धाम पालाजोरी, फुलजोरी पहाड़ पालाजोरी, हनुमान धाम, सुभाषचंद्र बोस स्मारक स्थल करौं, रामेश्वर शिव मंदिर रानीडीह, शिवधाम बसकुपी, बाबादुबे मंदिर टेकरा, रामेश्वर शिवधाम, पथरड्डा पहाड़ सारठ, दुर्गामंदिर पिपरासोल, रामदरबार धाम मधुपुर, शीतला धाम मधुपुर, बाबा शिवधाम पहाड़ी, फुलजोरी पहाड़, कसैसा तालाब पर छठ घाट का निर्माण, नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मृति भवन।

**सरायकेला**–शिव मंदिर रामगढ़, उड़ीबाबा शिव मंदिर, सोना झारना, काली मंदिर पारडीह। तिल्लापाट मंदिर नीमडीह, झरीडीह हदहदी झरना, चाडरी पार्क बीरबांस, डुडरा शिवमंदिर, राजगांव का पाड़री मंदिर, तिल्ला पाट मंदिर नीमडीह।

**गढ़वा**– मुकुंदपुर में नारायण वन, सिलिदाग मेंचा, जिरूआ बांध।

**रांची**–बड़ा तालाब।




| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 27.5 °c | 11.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.34 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.30 बजे |



## जेएसएससी : विरोध कर रहे अभ्यर्थियों का फूटा गुस्सा

# अध्यक्ष की गाड़ी तोड़ी, लाठीचार्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा के प्रश्न पत्र वायरल होने के बाद से छात्रों में आक्रोश है। अभ्यर्थी जेएसएसएससी कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान इतने उग्र हो गये कि अध्यक्ष की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। इस लाठी चार्ज में दो छात्रों को चोटें आयी हैं।

जानकारी के अनुसार अभ्यर्थी कार्यालय का गेट खोलने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस-प्रशासन ने अभ्यर्थियों को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन वे सुनने के लिए तैयार नहीं थे। इसके बाद छात्रों को काबू पाने के लिए लाठीचार्ज किया गया। इसके बाद छात्र उग्र हो गये और गेट खोलकर कार्यालय के अंदर घुस गये। इसी बीच अध्यक्ष नीरज सिन्हा की गाड़ी कार्यालय के अंदर घुसी। उनकी गाड़ी को देखकर अभ्यर्थी उग्र हो गये और गाड़ी को रोक दिया। इस बीच काफी धक्का.मुक्की भी हुई। उनकी गाड़ी का कांच तोड़ दिया।

**सामान्य ज्ञान के प्रश्न पत्र हुआ था लीक :** बीते 28 जनवरी को जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा हुई थी, लेकिन इस परीक्षा के सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। कुछ प्रश्नों के उत्तर वाट्सएप पर परीक्षा से पहले ही वायरल हो रहे थे। इसके बाद जेएसएसएससी ने सामान्य ज्ञान की परीक्षा को रद्द करने का नोटिफिकेशन जारी किया। पेपर कैंसिल होने से गुस्साये अभ्यर्थी नामकुम स्थित कार्यालय पहुंचकर विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे।

**पत्रकारों के साथ मारपीट, पहुंचे एसपी :** जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी लाठीचार्ज के बाद उग्र हो गये। नाराज अभ्यर्थियों ने मौके पर मौजूद पत्रकारों को भी नहीं छोड़ा।

## 4 को होनेवाली जेएसएससी सीजीएल परीक्षा स्थगित

रांची (आजाद सिपाही)। प्रश्नपत्र लीक मामले में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तीनों पालियों में ली गयी परीक्षा को रद्द कर दिया है। इस संबंध में आयोग की ओर से सूचना भी जारी कर दी गयी है। पूर्व में 28 जनवरी को ही प्रश्नपत्र लीक होने की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने तृतीय पाली की परीक्षा को रद्द किया था। अब 28 जनवरी 2024 को आयोजित परीक्षा की प्रथम और द्वितीय पाली को भी रद्द कर दिया है। आयोग के परीक्षा नियंत्रक ने इस संबंध में कहा कि जल्द ही परीक्षाओं का फिर से आयोजन किया जायेगा। नये सिरे से परीक्षा की तिथि चार फरवरी को जारी की जायेगी। वहीं 4 फरवरी 2024 को होने वाली परीक्षा को भी स्थगित कर दिया गया है।

## जेएसएसएससी चेयरमैन, सदस्यों और एजेंसी पर हो एफआइआर : बाबूलाल

रांची। सरकार दोषी के ऊपर कार्रवाई न कर, निर्दोष छात्रों के ऊपर लाठी बरसा रही है। छात्रों के ऊपर किये गये लाठी चार्ज की घटना की निंदा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि जेएसएसएससी की परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र लीक होने के बाद छात्रों द्वारा विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा बुरी तरह से लाठी चार्ज करना युवाओं की आवाज को दबाना है। उन्होंने कहा कि निर्दोष छात्रों को बुरी तरह पीटा गया, जबकि इस प्रकरण में पूरी तरह से दोषी सरकार, जेएसएसएससी एवं एजेंसी है। उन्होंने कहा कि जेएसएसएससी के चेयरमैन, सदस्यों एवं एजेंसी के ऊपर एफआइआर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि घायल छात्रों का उचित इलाज करवाया जाये।

# मुख्यमंत्री से पूछताछ के दौरान शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) हेमंत सोरेन से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में पूछताछ की। इस दौरान राजभवन, इडी कार्यालय और मुख्यमंत्री आवास पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता और ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो सहित अन्य अधिकारी लगातार पल-पल की मॉनिटरिंग करते दिखे। राजभवन, इडी कार्यालय और मुख्यमंत्री आवास के पास धारा 144 लागू है। हर चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। मुख्यमंत्री आवास के सभी वाटर कैनन और वज्र वाहन मौजूद दिखा। कार्यकर्ताओं के विरोध-प्रदर्शन की आशंका के मद्देनजर मुख्यमंत्री आवास की ओर आने और जाने वाले दोनों रास्तों को बैरिकेडिंग कर रोक दिया गया था। सुरक्षा को लेकर लगभग दो हजार जवान और 18 डीएसपी को अलग से प्रतिनियुक्त किये गये है।

इडी के अनुरोध पर विधि-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य गृह विभाग ने आदेश जारी किया है। वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार नेतृत्व में आइएएस अरवा राजकमल, आइजी प्रभात कुमार, आइएएस प्रशांत कुमार स्थिति पर नजर बनाये हुए थे।

# पारंपरिक हथियार और ढोल-मांदर के साथ पहुंचे जेएमएम कार्यकर्ता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झामुमो कार्यकर्ता सीएम के समर्थन में रांची के मोरहाबादी मैदान में बुधवार को जुटे। हेमंत सोरेन के समर्थन में नारा लगा रहे थे। ढोल-मांदर बजा रहे थे। कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मंत्री जगरनाथ महतो के पुत्र मिथलेश महतो भी मोरहाबादी मैदान पहुंचे। कार्यकर्ता अपने हाथ में झारखंड का पारंपरिक हथियार तीर-धनुष लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। भाजपा और इडी के खिलाफ नारा लगा रहे थे। पहले भी रांची

**पहुंचे थे सैकड़ों कार्यकर्ता :** इससे पहले जब इडी की टीम सीएम से पूछताछ करने सीएम हेमंत सोरेन से आवास पहुंची थी। उस दौरान भी सैकड़ों कार्यकर्ता सीएम आवास के पास पहुंचे थे। उस दौरान कार्यकर्ता अपने पास तीर-धनुष साथ लेकर पहुंचे थे।

# हेमंत सोरेन ने इडी के खिलाफ एससी एसटी थाने में दर्ज करायी प्राथमिकी

## दिल्ली में छापेमारी को लेकर इडी के अधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली में छापेमारी को लेकर हेमंत सोरेन ने प्राथमिकी दर्ज करायी है। राजधानी रांची के एससी-एसटी थाना में इडी के अधिकारियों के विरुद्ध यह प्राथमिकी दर्ज करायी है। हेमंत के आवेदन पर यह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। हेमंत का आरोप है कि उनकी गैरमौजूदगी में दिल्ली स्थित आवास पर छापेमारी करने और कर्मचारियों से दुर्व्यवहार किया गया। बताते चलें कि बीते 29 जनवरी को हेमंत सोरेन के दिल्ली स्थित आवास पर इडी ने छापेमारी की थी। छापेमारी में बीएमडब्ल्यू कार, 35 लाख रुपये सहित कई अहम दस्तावेज जब्त किये थे। ज्वाइंट डायरेक्टर कपिल राज, देवव्रत झा, अनुपम कुमार, अमन पटेल और अज्ञात पर यह प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एफआइआर में बताया गया है कि 30 जनवरी को मीडिया के माध्यम से कार्रवाई की जानकारी मिली कि नयी दिल्ली स्थित शांति निकेतन में सर्च ऑपरेशन चलाया गया। सीएम का आरोप है कि मुझे परेशान और बदनाम करने के लिए यह कार्रवाई की जा रही है। इडी के अधिकारियों ने दिल्ली स्थित आवास में बिना सूचना के छापेमारी की। इडी के अधिकारी ने मुझे 29 और 31 जनवरी को रांची में उपस्थित रहने के लिए कहा था। जानबूझ कर मीडिया के माध्यम से अपमानित किया जा रहा है।

# हेमंत सोरेन की एफआइआर फर्जी पुलिस जांच करे : बाबूलाल मरांडी

**एफआइआर में हेमंत ने अपने आपको साहेबगंज विधानसभा का विधायक बताया, जबकि वो बरहेट से हैं विधायक**

**साहिबागंज नाम से कोई विधानसभा क्षेत्र राज्य में नहीं**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एसटी-एससी थाना ने तथाकथित एफआइआर पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इडी के कुछ अफसरों के ऊपर एसटी एससी एक्ट के तहत एसटी एससी थाना में एफआइआर दर्ज किया है। कहा कि हेमंत सोरेन इतना डरे हुए हैं कि अपना सुध बुध भी खो चुके हैं और जो उनके लिए काम कर रहे हैं, वे भी अपना सुध बुध खो चुके हैं।

एफआइआर की प्रथम पंक्ति में ही गलतियां हैं। एफआइआर के अनुसार हेमंत सोरेन अपने आप को साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र का विधायक बता रहे हैं, लेकिन झारखंड में साहेबगंज नाम का कोई विधानसभा क्षेत्र नहीं है। कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि एफआइआर ही फर्जी है। क्योंकि हेमंत सोरेन को अपना विधानसभा बरहेट के जगह साहेबगंज बताना, एफआइआर की फर्जीवाड़ा को बताता है। उन्होंने कहा कि एफआइआर पूरी तरह से फर्जीवाड़ा है। कहा कि डीजीपी एवं पुलिस अधिकारी इस एफआइआर की सत्यता की जांच करें। सचमुच में हेमंत सोरेन ने एफआइआर किया है या उनके नाम से किसी ने एफआइआर किया है। कहा कि उनके यहां फर्जीवाड़ा का पहले भी रिकॉर्ड रहा है। मुझे स्मरण है शिबू सोरेन के समय एक बार 2-3 लोगों को एक जगह टिकट दिया गया और चुनाव लड़ गये थे। बाद में बोला गया कि फॉर्म में फर्जी हस्ताक्षर किया गया था।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — सुख-सुविधा के साधन बनेंगे। आर्थिक लाभ.व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।
- **वृष** — कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण, सोचा हुआ काम पूरा होगा, मान-यश-प्रतिष्ठा-उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।
- **मिथुन** — प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा। मन प्रसन्न रहेगा। सद्भावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।
- **कर्क** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा, परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।
- **सिंह** — कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सफलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।
- **कन्या** — नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** — परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।
- **वृश्चिक** — स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है, राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।
- **धनु** — रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता,संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।
- **कुंभ** — लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।
- **मीन** — चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

## मैनेजमेंट में लगे हैं हेमंत : निशिकांत

**रांची (आजाद सिपाही)।** निशिकांत दुबे के मुताबिक सीएम हेमंत इडी की पूछताछ से बचने को तमाम कोशिशें कर चुके हैं। सोशल मीडिया के जरिये कहा है कि सूत्रों के अनुसार इडी की पूछताछ से बचने के लिए झारखंड हाइकोर्ट के जजों को दबाव दे रहे हैं। उन्हें डराने और मैनेजमेंट का प्रयास मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करते रहे। निशिकांत दुबे ने सीएम से कहा है कि यह न्यायपालिका है, कानून का राज है। सीधे प्रश्नों का जवाब दीजिए।





झारखण्ड अधिविद्य परिषद्, राँची

JHARKHAND ACADEMIC COUNCIL, RANCHI



हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

अपील

वार्षिक माध्यमिक / इन्टरमीडिएट परीक्षा, 2024

विदित हो कि **वार्षिक माध्यमिक एवं इन्टरमीडिएट परीक्षा दिनांक 06 फरवरी 2024** से प्रारम्भ हो रही है। परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों, आम नागरिकों एवं परीक्षा कार्य में संलग्न सभी कर्मियों / पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग अपेक्षित है।

राज्य सरकार शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा मानव संसाधन विकास हेतु कटिबद्ध है। इसके लिए आवश्यक है कि **संपूर्ण राज्य में परीक्षाओं का संचालन पूर्णत: शांतिपूर्ण वातावरण में कदाचार मुक्त तरीके से सम्पन्न हो**। झारखण्ड अधिविद्य परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से समुचित व्यवस्थाएँ की गयी है। कदाचार मुक्त वातावरण में परीक्षाओं का संचालन, समय पर परीक्षाफल का प्रकाशन तथा शिक्षा को सर्वसुलभ बनाना सरकार की प्राथमिकता है। राज्य सरकार द्वारा कदाचार मुक्त परीक्षा संचालन हेतु सभी संबद्ध व्यक्तियों को आवश्यक निर्देश दिये गए हैं, साथ ही उनसे अपेक्षा है कि वे वांछित कार्यो का सम्पादन निष्ठापूर्वक करेंगे। झारखण्ड सरकार स्वच्छ एवं कदाचार मुक्त परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है, इस दिशा में इस बार भी सभी जिला के परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यकतानुसार सी.सी.टी.वी. कैमरा अधिष्ठापित किया गया है ताकि परीक्षा में पारदर्शिता कायम रह सके। किसी भी स्तर पर कदाचार करने अथवा कराने वालों एवं निर्धारित दायित्वों का निर्वहन नहीं करनेवाले कर्मियों के विरूद्ध **झारखण्ड परीक्षा संचालन अधिनियम**, 2001 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

इस अवसर पर जनहित एवं राज्यहित में सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं आम नागरिकों से अपील है कि वे नि:स्वार्थ भाव से परीक्षा की पवित्रता के साथ–साथ झारखण्ड की गरिमा बनाये रखने तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिये कदाचार मुक्त परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य के सफल संचालन में ईमानदारी एवं निष्ठा से सहयोग करें।

आएँ झारखण्ड को हम सब मिलकर बनायें ज्ञान आधारित एवं अनुशासन प्रिय प्रदेश

हेमन्त सोरेन

माननीय मुख्यमंत्री

झारखण्ड

## दो बाइक के बीच टक्कर, तीन घायल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के भोंडो में बुधवार को दो मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गये। इनमें दो घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर 34 वर्षीय उदयांचल पंडित और सरोज कुमार उम्र 34 वर्ष दोनों बिहार के निवासी सासाराम जा रहे थे। इसी दौरान भोंडो में उनकी टक्कर एक मोटरसाइकिल से हो गयी। जिसमें दूसरे मोटरसाइकिल का चालक सोनू कुमार गुप्ता पिता स्वर्गीय राजेश साव दोइयाडीह निवासी घायल हो गया। तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उदयांचल पंडित और सरोज कुमार को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

## झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नौशाद आलम के नेतृत्व में रांची रवाना



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** कोडरमा जिला झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष नौसाद आलम के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में झामुमो कार्यकर्ता रांची रवाना हुए। नौशाद आलम ने कहा कि तानाशाही केंद्र सरकार की रवैया से ईमानदार और लोकप्रिय मुख्यमंत्री के खिलाफ साजिश कर हेमंत सरकार को गिराने का मनसुबा बना रही है परंतु झारखंड मुक्ति मोर्चा एक अस्तित्व वाली पार्टी है बहुमत की सरकार है। भाजपा के साजिश रखने के बावजूद भी कुछ संभव नहीं होगा। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में बेहतर रणनीति अपनाकर विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का खिलाफ मोर्चा खुलेंगे। हम लोग एकजुटता का परिचय देकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थन में सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हिटलर शाही सरकार का प्रतिनिधित्व कर रही है परंतु आने वाले चुनाव में जनता इसे उखाड़ फेंकेगी।

## डीवीसी ने जांच शिविर का किया आयोजन



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड दामोदर घाटी निगम के तिलैया जल विद्युत केंद्र नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत मध्य विद्यालय पथलगढा में मधुमेह जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम संचालन डीजीएम सीएसआर हरिश्चंद्र सिंह के द्वारा किया गया। डॉ. एएम मिश्रा ने मधुमेह के बारे में बताया की ज्यादा प्यास लगना और बार-बार पेशाब लगना और थकान महसूस होना। लगातार भूख लगना, अनायास वजन कम होना। जख्म ठीक नहीं होना या देर से जख्म ठीक होना। खुजली त्वचा रोग सर दर्द इत्यादि लक्षण होते हैं तो इसके लिए चिकित्सक से संपर्क करें या सुबह खुली हवा में टहलें साथ ही खान-पान में संतुलित आहार लें। डॉ. प्रियरंजन, डॉ. अर्चना ने दो गांव के 123 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया साथ ही नि:शुल्क दवा वितरण किए। मौके पर सीएसआर सहायक कुलदीप राम, राजु राम, सुरेंद्र मोदी, मेडिकल टीम से इरफान अंसारी, लैब टेक्नीशियन रूपेश साव, एमडब्ल्यूएचपी अशोक कुमार, प्रधानाध्यापक राजदेव, संजय, नन्दिनी सहित कई शिक्षक एवं ग्रामीण महिला-पुरुष मौजूद थे।

## युवाओं को तंबाकू से दूर रहना जरूरी: बीडीओ



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवारा की अध्यक्षता में एक दिवसीय राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति और प्रखंड स्तरीय छापामार दस्त साथ में पंचायती राज संस्थान के सभी सदस्यों का बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम और टीबी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जिला परिषद चंदवारा, प्रखंड प्रमुख चंदवारा, प्रखंड उप प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य, अन्य जनप्रतिनिधि चंदवारा प्रखंड ने भाग लिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदवारा ने बताया कि तंबाकू जहर है और इसे जागरूक करके ही समाप्त किया जा सकता है उन्होंने कहा कि युवा समाज के धरोहर हैं और उन्हें तंबाकू से दूर रहने की जरूरत है। जिला परामर्शी के द्वारा बताया गया कि पंचायत को तंबाकू मुक्त कैसे किया जाना है। अखिलेश कुमार जिला कार्यक्रम समन्वयक (यक्ष्मा) के द्वारा टीबी रोग के लक्षण और ईलाज के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रमुख मंजू देवी ने कहा कि बच्चे नशे से दूर रहें इसके लिए अभिभावकों को ध्यान देने की जरूरत है अभिभावक को बच्चों की गति गतिविधि पर ध्यान देने की जरूरत है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से उप प्रमुख खुशबू देवी, मुखिया कोयल देवी, कल्याणी देवी, रामदेव यादव, पंचायत समिति सदस्य आकांक्षा कुमारी, प्रिया प्रियंका और अन्य उपस्थित हुए।

## अवैध कोयला लदे वाहन जब्त

**सतगावां (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के नासरगंज स्थित चेकपोस्ट के समीप मंगलवार की रात्रि वाहन चेकिंग के क्रम में सतगावां पुलिस ने पिकअप वाहन पर अवैध रूप से लदे कोयला के साथ चालक को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में बासोडीह से नवादा की ओर जा रही पिकअप वाहन को पुलिस ने चेकपोस्ट के समीप पिकअप वाहन संख्या जेएच 02 बीएफ 4426 को रोकने का इशारा किया गया। पिकअप वाहन की जब जांच की गयी तो वाहन पर लगभग 3 टन अवैध रूप से कोयला लदा था। पुलिस के द्वारा वाहन चालक से कागजात मांगा गया जहां वाहन चालक ने कोई भी कागजात नहीं दिखाया गया। गिरफ्तार चालक की पहचान गिरिडीह जिले के जमुआ थाना क्षेत्र के धुरपहाड़ी गांव निवासी श्यामू उर्फ श्याम साव पिता खूबलाल साव के रूप में की गयी है। वाहन जांच अभियान में सतगावां थाना से प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना प्रभारी दिवाकर कुमार, एसआई मनोज चौताम्बा अपने दलबल के साथ मौजूद थे।

## जनजाति सुरक्षा मंच ने दिया धरना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जनजाति सुरक्षा मंच ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया। इसके बाद उपायुक्त कोडरमा को मुख्यमंत्री के नाम एक मांग पत्र भी सौपा गया है जिसमें बताया गया है कि पिछले कई वर्षों से अनुसूचित जनजाति के लोग धर्म परिवर्तन करते हुए दूसरे धर्म को अपना रहे हैं ऐसे में संविधान में अनुसूचित जनजाति को मिलने वाला हक उन्हें नहीं मिल रहा है और दूसरे धर्म को अपनाने वाले लोग इसका लाभ ले रहे हैं अनुसूचित जनजाति से दूसरे धर्म में जाने वाले लोगों को अनुसूचित जनजाति के नाम पर आरक्षण का लाभ लेने से रोकने के लिए 50 वर्ष पूर्व जनजाति नेता और लोकसभा के सदस्य स्वर्गीय कार्तिक उरांव के द्वारा 235 सांसदों का सामूहिक हस्ताक्षर युक्त एक आवेदन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को सौंप कर कार्रवाई की मांग की गयी थी। जिस पर आज तक कोई निर्णय नहीं लिया गया पत्र के माध्यम से उन्होंने धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों के द्वारा अनुचित रूप से अनुसूचित जनजाति आरक्षण का लाभ लेने पर कार्रवाई और इस पर रोक लगाने की मांग की है।

# छात्र मुर्गा नहीं बना तो शिक्षक ने किया स्कूल से बाहर, अभिभावकों में आक्रोश

धीरज पुरी



**दारू/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेडकुरी में बुधवार को नवम कक्षा के छह से आठ विद्यार्थियों को विद्यालय मे गैरहाजिर रहने के कारण कक्षा में बच्चों को लंबे समय तक खड़ा किया गया। शिक्षक ने मुर्गा बनने को कहा, इतने पर भी मन नहीं भरा तो शिक्षक ने विद्यालय से बाहर निकालकर उसे घर भेज दिया। घर जाकर बच्चों ने इस बात की जानकारी अपने अभिभावक को दिया। इस मामले को जानकर अभिभावक नाराज हो गये और ऐसे में धीरे-धीरे मामला बढ़ता गया जब इसकी जानकारी बच्चों के गार्जियन को मिला तो विद्यालय प्रबंधन से सवाल जवाब किया गया जिसमे उन्होंने कहा यदि बच्चा गलती किया है और उसकी अनुपस्थिति अधिक है तो उसे इस तरह बीच स्कूल से निकाल कर बाहर भेजना उचित नहीं है ऐसे में कोई बड़ी घटना भी हो सकता था तो इसकी जवाब देही कौन लेता। प्रत्यक्षदर्शी महादेव तुरी ने कहा कि उत्क्रमित उच्च विद्यालय मेडकुरी के कक्षा नौ में उसका बच्चा पढ़ता है। वह अपने घर से झुमरा की ओर जा रहा था इस बीच मैं स्कूल के बाहर 6 से 8 बच्चों को बाहर खड़ा देखा, जब मैंने इनसे पूछा की क्यों खड़े हो तो बच्चों ने कहा कि मेरी उपस्थिति लगातार नहीं होने के कारण लंबे समय तक खड़ा किया गया उसके बाद मुर्गा बनने को कहा गया जब मैंने ऐसा नहीं किया तो मुझे घर भेज दिया गया और कहा गया कि अपने माता-पिता के साथ ही स्कूल आना है। कक्षा में बच्चों को लंबे समय खड़ा कर दिया जाता है फिर बाहर किया जाता है ऐसे में यदि कोई अनहोनी या कोई हादसा हो जाय तो इसका जिम्मेवार कौन होता, यदि इसकी सूचना दूसरे बच्चों के द्वारा भी हमलोगों को भेजा जाता तो हम लोग जरूर आते। इस तरह बच्चों को निकाल देना सही नहीं है। मेडकुरी पंचायत के मुखिया भोला तुरी ने कहा की पढ़ाई में बच्चों को डराना सही है पर बच्चों की उपस्थिति दर्ज कर उसे बाहर निकाल देना सही नहीं।

प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी नागेश्वर सिंह ने कहा कि इस मामले की जानकारी मिली है जल्द ही इस मामले की जांच कर दोषी पाये जाने पर उचित कार्रवाई की जायेगी

विद्यालय प्रबंधक के प्रभारी **शिक्षक जाकिर हुसैन ने कहा:** जो बच्चे प्रतिदिन विद्यालय नहीं आ रहें थे उन्हें कारण के साथ आवेदन लिखकर जमा करना आवश्यक था। नवम कक्षा के छह विद्यार्थी आवेदन भी जमा नहीं किये और शिक्षक के साथ अकड़ कर बात कर रहें थे, ऐसे में दूसरे बच्चों का माहौल खराब हो जाता है इसलिए ऐसे बच्चों को विद्यालय से भेजा गया और अपने माता-पिता के साथ आने को कहा गया।

**शिक्षिका बंटी कुमारी:** ने कहा कि नवम कक्षा के 6 से 8 विद्यार्थी अपनी कक्षा में अधिक अनुपस्थित रहते हैं और कारण के साथ आवेदन जमा करने कहा गया तो वे अकड़ कर बात करते है इसलिए इन बच्चों को मैंने डराने के लिए मुर्गा बनने को कहा बच्चे मेरा बात नहीं मान रहे थे जिसके कारण मैं अपना क्लास छोड़कर ऑफिस आयी उसके बाद इन बच्चों को अपने माता-पिता के साथ स्कूल आने को कहा गया।

## चानो विद्यालय के प्रधानाध्यापक को दी गयी विदाई

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चानो के प्रधानाध्यापक नागेंद्र कुमार सेवा निवृत होने के बाद विद्यालय प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह की अध्यक्षता प्रभारी शिक्षक द्वारिका महतो और संचालन सहायक अध्यापक सत्येंद्र कुमार महतो ने की। इस अवसर पर सेवा निवृत्ति शिक्षक नागेंद्र महतो ने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत नौकरी से सेवा निवृत्त होना तो स्वाभाविक है। नौकरी के दौरान घर, परिवार और रिश्तेदारों से दूर होकर प्रखंड, जिला, राज्य और देश की सेवा लगे रहते हैं। लेकिन अब पूरा समय घर, परिवार और रिश्तेदारों के बीच देने का अवसर प्राप्त होगा। महतो को फूल माला पहनाकर और शॉल ओढ़ाकर विदाई दी गयी। साथ ही साथ विद्यालय परिवार द्वारा कई प्रकार का उपहार से भी सम्मानित किया गया। मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर महतो की धर्मपत्नी रंजू कुमारी, शिक्षक देवकी महतो, लखेश्वर महतो, रविंद्र कुमार, नागेंद्र कुमार, मोतीलाल गंझु, अरविंद कुमार, रोहित कुमार, राकेश कुमार, एनिमेट टोपो, योगेश्वर महतो, देवनारायण राम, प्रभु दयाल बेदिया, नागेंद्र करमाली, चमेली देवी, बचनी देवी, लखेश्वर महतो, बैजनाथ महतो, सेविका सपना देवी, ग्रामीण कैलाश महतो, नारायण कुमार, प्रेमचंद महतो, उमाशंकर महतो, कमलेश महतो, रूपलाल महतो, शीला देवी, विश्वनाथ कुमार, राहुल कुमार, पारस नाथ महतो, केटर महतो, बैजनाथ महतो, अनिल कुमार, विमल कुमार, प्रदीप कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्राएं और अभिभावक उपस्थित थे।

## बेनेली कीवे के एक्सक्लूसिव शोरूम का हजारीबाग में हुआ उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** बेनेली कीवे इंडिया ने हजारीबाग में अपनी नयी डीलरशिप का उद्घाटन किया। डीपीएम ऑटोमोबाइल्स ने हजारीबाग एरोड्राम के नजदीक मनोकामना होटल के सामने आधुनिक शोरूम खोला है।

मैसर्स डीपीएम ऑटोमोबाइल्स के बैनर तले लॉन्च की गयी इस 3एस सुविधा दामोदर प्रसाद, डीलर प्रिंसिपल, बेनेली, कीवे-हजारीबाग द्वारा किया जायेगा। इस नये आउटलेट के साथ बेनेली, कीवे इंडिया ने देश भर में अपने टचपॉइन्ट्स के नेटवर्क को और भी सशक्त बना लिया है। इस डीलरशिप में बेनेली की सुपरबाइकों की रेंज तथा हाल ही में लॉन्च की गयी हंगेरियन मार्की कीवे को पेश किया जायेगा। शोरूम में मर्चेन्डाइज और एक्सेसरीज की आकर्षक रेंज भी डिस्प्ले पर रखी जायेंगी। उद्घाटन के अवसर पर विकास झबख, मैनेजिंग डायरेक्टर, बेनेली, कीवे इंडिया ने कहा की देश भर में अपने उपभोक्ताओं के साथ जुड़ने के लिए हम तेजी से अपने डीलरशिप नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। दामोदर प्रसाद, डीलर प्रिंसिपल, बेनेली, कीवे, हजारीबाग ने कहा की बेनेली, कीवे इंडिया के साथ साझेदारी करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। हमें उम्मीद है कि अपने उपभोक्ता उन्मुख दृष्टिकोण के साथ हम उन्हें आसान सेल्स और सर्विस के साथ प्रीमियम अनुभव प्रदान कर सकेंगे। नये लॉन्च किये गये शोरूम में बेनेली, कीवे प्रोडक्ट्स की संपूर्ण रेंज को डिस्प्ले किया गया है। बेनेली रेंज में 500 सीसी सेगमेन्ट में 4 मॉडल्स शामिल हैं। जिसकी कीमत रु 5.60 लाख से रु 6.50 लाख (सभी कीमतें एक्स-शोरूम) हैं।

इनमें शामिल हैं- लिओन्सिनो 500 (स्ट्रीट स्क्रैम्बलर), टीआरके 502(ग्राण्ड टूरर), टीआरके 502एक्स (एडवेंचर टूरर), 502सी (अरबन क्रूजर) हैं। मौके भर भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता, जीप चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, पूर्व जीप सदस्य बिनोद मेहता समेत कई गणमान्य उपस्थित थे।

## पूर्वी जिप सदस्य की पहल पर लगा तीन ट्रांसफार्मर

**इचाक (आजाद सिपाही)। पूर्वी जिप सदस्य रेणु देवी के पहल पर तीन ट्रांसफार्मर का उद्घाटन हुआ। बरका खुर्द में 100 केवी का ट्रांसफार्मर अतिरिक्त लगा, काला द्वारा में 63 केवी के जगह 100 केवी का ट्रांसफार्मर, डोय में 25 केवी का सिंचाई के लिए लगा ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया गया। जीप सदस्य रेणु देवी ने कहा कि किसी भी समस्या के लिए संपर्क करें, समस्या का समाधान बहुत जल्द किया जायेगा। बिचोलिया से बचे कहीं किसी तरह का कोई ट्रांसफार्मर लाने में पैसा नहीं लगता है, कुछ बिचोलिया क्षेत्र के आसपास मंडराते रहते हैं, ऑफिस खर्च के नाम पर 10 से 15 हजार वसूलते हैं जो यह कहीं नहीं लगता है। समाजसेवी अशोक मेहता ने कहा कि बिजली का प्रयोग नियमित तरीके से करें और बिल का भुगतान समय पर करते रहें, ताकि समय पर बिजली से किसी भी तरह का समस्या से जूझना न पड़े। मौके पर पूर्व मुखिया इंद्रदेव मेहता, पंचायत समिति सदस्य प्रदीप मेहता, गौतम कुमार, हीरामन मेहता, डॉ रामचंद्र मेहता, अमर कुमार, मनोज मेहता, रवि कुमार, खुशीलाल मेहता, महेश मेहता, उमेश मेहता, सरोज मेहता, श्याम मेहता समेंत कई ग्रामीण मौजूद रहे।**

# कांग्रेस पार्टी को छोड़ दर्जनों युवकों ने थामा आजसू का दामन

**पढ़े लिखे युवाओं का राजनीतिक में सक्रिय होना सामाजिक लड़ाई को मिलेगा गतिः रोशनलाल**

**वर्तमान झामुमो और कांग्रेस की सरकार में युवाओं को ठगने का काम कियाः पप्पू प्रसाद**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** प्रखंड के सांढ पंचायत भवन में आजसू पार्टी का मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा और संचालन वीरेंद्र कुमार ने किया। मिलन समारोह कार्यक्रम मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के युवा प्रखंड उपाध्यक्ष पप्पू प्रसाद मेहता ने अपने दर्जनों समर्थकों के साथ कांग्रेस को छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल। मिलन समारोह की बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी ने कहा कि पढ़े-लिखे युवाओं के आगे आने या राजनीति में सक्रिय होने से ही सामाजिक लड़ाई को गति दिया जा सकता है। आज के राजनीतिक में युवाओं की भागीदारी अहम हो गयी है आगे उन्होंने कहा कि बड़कागांव में इस बार परिवर्तन की लहर चल पड़ी है और 2024 में आजसू पार्टी बड़कागांव विधानसभा जीत कर बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र का कायाकल्प करने के लिए तैयार है। आगे उन्होंने कहा कि आज जो पार्टी हमेशा विकास की राजनीति करती है इसी का दिन है कि आज बड़गांव विधानसभा क्षेत्र में लगातार कांग्रेस पार्टी को छोड़कर लोग आजसू पार्टी से जुड़ रहे हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि जल्द ही बड़कागांव में पंचायत स्तरीय जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। कांग्रेस छोड़ आजसू पार्टी में शामिल होने वाले पप्पू प्रसाद मेहता ने कहा कि आजसू पार्टी के नीति सिद्धांत और केंद्रीय अध्यक्ष के कुशल नेतृत्व के कारण आज हम आजसू पार्टी में शामिल हो रहे हैं। वर्तमान में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की विकास की पहिया रुका हुआ है जिसको आजसू पार्टी और रोशन लाल चौधरी ही आगे ले जा सकते हैं। पार्टी में शामिल होने वालों में कांग्रेस पार्टी से मुख्य रूप से युवा प्रखंड उपाध्यक्ष पप्पू प्रसाद मेहता, अभय कुमार, अशोक कुमार महतो, दीपक कुमार, कृष्ण प्रजापति, रोहित ठाकुर, बबलू प्रसाद साव, महेंद्र कुमार, अरुण कुमार महतो, करू राणा ,केला महतो, संजय कुमार, संदीप कुमार, कैलाश महतो, देवनाथ महतो, गणेश भारती, रंजीत कुमार, उपेंद्र कुमार दांगी, वीरेंद्र कुमार, शंकर प्रसाद मेहता, ओमकार कुमार, मटुकधारी कुमार, दीनानाथ कुमार, वासुदेव महतो, योगेंद्र कुमार, कमलेश कुमार, अनिल कुमार, सहित दर्जनों सामिल हैं।

मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव नागेश्वर तूरी, केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा,राजा खान, प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा, उपेंद्र दांगी, गीरेंद्र प्रसाद ,सुरेश दांगी, तुलेश्वर राम, महेंद्र विश्वकर्मा, अजीत कुमार, तपेश्वर तापस, संजय कुमार, कामेश्वर महतो, मोहम्मद आवेश, लीलारधन साहू शामिल रहे।

## झरपो पंचायत के पूर्व मुखिया का निधन



**टाटीझरिया/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत झरपो पंचायत के पूर्व मुखिया सह उचित नारायण उच्च विद्यालय के अध्यक्ष किशुन महतो के निधन से परिजनों सहित क्षेत्र में शोक की लहर दौड पड़ी है। स्व महतो पुर्व में इचाक प्रखंड के तत्कालीन अखंड झरपो पंचायत के मुखिया थे। पूर्व मुखिया लंबे समय से अस्वस्थ्य थे। अपने पीछे तीन बेटे, नाती, पोता, दो बेटियों को छोड़कर चले गये। उन्होंने झरपो पंचायत में तीसरे मुखिया पद पर कार्य किया। इनकी मृत्यु पर उचित नारायण उच्च विद्यालय परिवार की ओर से विद्यालय परिसर में शोक सभा कर दो मिनट का मौन रखा गया और विद्यालय में अवकाश कर दिया गया। शोक व्यक्त करने वालों में राजेंद्र प्रसाद, प्रकाश प्रसाद, सुरेश प्रसाद, छोटे भाई बालेश्वर महतो, सरयू प्रसाद, अजय कुमार, बिक्की कुमार, अनिल कुमार, संजय कुमार, नंदू महतो, कांशी महतो दशरथ नारायण सिंह, दयाल प्रसाद, छोटन कुमार, नंदकिशोर प्रसाद, अशोक प्रसाद सहित पंचायत के गणमान्य शामिल हैं।

## चलो गांव की ओर कार्यक्रम को लेकर बैठक



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पुर्वी उरीमारी मंडल की बैठक मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो की अध्यक्षता और महामंत्री दिनेश करमाली के संचालन में हरली विवाह मंडप में की गयी। बैठक में प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल के सभी 11 पंचायतों में चलो गांव की ओर अभियान के तहत दीवाल में स्लोगन लेखन का कार्य 1 फरवरी से 5 फरवरी तक करने का लक्ष्य रखा गया, जिसमें पंचायत प्रभारी, संयोजक, सहसंयोजक और बुथ कमेटी सदस्यों समेत पंचायत के कार्यकर्ता शामिल होंगे। साथ ही साथ पार्टी के द्वारा कई अन्य कार्यक्रमों को लेकर विशेष जानकारी दी गयी जिसे कार्यकर्ताओं ने तन, मन, धन और समर्पित भाव से करने का संकल्प लिया और बुथ सशक्तिकरण को लेकर प्रत्येक पंचायत में जल्द से जल्द बैठक करने का निर्णय लिया गया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, महामंत्री दिनेश करमाली, सुमन गिरी, उपाध्यक्ष किशोर राणा, देवंती देवी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भुपाल स्वर्णकार, एस सी मोर्चा अध्यक्ष अकल मुंडा, मंत्री कृष्णा गुप्ता, सचिदानंद पांडेय, भगीरथ ठाकुर, दिनेश्वर कुमार, कार्तिक उरांव, तुलसी महतो, जगरनाथ महतो, गणेश कुमार, छत्रपाल कुमार, कार्तिक महतो, रफीक अंसारी, फुलचंद बेदिया, जागेश्वर कुमार, श्याम प्रसाद गुप्ता, चिंतामणि महतो, सुरेश महतो समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खेलकूद से होती है शारीरिक विकास में वृद्धिः मुखिया



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बरकट्ठा दक्षिणी पंचायत अंतर्गत ग्राम कोनहरा कला में सीआरपीएफ क्लब के तत्वावधान में आइपीएल के तर्ज पर आयोजित केपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन किया गया। फाइनल मैच आरसीए बनाम सुपर स्ट्राइकर के बीच खेला गया। सुपर स्ट्राइकर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी ली वहीं पहले बल्लेबाजी करते हुए आरसीए की टीम ने बारह ओवर में सात विकेट खोकर 107 रन बनाया। वहीं सुपर स्ट्राइकर की टीम ने निर्धारित ओवर में नौ विकेट खोकर 103 रन ही बना पायी। टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले आशीष कुमार को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। विजेता और उपविजेता टीम को मुखिया अब्बास अंसारी ने पुरस्कृत किया। मौके पर मुखिया ने कहा कि युवाओं को खेल प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। खेलकूद से शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास होता। मौके पर ईश्वर यादव, जीवन यादव, बरजु पासवान, जहीर अंसारी, शहनवाज अंसारी, मुकेश यादव, राजु यादव, समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी को दी गयी विदाई



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ सीएचसी के तहत टाटीझरिया में पदस्थापित पर्यवेक्षक शिवशंकर पांडेय सेवानिवृत हो गये। सीएचसी विष्णुगढ़ में समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दी गयी। मौके पर उपस्थित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने उनकी कार्यशैली की प्रशंसा की कहा विष्णुगढ़ सीएचसी को जिला स्तर पर मिला अव्वल दर्जा, पांडेय जैसे स्वास्थ्य कर्मीयो की मेहनत और लगन से की गयी ड्यूटी का फलाफल है। उन्होंने कहा छेत्र में कई बार डायरिया का प्रकोप हुवा था जिसके रोकथाम में हम जैसे चिकित्सकों को स्वास्थ्य कर्मी पांडेय का भरपूर सहयोग मिला जिससे कई प्रभावितों की जाने बच गयी और रोग से मुक्त होने में रोगियों को सहूलियत हुई। इनकी जितनी प्रशंसा की जाये कम होगी। पांडेय ने विभागीय से लेकर स्वास्थ्य कार्यो को करने मे कभी शिकायत का मौका नहीं मिला यह सबसे बड़ी बात है। चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों ने भी पांडेय के कार्यो और सहयोगात्मक रवैये की प्रशंसा की। सबो ने उनके बाकी के जीवन सुखमय होने की कामना की। उन्हें वस्त्रादि भेटकर विदाई दी गयी। मौके पर डॉ मोहम्मद शहबान, डॉ विनय कुमार पांडेय, डॉ जफर हसन, डॉ एफ होरो, डॉ शिवानी सिंह, डॉ रविशंकर प्रसाद, प्रशांत कुमार, बीपीएम पुष्पा श्रीवास्तव, लेखा प्रबंधक प्रमोद कुमार, परमेश्वर पंडित के अलावा स्वस्थ्यकर्मी और सहिया उपस्थित थे।

## एनटीपीसी ने बच्चों को दी साइकिल



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा बुधवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोरदाग में अध्ययनरत स्कूली बच्चों के बीच 162 साइकिल उपलब्ध कराये गये। परियोजना ने पहले भी स्कूलो मे बैग का वितरण किया है। इस मौके पर गांव के मुखिया महेश प्रसाद साव और केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी मौजूद थे। परियोजना ने इसी महीने पहले भी उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय ,चट्टी बरियातु मे बच्चों को 80 साइकिल दिये थे। मौके पर अपर महाप्रबंधक पवन वसंतराव खांडवे, नीलमाधव स्वाईन, वरिष्ठ प्रबंधक, नवीन कुमार, दिवाकर मिश्रा ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## चतरा में चलाया पोस्ता उन्मूलन अभियान

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभुषण कुमार और प्रशिक्षु डीएसपी सह बशिष्ठ नगर थाना प्रभारी वसीम रजा के निर्देश पर बुधवार को संयुक्त रूप से पोस्ता उन्मूलन अभियान चलाया गया। इस दौरान हंटरगंज प्रक्षेत्र के अंतर्गत सरदम वन भूमि और गैर वन भूमि के अंदर अवैध ढंग से लगाये गये लगभग तीन एकड़ पोस्ता की खेती को ट्रैक्टर की सहायता से जोत कर विनिष्ट किये गये। पोस्ता की खेती करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस अभियान का नेतृत्व प्रभारी वनपाल पवन कुमार के द्वारा किया गया। अभियान में वनरक्षी तेयोफील बाड़ा, कपिलदेव मेहता, सुबोध सोनी और जोरी थाना पुलिस बल तथा चौकीदार को शामिल किया गया।

## शिक्षा के क्षेत्र में गुरुदेव डीएवी का बहुमूल्य योगदान: रोशनलाल चौधरी



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित गुरुदेव डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को विद्यालय का 19वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी ने फीता काटकर किया। विषय प्रवेश विद्यालय के निदेशक आरपी श्रीवास्तव ने कराया। मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा की यह विद्यालय वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहा है। उन्होंने कहा की विद्यालय ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेवारियों का भी ईमानदारी पूर्वक निष्ठा से निर्वहन किया है। समारोह में विद्यार्थियों रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर मुखिया ब्यास पांडेय, प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, इमरोज खान, सूरज करमाली, संतोष मिश्रा, सोनू साव, विश्वनाथ भुंइया उर्फ अजय, कामेश्वर मेहता, दिलीप महतो सहित दर्जनों अभिभावक और छात्र-छात्राएं मौजूद थें। समारोह को सफल बनाने में विद्यालय के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

## चलो गांव की ओर अभियान को लेकर बैठक




**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी भुरकुंडा मंडल में चलो गांव की ओर अभियान के तहत बुधवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता भुरकुंडा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा और संचालन महामंत्री अशोक सोनी ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि चलो गांव की ओर अभियान के रामगढ़ जिला संयोजक सह हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि नारायण चंद्र भौमिक, विशिष्ट अतिथि एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुमेल उरांव और युगल नायक, कार्यक्रम के संयोजक जगतार सिंह, अशोक सोनी, ज्योति सिंह, संतोष शर्मा, सुमन सिंह, प्रकाश नायक, शैलेंद्र कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थें। बताया गया की आगामी 4 से 10 फरवरी तक अभियान चलाकर भाजपा कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक पीएम मोदी द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजना के बारे में जानकारी देंगे। साथ ही किन-किन लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है या पहुंचाने की जरूरुत है की जानकारी लेंगे। बताया गया की आगामी 11 फरवरी को सभी बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जयंती मनाकर उन्हें श्रद्धा-सुमन अर्पित की जायेगी। मौके पर भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष अमरेश सिंह, राजन पाण्डेय, शंकर प्रसाद, महेन्द्र सिंह, अजय पासवान, राजेश गुप्ता, सुभाष दास, भोला कुशवाहा, राजु मल्होत्रा, यसबीर सिंह, देवकुमार सिंह, अखिलेश टोप्पो, जनार्दन सिंह, सत्यप्रकाश राय, सुरेंद्र यादव आदि मौजूद थें।

## इडी एक आदिवासी मुख्यमंत्री को परेशान करना बंद करे: संजीव बेदिया



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया और केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी और बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में बुधवार को पारंपरिक हथियार तीर धनुष और ढोल नगाड़े के साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से इडी के खिलाफ में आक्रोश रैली रांची में शामिल होने हजारों झामुमो कार्यकर्ता और संथाल समाज दिशोम मांझी परगना के कार्यकर्ताओं ने उरीमारी जरजरा चौक में एकजुट होकर शिबू सोरेन जिंदाबाद, हेमंत सोरेन जिंदाबाद, इडी हेमंत सोरेन को प्रताड़ित करना बंद करो, आदिवासी मुख्यमंत्री को बेवजह परेशान करना बंद करो जैसे नारों से आवाज बुलंद किया। इस अवसर पर संजीव बेदिया ने कहा कि झारखंड में जनता द्वारा चुनी हुई सरकार है जिसके मुखिया हेमंत सोरेन हैं। केंद्र सरकार के इशारे पर केंद्रीय एजेंसियां इडी मुख्यमंत्री को बेवजह परेशान कर रही है। जिसके विरोध में आज हम सभी झारखंड मुक्ति मोर्चा और संथाल समाज के कार्यकर्ता आक्रोश रैली में शामिल होने रांची कूच कर रहे हैं। आक्रोश रैली में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार सदस्य संजीव बेदिया, केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष हजारीबाग संजय करमाली, सूरज बेसरा, हेमंत भुईयां, मिडिया प्रभारी संजय राम, बिनोद हेंब्रम, शंकर साव, अजय करमाली, सहित हजारों झामुमो कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मुखिया ने गरीबों के बीच बांटे कंबल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पूर्वी पंचायत के पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि अशोक कुमार ने बुधवार को कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में क्षेत्र के जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच 50 कंबल का वितरित किया। मौके पर अशोक कुमार ने कहा कि बढ़ते ठंड को देख क्षेत्र वासियों के लिए कंबल का वितरण किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता के विकास को लेकर सदैव तैयार हूं। इस अवसर पर पर संयोगिता देवी, महेश महतो, ओमप्रकाश पटेल, प्रदीप राम, खेमलाल प्रसाद, झामो देवी, प्रेमचंद कसेरा, हुलसी देवी, नंदू महतो, छोटन महतो, अलीमुन निशा आदि मौजूद थे।

### वार्षिक माध्यमिक और इंटर परीक्षा को लेकर डीसी ने की बैठक

# पूरी पारदर्शिता और कदाचार मुक्त तरीके से करायें परीक्षाओं का आयोजन: डीसी

- माध्यमिक के लिए 52 और इंटर के लिए 40 केंद्रों पर आयोजित होगी परीक्षाएं
- माध्यमिक में 12648 और इंटरमीडिएट में 13020 अभ्यर्थी लेंगे परीक्षा में हिस्सा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी 6 फरवरी से शुरू होने वाली वार्षिक माध्यमिक और इंटरमीडिएट परीक्षा के शांतिपूर्ण और कदाचार मुक्त आयोजन के मद्देनजर बुधवार को डीसी चंदन कुमार ने जिला समाहरणालय के सभागार में केंद्र अधीक्षकों के साथ बैठक कर कई निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी नीलम शर्मा ने डीसी सहित बैठक में उपस्थित अन्य को जानकारी दी गयी कि इस वर्ष रामगढ़ जिले में माध्यमिक परीक्षा के लिए 52 परीक्षा केंद्रों पर 12648 और इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए 40 केंद्रों पर 13020 अभ्यर्थी परीक्षा में हिस्सा लेंगे। बैठक के दौरान डीसी ने सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके-उनके केंद्रों पर परीक्षाओं का आयोजन पूरी पारदर्शिता के साथ और कदाचार मुक्त तरीके से करने का निर्देश दिया। डीसी ने केंद्र अधीक्षकों के लिए जारी दिशा निर्देशों से संबंधित पुस्तिका को सभी केंद्र अधीक्षकों को अच्छी तरह से पढ़ लेने और किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर त्वरित रूप से उन्हें दूर कर लेने का निर्देश दिया। साथ ही सभी केंद्र अधीक्षकों को उनके परीक्षा केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।



### एसडीओ ने दुविधाओं को किया दूर

बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट के द्वारा परीक्षा के आयोजन को लेकर जारी दिशा-निर्देशों की जानकारी देने के क्रम में केंद्र अधीक्षकों की कई दुविधाओं को दूर किया गया। वहीं, अनुमंडल पदाधिकारी ने परीक्षा के आयोजन को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश भी केंद्र अधीक्षकों को दिये। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी, केंद्र अधीक्षकों, शिक्षकों सहित अन्य उपस्थित थे।

# संजय पांडेय की गिरफ्तारी को लेकर धरना-प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के तत्वावधान में सिमरिया अनुमंडल कार्यालय के समीप कर्बला मैदान में धरना प्रदर्शन किया गया। धरना की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जगदीश सिंह भोगता तथा संचालन जिला सचिव विजय सिंह भोगता ने किया। सिंघम होटल के समीप एकत्र होकर जुलस की शक्ल में आरोपी संजय पाण्डेय की गिरफ्तारी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए कर्बला मैदान में पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया गया और दुष्कर्म के आरोपी संजय पांडेय की गिरफ्तारी की मांग की गयी। साथ ही फास्ट ट्रैक कोर्ट गठन कर आरोपी को फांसी देने और पीड़ित परिवार को न्याय और सुरक्षा देने की मांग की गयी। धरना प्रदर्शन में महिलाएं हाथों में नारे लिखी हुई तख्ती लेकर जुलूस में चल रहे थे। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, रामनाथ गंझू, झलकु गंझु, प्रेम गंझू, अमृत भोगता, छोटु सिंह भोगता, सत्यनारायण गंझू, सहित कई लोगों ने संबोधित किया। संघ ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के अंदर गिरफ्तारी नहीं हुई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का काम करे अन्यथा चतरा जिला में बंदी किया जायेगा। संघ ने कार्यक्रम के अंत में सिमरिया एसडीपीओ को एक ज्ञापन सौंपा गया। केंद्रीय अध्यक्ष दर्शन गंझू, केंद्रीय उपाध्यक्ष रामनाथ गंझू, केंद्रीय सलाहकार झलकु गंझू, केंद्रीय प्रवक्ता देवनारायण गंझू, रांची जिला अध्यक्ष अमृत भोगता, लातेहार जिला अध्यक्ष प्रेम गंझू, महेश बाडी उपाध्यक्ष कामेश्वर भोगता, चतरा कोषाध्यक्ष रंजीत भोगता सदर प्रखंड अध्यक्ष मोहन गंझू, सिमरिया प्रखंड छोटू सिंह भोगता सिमरिया सचिव नामधारी गंझू छटू सिंह भोगता, उपेन्द्र भोगता, जगदीश भोगता, सत्यनारायण भोगता, बहादुर गंझू, योगेंद्र भोगता, सुरेंद्र भोगता, चंदु गंझू, नामधारी गंझू, भुवनेश्वर भोगता, प्रभात भोगता, लालजीत भोगता, कोलेश्वर गंझू, कामाख्या सिंह भोगता, गुलि गंझू, राजू भोगता, बैजनाथ भोगता, घनश्याम गंझू, मादी गंझू, सुनील भोगता, बिनोद गंझू, बासुदेव भोगता,केशों गंझू, सूरज गंझू, प्रकाश भोगता, होलाष गंझू, बिरजू भोगता,राजू भोगता, पूर्व मुखिया सारो देवी, कलावती देवी, सैरा देवी, रंजू देवी वैजयंती देवी, रोहिणी देवी, संगीता देवी, जसोदा देवी, बबीता देवी, रेखा देवी, मंजू देवी, आरती देवी, आसमानिया देवी, बबीता देवी, शांति देवी सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल थे।



# सेवानिवृत्त तीन सब इंस्पेक्टर को दी गयी विदाई

- पुलिस कर्मियों के बीच छलका आंसू
- सेवानिवृत्त एक पाठ, परिवार और सामाजिक जिम्मेवारी आगे है बड़ी: मंटू यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित पुलिस केंद्र रामगढ़ में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान समारोह में पुलिस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष सह सब इंस्पेक्टर विश्वामित्र सिंह, सब इंस्पेक्टर श्याम बाबू शाह और रामबृक्ष प्रसाद को सार्जेंट मेजर मंटू यादव ने माला पहनाकर, अंगवस्त्र और रामचरित्र मानस देकर उनके दीर्घायु होने की कामना की। मौके पर उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त के बाद पारिवारिक और सामाजिक जिम्मेदारी बढ़ जाती है। लोगों को चाहिए कि वह अब अपनों के बीच पहुंचकर उन्हें अपनी जिम्मेदारियों से अवगत करायें। साथ ही सेवानिवृत्त एक पाठ है परिवार की जिम्मेवारी आगे बड़ी है। इस दौरान विदाई समारोह में सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी को पुलिस एसोसिएशन के द्वारा अटैची और मोमेंटो देकर विदाई दी गयी। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी। वही, विदाई समारोह के दौरान कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों के बीच सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी को देख उनके आंखों के आंसू छलक गये। विदाई समारोह में पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह, सचिन उमेश शर्मा, उपाध्यक्ष भूतनाथ सिंह मुंडा, सब इंस्पेक्टर राजे कुमारी कुजूर, संजय नायक, जयप्रकाश शर्मा, सार्जेंट किशोर कुमार, सब इंस्पेक्टर रामप्रवेश शर्मा, यातायात प्रभारी विजय कुमार, लाइन बाबू राजीव रंजन, उदय यादव, राहुल सिंह, उपेंद्र कुमार, सामंत कुमार दास सहित कई पुलिस पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित थे।




# मौसम सेवा विभाग की इकाइयां फरवरी में हो रही बंद

- मार्च माह से किसानों को नहीं मिल सकेगा मौसम का पूर्वानुमान

दीपक कुमार

**मांडू (आजाद सिपाही)।** जिला के किसानों को मौसम की पूवार्नुमान, फसल सावधानियां मौसम आधारित कृषि सलाह व्हाट्सएप समूह द्वारा बताने के लिए वर्ष 2019 से संचालित जिला कृषि मौसम इकाइयां अब बंद होने जा रही है। इससे देश के 199 कृषि विज्ञान केंद्रों में संचालित इन इकाइयों को फरवरी में बंद कर दिया जायेगा। उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय मौसम विज्ञान विभाग ने सभी कृषि विज्ञान केंद्रों को पत्र भेजकर इसकी सूचना दे दी है। जबकि 17 जनवरी को 2024 को जिला कृषि विज्ञान केंद्र मांडू रामगढ़ को भी सूचना दी गयी है। सरकार के इस निर्णय के बाद देश में कार्यरत मौसम वैज्ञानिक और मौसम पर्यवेक्षक की नौकरी प्रभावित होगी। इधर सरकार के इस फैसले के बाद रामगढ़ जिला के किसानों में काफी मायूसी देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार कृषि मौसम सेवा के माध्यम से विभाग के द्वारा किसानों को पांच दिन पूर्व से ही मौसम में बदलाव की जानकारी मिल जाती थी। किसानों को स्थानीय स्तर पर जानकारी मिलने से किसान अपने फसलों को पूर्वानुमान के आधार पर बचाव के लिए तत्पर रहते थे। कृषि मौसम इकाई की स्थापना होने से जिला के किसानों को इससे काफी लाभ मिलता है। किसानों ने बताया कि मौसम की पूर्वानुमान से लेकर अपने फसलों में कब कितना दवाइयां और खाद का इस्तेमाल किया जाये इसकी सटीक जानकारी मिलती थी। अब केंद्र सरकार इस महत्वपूर्ण कृषि मौसम इकाइयों को बंद कर रही है, तो इसमें निश्चित रूप से किसानों को खेती करने में परेशानी होगी। जिला के हरि महतो, संतोष गंझू, कपिल गंझू, यशोदा देवी, सविता देवी आदि किसानों ने केंद्र सरकार से अपने निर्णय पर पुनः विचार करने की अपील की है। ताकि किसानों को लाभ मिल सके।



### यह योजना किसानों के लिए बहुत ही हितकारी सिद्ध हुई है

मौसम के पूर्वानुमान किसानों के लिए बहुत ही हितकारी सिद्ध होती थी। योजना को 2019 में देश के 199 कृषि विज्ञान केंद्रों में स्थापित की गयी थी। देश के अन्य सभी कृषि विज्ञान केंद्रों में विस्तारित करने की बात कही गयी थी। वर्तमान के 199 कृषि विज्ञान केंद्रों में इस योजना के तहत लगभग 400 मौसम वैज्ञानिक और मौसम पर्यवेक्षक कार्यरत है। जिनकी नौकरी इस योजना के बंद होने के कारण समाप्त हो जायेगी। सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना के तहत जिले के सभी किसानों को प्रखंडवार सप्ताह में दो बार मंगलवार और शुक्रवार को 5 दिन के मौसम पूवार्नुमान पर आधारित कृषि सलाह विभिन्न माध्यमों से किसानों तक पहुंचाई जा रही थी। जिसमें किसानों को मौसम में वर्षा का पूर्वानुमान, अधिकतम और न्यूनतम तापमान, आद्रता और हवा की दिशा और गति का पता भी चलता था। साथ ही मौसम में होने वाले अचानक परिवर्तन की गतिविधियों का भी विशेष बुलेटिन के तहत जानकारी पहुंचायी जा रही थी। मौसम पूर्वानुमान आधारित कृषि सलाह से किसानों के खेती में लागत कम करने और आमदनी बढ़ाने में इस योजना का महत्वपूर्ण योगदान है।

## पीवीयूएन ने बच्चों के बीच बांटे बैग



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय जयनगर कुमार टोली के बच्चों के बीच बुधवार को बैग और वाटर बोतल का वितरण पीवीयूएन सामुदायिक विकास कार्य स्कूल चले अभियान तहत दिया गया। इस मौके पर मुखिया हीरा देवी ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ने की बातें कहीं। इस मौके पर पीवीयूएन के संतोष कुमार निसांत चेतक राजबलम बिजेन्द्र मुंडा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मारवाड़ी महिला समिति ने किया लक्ष्मी सांवरिया का सम्मान



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी महिला समिति की सदस्या लक्ष्मी सांवरिया को भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्टैंड अप इंडिया के अंतर्गत श्री बालाजी बुटीक को महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट योगदान के लिए चयन किया गया है। उन्हें भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा दिल्ली आमंत्रित किया गया। साथ ही वित्त मंत्रालय के अधिकारियों के समक्ष उन्हें इस कार्य के लिए प्रमाण पत्र और मोमेंटो दिया गया। गणतंत्र दिवस पर कर्तव्य पथ पर आयोजित परेड में शामिल होने का सुअवसर प्रदान किया। लक्ष्मी सांवरिया की इस उपलब्धि के लिए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने अपने तथा अपनी समिति की तरफ से शुभकामनाएं प्रदान की। उनके आवास पर जाकर उन्हें समिति का अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। निशा जैन ने बताया लक्ष्मी सांवरिया की इस अभूतपूर्व उपलब्धि कर हमारी शाखा गौरवान्वित है। इस अवसर पर अरुणा जैन, प्रिया अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, रिद्धि जैन, रंजना मित्तल आदि शामिल थी।

## जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को सुदृढ़ करने को लेकर डीसी ने की घोषणा



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं सुदृढ़ करने को लेकर डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर कई पहल जिले में किये गये हैं। इसी क्रम में डीसी द्वारा नई घोषणा की गयी है। जिसके उपरांत डीएमएफटी के माध्यम से प्रत्येक वर्ष रामगढ़ जिले को प्राप्त होने वाले राजस्व में से एक माह के राजस्व को स्वास्थ्य और एक माह के राजस्व को शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के लिए खर्च करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए डीसी ने संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ जिले वासियों से भी अपने-अपने सुझावों से जिला प्रशासन रामगढ़ को अवगत कराने की अपील की है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ इसे लेकर चर्चा के क्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंद बच्चों के लिए लाइब्रेरी सुविधा उपलब्ध कराने, विभिन्न विद्यालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, विद्यालयों के जीर्णोद्धार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न सुविधाओं सहित जिले में प्राथमिकता के आधार पर जरूरी विकास कार्यों को चिन्हित कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। गौरतलब हो कि जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा हाल ही में शिक्षा के क्षेत्र में दो बड़े पहल किये गये हैं, जिसमें पहला सरकारी विद्यालयों में आयोजित होने वाले वार्षिक परीक्षाओं में कक्षा 5 तक के बच्चों को ट्रॉफी और कक्षा 12वीं तक के बच्चों को ब्लेजर से सम्मानित करना है। वहीं, दूसरी घोषणा वार्षिक परीक्षा में जिले के तीन सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों के सभी शिक्षकों को सम्मानित करते हुए उन्हें ब्लेजर प्रदान करना है।

## जिप सदस्य ने बिना सूचना दिये तालाब निर्माण शिलान्यास करने का लगाया आरोप



**कुजू (आजाद सिपाही)।** मांडू प्रखंड भाग संख्या तीन के जिला परिषद सदस्य दयामंति देवी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर क्षेत्र के विकास कार्यो को लेकर किये गये अनुसंशा की जानकारी दी है। साथ ही, अनुसंशा किये गये कार्यों को जन प्रतिनिधियों द्वारा बिना सूचना के ही कुजू दक्षिणी पंचायत के कुंदरिया में परकोलेशन टैंक (तालाब) निर्माण शिलान्यास किये जाने पर आरोप लगाते हुए रोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा है कि भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी हजारीबाग-रामगढ़ के तहत कुजू दक्षिणी पंचायत के कुंदरिया आदिवासी टोला में परकोलेशन टैंक (तालाब) निर्माण, दशाराम मांझी, सीता टुडू के भूमि में तालाब निर्माण, बुमरी पंचायत के राजू बेदिया के भूमि में तालाब निर्माण, बड़का चुंबा पंचायत के अरविंद प्रसाद के भूमि में डीप बोरिंग लेकर अनुसंशा किया गया है। उन्होंने कहा कि अखबारों में छपी खबर के माध्यम से मुझे जानकारी मिला कि कुजू दक्षिणी पंचायत के कुंदरिया में परकोलेशन टैंक (तालाब) निर्माण किया जा रहा है। जिसकी अनुसंशा मेरे द्वारा किया गया और मुझे ही इसकी जानकारी नहीं दी गयी है। मुझे संदेह है कि इस कार्य में इंजीनियर और दलाल किस्म के लोग मिलकर अनियमितता बरतेंगे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों से अनुरोध करते हुए कहा कि मेरे द्वारा अनुशंसा किये गये योजनाओं में मुझे सूचना दिये बगैर ही कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कार्यों की जांच की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि जनता के विकास के लिए मैं हमेशा तत्पर हूं।

## गाड़ीलौंग और टंडवा में विद्युत शव दाह और लकड़ी के डिपो का निर्माण हो: विधायक



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा प्रखंड औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित होते हुये एक दशक हो गया। लोगों के लिये एक सुविधा का बड़ी प्रश्न खड़ा करता रहा है वह है मुक्ति धाम की समस्या, आज तक टंडवा और गाडीलौंग में पार्थिव शरीर को अंत्येष्ठि के लिये कोई व्यवस्था नही है। इस बड़ी समस्या के लिये सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने क्षेत्र की जनता की मांग पर चतरा उपायुक्त को पत्र के माध्यम से मांग किया है की टंडवा और गाडीलौंग के श्मशान घाटों में सरकारी लकड़ी का डिपो और डीएमएफटी मद द्वारा विधुत शव दाह का अविलंब निर्माण कराने की बात पत्र में बताया है।

# विकास ठीक, पर रोजगार भी तो बढ़ना चाहिए

अंतरिम बजट से पहले सरकार की ओर से जारी की गयी रिपोर्ट 'इंडियन इकोनॉमी-ए रिव्यू' में यह उम्मीद जतायी गयी है कि भारत 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर और 2030 तक सात ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जायेगा। रिपोर्ट में इसे हासिल होने लायक लक्ष्य बताते हुए उन चीजों का जिक्र किया गया है, जो इसे मुमकिन बना सकते हैं। रिपोर्ट में छिपे सकारात्मक नजरिये की सराहना करते हुए भी कुछ अहम बिंदुओं पर ध्यान देना जरूरी है, जो इस तरह के लक्ष्य के साथ जुड़े हैं। दुनिया के बड़े देशों में भारत को सबसे तेज इकोनॉमी का दर्जा हासिल है। लेकिन ध्यान देने की बात यह है कि तेज विकास दर के बावजूद रोजगार के मोर्चे पर खास प्रगति नहीं हुई है। आज भी युवा बेरोजगारी का स्तर 40 फीसदी तक बताया जाता है। यह स्थिति गंभीर इसलिए भी है कि यह तेज विकास दर के फायदों को सीमित करती है। जाहिर है, विकास दर को जारी रखने या और तेज करने के प्रयासों के साथ उसे रोजगारोन्मुख बनाने पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

**इस साल देश में चुनाव होने हैं। चुनाव से पहले मोदी सरकार अपना अंतरिम बजट पेश करेगी। अंतरिम बजट से पहले सरकार की तरफ से जारी रिपोर्ट में देश की आर्थिक सेहत के संबंध में कई लक्ष्यों का जिक्र किया गया है।**

खपत के मोर्चे पर चुनौती अभी बनी हुई है। जानकारों के मुताबिक प्राइवेट फाइनल कंजंप्शन एक्सपेंडिचर (पीएफसीइ) मौजूदा वित्तीय वर्ष में 5.2 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह वृद्धि 7.5 फीसदी थी। यह महत्वपूर्ण इसलिए है कि भारत की अर्थव्यवस्था में खपत का योगदान 60 प्रतिशत है। लेकिन आबादी के निचले आधे हिस्से के हाथ में इतना पैसा नहीं बच रहा है कि वह खुलकर खर्च कर सके। अगर यह तबका खर्च बढ़ायेगा, तो उससे उत्पादन और सेवाओं की मांग बढ़ेगी। लिहाजा नये रोजगार पैदा होंगे और तेज विकास का चक्र पूरा होगा।

एक बड़ी चुनौती यह भी है कि निजी पूंजी निवेश में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। कोविड-19 के बाद विकास दर में जो बढ़ोतरी देखने को मिली और इकोनॉमी नये सिरे से उठ खड़ी हुई, उसके पीछे सरकार द्वारा किये गये निवेश की ही प्रमुख भूमिका रही है। लेकिन निजी निवेश में रिवाइवल के बगैर विकास की तेज रफ्तार का टिके रहना मुश्किल होगा। इसलिए इस ओर अभी से ध्यान देना जरूरी है।

कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन में गिरावट लगातार चिंता की बात बनी ही हुई है। खराब मानसून की वजह से पिछली तिमाही (जुलाई-सितंबर) में कृषि क्षेत्र की वृद्धि घट कर 1.2 फीसदी पर आ गयी, जो उससे पहले की तिमाही (अप्रैल-जून) में 3.5 फीसदी थी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में खपत कमजोर होने की एक वजह यह भी है।

श्रम शक्ति में महिलाओं की कम भागीदारी आर्थिक ही नहीं, सामाजिक और अन्य दृष्टियों से भी चिंता की बात है। इस मामले में हम पड़ोस के बांग्लादेश और पाकिस्तान से भी पीछे हैं। ध्यान रहे, विश्व बैंक का कहना है कि महिलाओं की श्रम शक्ति में भागीदारी बढ़ाकर वृद्धि दर में 1.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी की जा सकती है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वह शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं, ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले।**

# निराशा को आशा में बदलने की खिड़की है 'परीक्षा पे चर्चा'

ललित सिंह



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा 'परीक्षा पे चर्चा' के दौरान दिया गया उद्बोधन एवं गुरु मंत्र छात्रों के लिए ऐसा आलोक स्तंभ है, जो भविष्य की अजानी राहों एवं परीक्षा के जटिल क्षणों में पांव रखते समय उस आलोक को साथ में रख लिया गया, तो उनके मार्ग में कहीं भी अवरोध, तनाव एवं संकट नहीं आ सकेगा, क्योंकि मोदी के ये गुरुमंत्र उनकी समर्थता, सिद्धता, अनुभव एवं साधना से उपजे हैं, जो छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों के लिए भी रामबाण औषधि की तरह हैं।

बोर्ड परीक्षाओं को लेकर छात्रों के अंदर डर और तनाव दोनों होता है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बच्चों के भीतर से इस डर और तनाव को समाप्त करने के लिए हर साल 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम करते हैं। इस वर्ष भारत मंडपम, आइटीपीओ, नयी दिल्ली में हुए इस अनूठे एवं प्रेरक कार्यक्रम में जहां तकरीबन चार हजार छात्रों ने हिस्सा लिया, वहीं लगभग 2.26 करोड़ रजिस्ट्रेशन हुए थे, जो एक रिकॉर्ड है। यह 'परीक्षा पे चर्चा' का सातवां संस्करण था, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने बातचीत करते हुए परीक्षाओं को तनाव का कारण न बनने देने की सीख दी। इस विलक्षण प्रयोग एवं उपक्रम में छात्रों ने अपनी जिज्ञासाओं के पंख खोले। वे परीक्षा से जुड़े अनेक संदेहों, शंकाओं एवं डर को लेकर यहां आये, लेकिन लौटते समय उन चेहरों पर संतोष की झलक थी। उन्होंने कुछ अद्भुत या मौलिक, समाधानकारी एवं प्रभावी पाया या नहीं, लेकिन जितना पाया, वह उनकी उम्मीद से अधिक था। वे ही नहीं, भारत के असंख्य छात्रों एवं परीक्षार्थियों के लिए यह आयोजन नवऊर्जा एवं नयी दिशाओं के उद्घाटन का माध्यम बना है, जहां से छात्रों के जीवन में व्यापक परिवर्तन, उत्साह एवं जिजीविषा की ज्योति प्रज्ज्वलित हुई है।

**विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं।**

प्रधानमंत्री इस बात को बखूबी समझते हैं कि पढ़ाई और परीक्षा का तनाव छात्रों के लिए अभिशाप है। वे शिक्षा के स्तर को तो सुधार ही रहे हैं, लेकिन 'परीक्षा पे चर्चा' के माध्यम से छात्रों का मनोबल भी बढ़ा रहे हैं, ताकि परीक्षा तनावमुक्त हो और मोदी के गुरु मंत्रों का सीधा फायदा छात्रों को मिले। 'परीक्षा पे चर्चा' की विशेषता यह है कि इससे जुड़े प्रतिभागी किसी खास वर्ग, क्षेत्र, उम्र, जाति या धर्म के न होकर भारत के सभी राज्यों से लेकर विदेश तक के जूनियर और सीनियर कक्षाओं के विद्यार्थी के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी होते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के संवाद की व्यापकता विद्यार्थियों द्वारा पूछे प्रश्नों के उत्तर में अपनी बात को केवल परीक्षा तक ही सीमित न कर उसे जीवन से जोड़ देती है। विद्यार्थी जीवन में आने वाली अनेक समस्याएं प्रायः किसी न किसी रूप में जीवन के दूसरे पड़ाव में भी जरूर आती हैं।

नरेंद्र मोदी के शब्दों का जादू और भारत की शिक्षा को ऊंचाई तक ले जाने की तड़प ने एक-एक छात्र एवं शिक्षक को भीतर तक हिला दिया। इस अभिक्रम को देख कुछ लोग तो आश्चर्य में डूब गये, क्योंकि मोदी ने शुरुआत में ही कहा कि छात्र पहले से कहीं अधिक नवोन्मेषी हो गये हैं, इसलिए यह कार्यक्रम उनके लिए भी एक परीक्षा की तरह है। उन्होंने माता-पिता से कहा कि आपको किसी बच्चे की तुलना किसी दूसरे से नहीं करनी चाहिए, क्योंकि यह उसके भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। कुछ माता-पिता अपने बच्चे के 'रिपोर्ट कार्ड' को अपना 'विजिटिंग कार्ड' मानते हैं, यह ठीक नहीं है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि प्रतिस्पर्धा और चुनौतियां जीवन में प्रेरणा का काम करती हैं, लेकिन प्रतिस्पर्धा स्वस्थ होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने प्रेरणा, आत्मविश्वास, एकाग्रता, आशा, उत्साह, समय और तनाव प्रबंधन आदि ऐसे अनेक विषयों पर बोला, जो विद्यार्थी से लेकर आम व्यक्ति के जीवन को रोशन करने के लिए जरूरी है।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के दौरान मोदी से सवाल हुआ कि छात्रों को प्रेरित करने में शिक्षकों की क्या भूमिका होनी चाहिए और छात्रों को किस तरह से तनावमुक्त रखना चाहिए? मोदी ने कहा कि किसी भी शिक्षक और छात्र के बीच परीक्षा को लेकर सिर्फ नाता नहीं होना चाहिए। अगर ऐसा है तो उसे ठीक करने की जरूरत है। शिक्षक और छात्र का नाता पहले दिन से ही निरंतर प्रगाढ़ता से बढ़ते रहना चाहिए। अगर ऐसा होता है, तो परीक्षा के दिनों में तनाव की नौबत ही नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों के तनाव को कम करने में शिक्षक की अहम भूमिका होती है। इसलिए शिक्षक और छात्रों के बीच हमेशा सकारात्मक रिश्ता रहना चाहिए। शिक्षक का काम सिर्फ जॉब करना नहीं, बल्कि जिंदगी को संवारना है, जिंदगी को सामर्थ्य देना है, यही परिवर्तन लाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक को सिलेबस से आगे बढ़कर छात्रों से संग रिश्ता बनाना चाहिए। इसी से छात्रों के उन्नत, सक्षम, प्रखर एवं चरित्रसंपन्न जीवन की संभावनाओं का धरातल मजबूत होगा और इसी से वे वर्चस्वी और यशस्वी बनेंगे, उनकी रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतिभा निखरेगी। संभवतः इसी से सशक्त भारत एवं विकसित भारत का सपना आकार ले सकेगा।

ग्रामीण छात्रों की पसंद विज्ञान एवं तकनीकी विषयों की बजाय आर्ट्स विषय ही होना, शिक्षा के प्रति उपेक्षा एवं शिक्षकों की उदासीनता को ही दर्शा रहा है। समस्या गणित या भाषा नहीं है, ग्रामीण क्षेत्रों की पढ़ाई में यह पिछड़ापन अपने देश के लिए कोई नयी बात नहीं। यह चुनौती बड़ी इसलिए है कि नवीन शिक्षा नीति घोषित होने के बावजूद स्कूली पढ़ाई की नियमित प्रक्रिया में इसका इलाज नहीं तलाशा गया है। जाहिर है, विशेष प्रयास करने पड़ेंगे, ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों में शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी, अन्यथा दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनने की राह पर बढ़ रहे देश के लिए यह चुनौती एक अंधेरा ही है। इसके लिए शिक्षकों एवं छात्रों के रिश्ते को नये आकार में ढालने की अपेक्षा है। भारत जैसे देश में शिक्षा और उसके पढ़ाई के स्तर पर ऐसी कई पेचीदिगियां एवं चुनौतियां हैं। पढ़ाई का स्तर और पढ़ाई के ढंग की वजह का सीधा असर छात्रों के परीक्षा पर पड़ता है। ये भी हकीकत है कि 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद से शिक्षा के क्षेत्र में आमूल-चूल परिवर्तन की शुरुआत की गयी है, नयी शिक्षा नीति घोषित की गयी है, लेकिन अभी भी शिक्षा में कई क्रांतिकारी परिवर्तन की जरूरत है। भारत में परीक्षा का तनाव इतना घातक है कि इसके तनाव से छात्र खुदकुशी तक कर लेते हैं। एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक परीक्षा में फेल होने के कारण साल 2014 से साल 2020 के बीच कुल 12 हजार 582 छात्रों ने आत्महत्याएं की हैं। आधुनिक शिक्षा के सामने आज अनेक चुनौतियां हैं, जबकि हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरंतर सामंजस्यपूर्ण विकास करके हमारे स्वभाव को परिवर्तित करने का सशक्त माध्यम है। हमने प्राचीन शिक्षा प्रणाली की इन विशेषताओं को भुला दिया है। आजादी के बाद से चली आ रही शिक्षा प्रणाली में शिक्षालय मिशन न होकर व्यवसाय बन गया था। मोदी 'परीक्षा पे चर्चा' से शिक्षा के गौरव को स्थापित करने को भी तत्पर हैं।

'परीक्षा पे चर्चा' में अनेक छोटी-छोटी बातों पर भी ध्यान आकर्षित किया गया, जैसे हाथ से लिखने की आदत का कम होना। आइपैड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों पर समय बिताने के कारण बहुत से छात्रों की कलम से कागज पर लिखने की आदत छूट गयी है। दैनिक आधार पर छात्रों को लिखने का अभ्यास करना चाहिए। एक विषय लें और उस पर लिखें और फिर उसमें खुद ही सुधार करें। यह अभ्यास आपको अपनी गलतियों को सुधारने में मदद करेगा और आपको सही तरीके से रणनीति बनाने में भी मदद करेगा। आज परीक्षा में सबसे बड़ी चुनौती हाथ से लिखना ही है। इसके लिए निरंतर लिखने का अभ्यास जरूरी है, क्योंकि अगर आपको तैरना आता है, तो पानी में जाने से डर नहीं लगता। जो प्रैक्टिस करता है, उसे भरोसा होता कि मैं पार कर जाऊंगा। छात्रों एवं परीक्षा के लिए एक स्वतंत्र आयोजन, निश्चित ही दूरगामी सोच का परिणाम है। नरेंद्र मोदी शिक्षा में नये मूल्यों की स्थापना कर उसे सुंदर शक्ल देने की बड़ी जिम्मेदारी मानते हुए ही ऐसे आयोजन को महत्व दे रहे हैं। उनको खुद को इसका बेसब्री से इंतजार रहता है। वे परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने से संबंधित नये-नये तरीके प्रस्तुत कर छात्रों की निराशाओं को अवसरों की खिड़की बना कर उससे ताजी हवा का अहसास कराते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सिंहभूम चैंबर में देश के केंद्रीय आम बजट-24 का सीधा प्रसारण आज

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के द्वारा गुरुवार को पूर्वाह्न 10.45 बजे से चैम्बर भवन में भारत सरकार के ह्यूनियन बजट-2024 का सीधा प्रसारण किया जायेगा। इस अवसर पर वित्त और कर विशेषज्ञ इस बजट से व्यापार, उद्योग और आम आदमी पर पड़ने वाले असर पर चर्चा कर अपनी राय दी जायेगी। यह जानकारी अध्यक्ष विजय आनंद मूनका और मानद महासचिव मानव केडिया ने संयुक्त रूप से दी। उपाध्यक्ष सह वित्त और कराधान अधिवक्ता राजीव अग्रवाल और सचिव अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया ने बताया, सिंहभूम चैंबर के द्वारा प्रत्येक आम बजट पर इसका सीधा प्रसारण वित्तीय और कर विषय के विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया जाता है। इस बार भी इसका आयोजन चैंबर भवन में किया गया। जिसमें चैंबर के सदस्यों के अलावा व्यवसायियों, उद्यमी और प्रोफेशनल्स को आमंत्रित किया गया। ताकि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहकर अपने व्यवसाय और उद्योग पर पड़ने वाले असर के बारे में जानकारी हासिल कर इसका लाभ उठा सकें। चैंबर के सदस्यों ने व्यवसायियों और उद्यमियों से अपील करते हुए कहा वे इस आम बजट के सीधा प्रसारण के दौरान चैंबर भवन में उपस्थित होकर विशेषज्ञों द्वारा दिये गये राय का लाभ उठायें। इस अवसर पर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, मानद महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, अनिल मोदी, पुनीत कांवटिया, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव अधिवक्ता अंशुल रिंगसिया, भरत मकानी, विनोद शर्मा, सुरेश शर्मा लिपु, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल रिंगसिया शामिल रहे।

# को-ऑपरेटिव कॉलेज में बीएड के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता






**जमशेदपुर।** को-ऑपरेटिव कॉलेज के शिक्षा संकाय में बीएड के 2021-23 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बुधवार को कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्राचार्य डॉ अमर सिंह, को-ऑर्डिनेटर ब्रजेश कुमार व विभागाध्यक्ष डॉ राजू ओझा, बर्सर डॉ एके रवानी, डॉ प्रभात कुमार सिंह शामिल हुए। मौके पर अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। स्वागत भाषण डॉ राजू ओझा के द्वारा किया गया। वहीं सत्र 2022-24 और 2023-25 के छात्र-छात्राओं ने विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई गीत प्रस्तुत की। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर संथाली नृत्य प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर राहुल गोप और जंयति को बेस्ट स्टुडेंट चुना गया।

मौके पर कॉलेज के प्राचार्य सहित सभी अतिथियों ने अपनी बातों को रखें। कार्यक्रम को सफल बनाने में कृतिकेष, सुष्मिता, सोभित, भोला, अभितोष सहित विभिन्न स्टुडेंटस का योगदान रहा। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक फ्लोरेंस बेक, डॉ इरशाद खान, मनोज कुमार, डॉ विनय पाठक, अजीत दुबे, पूनम कुमारी, बीरूपक्ष महतो, कार्तिक चंद्र साव, भीम राम, अमित जेना, जोबा टुडू समेत सभी शिक्षकेतर कर्मचारी सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# भाजपा ने 'गांव चलो अभियान' और 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम पर विस्तारपूर्वक किया विचार-विमर्श

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** भाजपा जमशेदपुर महानगर के जिला पदाधिकारी व जिला अध्यक्षों की बैठक तुलसी भवन के सभागार में आयोजित की गयी। बुधवार को महानगर अध्यक्ष बनने के बाद सुधांशु ओझा के प्रथम बैठक में जिला पदाधिकारी और मोर्चा जिलाध्यक्षों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। वहीं बैठक में आगामी कार्यक्रमों की सफलता और बेहतर क्रियान्वयन को लेकर व्यापक चर्चा की गयी। मौके पर भाजपा प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद शामिल हुए। इस अवसर पर जिलाअध्यक्ष सुधांशु ओझा ने विभिन्न सांगठनिक कार्यों और दायित्वों पर विस्तृत जानकारी ली। बैठक में 'गांव चलो अभियान' और 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम समेत अन्य कार्यक्रमों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष ने लोकसभा चुनाव के साथ प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार बनाने के लिए उपस्थित कार्यकर्ताओं को पूरी तन्मयता के साथ जुटने का आह्वान किया। वहीं प्रदेश मंत्री नंदजी प्रसाद ने पार्टी के 4 से 11 फरवरी तक होने वाले गांव चलो अभियान के निमित्त विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा गांव चलो अभियान के माध्यम से हमें बूथों का सशक्तिकरण करना है। इसके साथ ही 24 घंटे के प्रवास के तहत लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं का समुचित समाधान भी करने की दिशा में कार्य करना है। बैठक में जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, जिला महामंत्री अनिल मोदी, जिला मंत्री मंजीत सिंह, नीलू मछुआ, जिला कोषाध्यक्ष राजीव सिंह, कार्यालय मंत्री बोलटू सरकार, मीडिया प्रभारी प्रेम झा, सोशल मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, आईटी सेल प्रभारी कौस्तव राय, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अमित अग्रवाल, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र प्रसाद, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मुचिराम बाउरी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ज्योति अधिकारी, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अजीत कालिंदी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मोहम्मद निसार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# सीएनजी पंप चालू कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**चांडिल।** नीमडीह थाना अंतर्गत अदारडीह गांव व घाघरा पेट्रोल में सीएनजी चालु करने की मांग को लेकर शिक्षित बेरोजगार टेंपो संघ ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। बुधवार को प्रदर्शन के दौरान सैकड़ो संघ के सदस्य शामिल रहे। मौके पर संघ के अध्यक्ष डाबलू मार्डी ने बताया नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में 50 से अधिक सीएनजी वाहन होगाया है। लेकिन क्षेत्र में सीएनजी पंप नहीं है। जिसके कारण चालक को 30 किलोमीटर दूर चांडिल प्रखंड के आसनबनी में जाकर सीएनजी गैस भरना पड़ता है। इसके कारण वाहन मालिकों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। वहीं सचिव उत्तम नाग ने बताया भारत पेट्रोलियम और इंडियन ऑयल का मिलाकर तीन पेट्रोल पंप है। दो पंप पर सीएनजी गैस का टंकी भी लगाया गया। लेकिन पंप चालू नहीं होने पर वाहन चालक परेशानी उठाने में मजबूर है। संघ के सभी कार्यकर्ताओं का मांग है जल्द सीएनजी पंप खोला जाये ताकि चालकों को सुविधा मिल सके। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रकाश दास, मिलन कर्मकार, तपन नाग, लुधा कर्मकार, जयंत प्रमाणिक, बाबलू महतो, झंटु नाग, दिनेश मधार्ना, सुभाष माहली, संजय गोप, मयना गोस्वामी, गोवर्धन महतो, सिस्टी महतो, संदीप दास, मंगल मुदी सहित अन्य ऑटो चालक शामिल रहे।

## अमरेंद्र को डीआइजी ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित



**रंका।** 75वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में रंका अनुमंडल मुख्यालय के स्वयंसेवक समाजसेवी अमरेंद्र कुमार को पुलिस उप महा निरीक्षक (डीआईजी) राजकुमार लकड़ा और गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय के द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि काफी समय से अमरेंद्र कुमार के द्वारा समाजसेवा के क्षेत्र में यथा शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, रक्तदान, बाल विवाह, कोरोना वारियर्स, दवा वितरण में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इस मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार, रंका थाना प्रभारी शंकर प्रसाद कुशवाहा सहित काफी संख्या में पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग को किया प्रेग्नेंट, आरोपी गिरफ्तार

लड़की 5 माह की प्रेग्नेंट। लड़की ने शादी करने के लिए कहीं, तो युवक ने शादी करने से किया इंकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरडीहा।** बरडीहा थाना पास्को एक्ट के प्राथमिक कि अभियुक्त विकास कुमार यादव को बरडीहा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास कुमार बरडीहा थाना क्षेत्र के एक नाबालिग लड़की को शादी का झांसा देकर कई महिनों तक शारीरिक संबंध बनाया। इसी बीच लड़की 5 माह के प्रेग्नेंट हो गयी। इसके बाद लड़की शादी करने के लिए कहीं तो युवक शादी करने से इंकार कर दिया। जबकि पीड़ित लड़की और लड़का दोनों एक ही जाति के बताये गये। जिसको लेकर थाना में लिखित आवेदन दिया। इधर इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या 11/24 के अंतर्गत धारा 376 (2) भादवि और पर पोक्सो एक्ट तहत 30 जनवरी को प्राथमिक की दर्ज किया गया। इसके बाद प्राथमिकी अभियुक्त विकास कुमार यादव पिता उपेंद्र यादव ग्राम + थाना मेराल जिला गढ़वा निवासी को 31 जनवरी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। वहीं पीड़ित लड़की को मेडिकल जांच करायी गयी।




## अलखनाथ पांडेय ने पूर्व बीडीसी सदस्य के पिता के निधन पर जताया शोक



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड के करूआकला गांव निवासी भाजपा नेता पूर्व बीडीसी सदस्य धनंजय तिवारी के पिता के निधन होने के पश्चात वरिष्ठ भाजपा नेता सह पलामू लोक सभा के सह संयोजक अलखनाथ पांडेय, भाजपा नेता मुकेश निरंजन सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, ब्रजेश उपाध्याय, विजय चौबे, चंद्रमणि धर दुबे, चंदन जायसवाल, सीधी उपाध्याय, लक्ष्मण उपाध्याय, रंगनाथ पांडेय, शिवनारायण चंद्रा, राम सरीख चंद्रा, पुष्प रंजन, रोशन धर दुबे, शैलेश चौबे, नरेंद्र तिवारी, विनोद तिवारी सहित अन्य गढ़वा जिला के वरिष्ठ नेता गण, समाजसेवी गण और अन्य लोग उपस्थित होकर धनंजय तिवारी के पिता के पार्थिव शरीर को संयुक्त रूप से श्रद्धांजलि दिया। उपस्थित सभी भाजपा नेता द्वारा उनके अंतिम संस्कार में भी शामिल हुए। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए संयुक्त रूप से भगवान से प्रार्थना की गयी।


पूर्व तट रेलवे

निविदा सूचना सं. MSM-ROH-SLRA-1-24

कार्य का नाम : चार वर्षों की समयावधि हेतु सरला स्थित कोचिंग डिपो के संचालन एवं रख-रखाव के साथ रूटीन ओवर हॉलिंग (ROH) और वैगनों की मरम्मत।

कार्य की अनुमानित लागत (₹): 29,16,40,191.61, EMD (₹): 16,08,200/-, निविदा दस्तावेज की लागत (₹): 11,800/-, पूरा होने की अवधि : 48 महीने।

निविदा बंद होने की अंतिम तिथि व समय : दिनांक - 19.02.2024 को 1500 बजे।

इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है। इस तरह प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जायेगा।

निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, सम्बलपुर

PR-1042/O/23-24

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in


# 'चलें गांव की ओर' कार्यक्रम का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा नगर मंडल गढ़वा अध्यक्ष उमेश कश्यप की अध्यक्षता में नगर मंडल कार्यालय रुकमणी साहून धर्मशाला पुरानी बाजार में प्रदेश के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम 'चलें गांव की ओर' का बैठक किया गया। मंडल प्रभारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र द्विवेदी के उपस्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर और वंदे मातरम के शुरूआत से बैठक का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री यशवंत मिश्रा के द्वारा किया गया। बैठक में अध्यक्ष द्वारा विषय प्रवेश पर प्रकाश डाला गया और प्रभारी द्विवेदी के द्वारा बताया गया कि प्रदेश के द्वारा जो हम लोगों को टास्क दिया गया है। लोकसभा चुनाव के तहत मिशन 400 सीट हम सभी कार्यकर्ताओं को एक रात गांव में मतदाता के बीच बिताना है और सरकार के उपलब्धियां का चर्चा करना है। कहा कि हर बूथ के लिए एक प्रभारी और संयोजक नियुक्त करना है, हर बूथ पर जीत दर्ज हो ऐसा संकल्प लेकर हम सबको टीम भावना से काम करना है। मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि सभी वार्ड के नियुक्त प्रभारी के नाम वार्ड नंबर 01 अनवर शाह 2 गौरी शंकर बिंद 3 गांधी पासवान 4 सुप्रीत केसरी 5 कैलाश कश्यप 6 उमेश कश्यप 7 बंधु राम 8 रविंद्र जायसवाल 9 दीपक तिवारी 10 संजय केसरी 11.आशीष कश्यप 12 संतोष कश्यप 13. यशवंत कुमार मिश्रा 14.राकेश शंकर गुप्ता 15. दामोदर गुप्ता 16.लखन गुप्ता 17. विनय गोंड 18. प्रवीण जायसवाल 19.चंदन जायसवाल 20. टिंकू गुप्ता 21. राजू सोनी इसी प्रकार सभी लोग मिलकर 21 वार्ड के दायित्वों का निर्वहन करेंगे अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा और हम सभी मिलकर मोदी जी के संकल्प को साकार करेंगे और हर बूथ जीतेंगे, यही हमारा संकल्प है। अंत में धन्यवाद ज्ञापन कैलाश कश्यप के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित कैलाश कश्यप राकेश शंकर गुप्ता, गौरी शंकर बिंद, संजय केसरी, संतोष कश्यप, संतोष राम, विशाल, आशीष कश्यप, सोमनाथ सोनी, अनवर साह आदि लोग उपस्थित थे।



# संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ के पदाधिकारियों ने किया तीन दिवसीय दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** संबद्ध डिग्री महाविद्यालय महासंघ नीलांबर-पीतांबर विवि इकाई की ओर से महासंघ के पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न संबद्ध महाविद्यालयों में तीन दिवसीय दौरा किया गया। इस क्रम में महासंघ अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय, महासचिव बंशीधर सिंह तथा कोषाध्यक्ष आलोक कुमार पाठक के द्वारा बनवारी साहू महाविद्यालय लातेहार, एमके कॉलेज डंडार कला पांकी, एके सिंह कॉलेज जपला, बीएसएम कॉलेज भवनाथपुर तथा एसपीडी कॉलेज गढ़वा में दौरा किया गया।

इस क्रम में उक्त महाविद्यालय के कर्मियों ने एक स्वर से संगठनात्मक मजबूती के लिए सभी कॉलेजों की ओर से सामूहिक प्रयास करने पर सहमति जतायी गयी। साथ ही निर्णय लिया गया कि महासंघ द्वारा 2019 से जो ग्यारह सूत्री मांग किया जा रहा है, उस मांग पर अब तक विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा सकारात्मक पहल नहीं किया जाना खेद का विषय है। बैठक के दौरान विशेष रूप से अब तक संबद्ध महाविद्यालय को सिंडिकेट में प्रतिनिधित्व नहीं दिये जाने पर कालेज कर्मियों ने असंतोष जताया तथा कहा कि इस दिशा में सकारात्मक पहल करने के लिए महासंघ की ओर से विश्वविद्यालय पर दबाव दिया जायेगा। कर्मियों ने इस दौरान विवि द्वारा उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन कार्य, प्रश्न पत्र चयन कार्य की बकाया राशि की भुगतान कराने की मांग की गयी। साथ ही इनविजीलेटर, होल्टेज आदि में वृद्धि करने की मांग की गयी। महाविद्यालय के विजिट के दौरान एके सिंह कॉलेज जपला के प्राचार्य और महासंघ के संरक्षक सूर्यमणि सिंह, प्रो. अशोक सिंह, संगठन सचिव डॉ आलोक कुमार, एमके कॉलेज पांकी के प्राचार्य तथा महासंघ के संरक्षक डा. दिलीप राम, राजीव, एसपीडी कॉलेज गढ़वा के प्राचार्य प्रो. निकलेश चौबे, डॉ. अरुण तिवारी, प्रो. परवेज आलम, प्रो. अर्जुन प्रसाद, प्रो. नीलम गुप्ता, प्रो. केबी अंसारी, सचिन चौबे आदि ने अपने-अपने विचार रखें।



# महिलाओं के लिए पेंशन पाने की उम्र सीमा घटाकर 50 वर्ष की गयी : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** झारखंड सरकार ने महिलाओं के लिए पेंशन पाने की उम्र सीमा मौजूदा 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष करने का निर्णय लिया है। बीडीओ जागो महतो ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय पर राज्यपाल का लगाते ही सर्वजन पेंशन के लिए लाभुकों की उम्र सीमा में परिवर्तन किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी वर्ग की महिलाओं को पेंशन के लिए 60 वर्ष से घटाकर 50 वर्ष कर दिया गया है साथ ही एसटी तथा एससी वर्ग के पुरुष के उम्र में भी संशोधन किया गया है। संशोधन के बाद एसटी तथा एससी वर्ग के पुरुष की उम्र सीमा 60 वर्ष से घटकर 50 वर्ष कर दी गयी है। 50 वर्ष से 59 वर्ष आयु वाले लोगों को पेंशन का लाभ लेने के लिए अंचल द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। बीडीओ श्री महतो ने बताया कि सर्वजन पेंशन का लाभ लेने के लिए आवेदन पत्र के साथ दो फोटो, बैंक अकाउंट, आधार कार्ड तथा मतदाता पहचान पत्र संलग्न करना होगा। 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र सीमा वाले लोगों को जाति प्रमाण पत्र संलग्न करने की आवश्यकता नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सप्ताह में मंगलवार तथा शनिवार को प्रखंड कार्यालय आकर सर्वजन पेंशन के लिए आवेदन स्वयं जमा करना होगा। गुरुवार को पंचायत दिवस के अवसर पर आवेदन की समीक्षा कर लाभुकों का चयन किया जाएगा। शारीरिक रूप से असमर्थ लोगों के घर जाकर जांच के बाद उन्हें पेंशन की स्वीकृति प्रदान की जायेगी ताकि उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।



# गर्ल्स हाइस्कूल में चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सड़क सुरक्षा माह 2024 के अंतर्गत जिला परिवहन पदाधिकारी महोदय के द्वारा गर्ल हाई स्कूल गढ़वा में गढ़वा में छात्राओं और शिक्षकों को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी महोदय द्वारा स्कूल में 115 छात्राओं और शिक्षकों को बताया गया कि वाहन चलाते समय हेलमेट और सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपनी और यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क सुरक्षा के सदस्यों ने वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना कितना खतरनाक हो सकता है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने अपील किया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें और सीट बेल्ट का प्रयोग करने हेतु परिवार और छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को प्रेरित करें। जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात नियम का कड़ाई से पालन करने के लिए सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच शपथ ग्रहण करवाया गया। इसके अलावे दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराये, ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है उस मददकर्ता को गुड सेमेरिटन के तहत 2,000 रु और प्रशस्ति पत्र दी जा सके। साथ ही सड़क हादसों में मृत्यु दर को कम करने के उदेश्य से लोगों को इस संशोधित अधिनियम की ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान की जा सके और लोग एक दूसरे को इसके प्रति जागरूक कर सके और इसके साथ साथ हिट एंड रन के बारे में बिस्तार पूर्वक बतलाया गया। किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना घटित होने पर 2,00000 (दो लाख ) और गंभीर रूप से घायल होने पर 50,000 (पचास हजार) का प्रावधान है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से मोटरयान निरीक्षक लाल बिहारी यादव, पुलिस कंट्रोल रूम प्रभारी इंस्पेक्टर अर्जुन पासवान, सड़क सुरक्षा प्रबंधक संजय बैठा, शिक्षक शामिल थे।




# एआइएमआइएम पार्टी ने कार्यकर्ता सम्मेलन का किया आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के तत्वावधान में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। पार्टी के जिला कार्यालय में आयोजित इस सम्मेलन में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान पार्टी के जिला और प्रखंड पदाधिकारियों ने बारी-बारी से पार्टी और लोक हित से संबंधित बात रखी। साथ ही गढ़वा जिला के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने भी अपनी बात रखी। इस दौरान पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एमएन खान ने कहा कि आज का कार्यकर्ता सम्मेलन मिशन 2024 को आयोजित किया गया है। उन्होंने एआईएमआईएम पार्टी को सिर्फ मुस्लिम समुदाय के पार्टी से खारिज करते हुए सभी का पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि यह पार्टी मुस्लिम, इसाई, सीख, जैन, परसी, हिंदु सहित अन्य समुदायों के दबे-कुचले लोग, गरीब लोग, बेरोजगार सहित अन्य लोगों की के है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार, कदाचार, परिवारवाद, जातिवाद वाले लोगों के हाथ में देश की सत्ता है। जहां पर इंसाफ हो ही नहीं सकता। मौके पर पलामू प्रमंडल प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एमएन खान, जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक, जिला महासचिव रमजान अंसारी, जिला युवा अध्यक्ष मोजाहिम अंसारी, जिला प्रवक्ता अब्दुर्रहमान अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन रजवी, जिला युवा सचिव अवध कुमार मेहता, रंका प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष फारूक अंसारी, रंका युवा प्रखंड अध्यक्ष खुशदील अंसारी आदि मौजूद थे।

**कई लोगों ने दूसरे दलों को छोड़ कर एआईएमआईएम का दामन थामा:** एआईएमआईएम के तत्वावधान में आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में कई लोगों ने दूसरे दलों को छोड़ कर एआईएमआईएम का दामन थामा। एआईएमआईएम की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों ने कहा कि वे एआईएमआईएम पार्टी की नीति और सिद्धांतो से प्रभावित होकर वे लोग इस पार्टी के दामन थामे हैं।



## लोहरदगा में दिन दहाड़े युवक की चाकू मारकर हत्या, पुलिस कर रही है जांच

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा शहरी क्षेत्र के कोर्ट रोड स्थित एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है, जहां एक युवक को कुछ अज्ञात अपराधियों ने घर में जाकर चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। युवक को चाकू मारने के बाद आरोपी तुरंत घटनास्थल से फरार हो गये। इस घटना में युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान कोर्ट रोड निवासी सचित उरांव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सचित अपने घर में था, इसी दौरान कुछ अज्ञात अपराधियों ने उसके घर जाकर उसके शरीर के कई हिस्सों पर चाकू से प्रहार कर दिया, जिससे वह बुरी तरह चोटिल हो गया। आनन फानन में घायल की पत्नी ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गयी, जहां उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद सदर थाना पुलिस मामले की छानबीन में जुड़ गयी है।

## आग लगने से खपरैल मकान जलकर हुआ खाक



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत के शिवनगर टोला निवासी रामबहल अगरिया के खपरैल मकान में बुधवार की दोपहर आग लगने से घर जलकर राख हो गया। इस अगलगी की घटना में पीड़ित के घर में रखा हुआ अनाज और कपड़ा पूरी तरह जल गया। घर से अचानक आग की लपटे उठता हुआ देख आस पास के ग्रामीण जमुना सिंह, बबन बैठा, जोखन यादव, अशोक यादव, उपेंद्र यादव, आशीष यादव सहित कई ग्रामीणों ने आग बुझा।परिजनों ने बताया की आग कैसे लगी हमें भी पता नहीं है, इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक को दिया गया है। इस घटना की सुचना मिलने पर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय घटना स्थल पहुंच कर परिजनों से पूछताछ की। मुखिया नंदलाल पाठक ने कहा कि जो क्षति हुई है उसे सरकार से दिलाने का प्रयास करेंगे।

## कबीसवा में ट्रैक्टर दुर्घटना में चालक की मौत

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी थाना क्षेत्र के रक्सी पंचायत अंतर्गत धुरकी बेलासपुर मुख्य पथ स्थित कबीसवा में मंगलवार की मध्यरात्रि में एक ट्रैक्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। वहीं ट्रैक्टर दुर्घटना में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जो इलाज के क्रम में चालक की मौत बंशीधर नगर रेफरल अस्पताल मे हो गयी। ट्रैक्टर दुर्घटना के संबंध थाना प्रभारी संतोष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्री में घघरी गांव निवासी लव जायसवाल का खाली ट्रैक्टर वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान कबीसवा में मुख्य पथ मे रात्रि में ट्रैक्टर का चालक तीव्र गति में चलने के क्रम मे असंतुलित होकर पलट गयी। वहीं शुरू गांव निवासी ट्रैक्टर का चालक अजीत कोरवा 30 वर्ष पिता विनोद कोरव ट्रैक्टर पलटने से गंभीर रूप से घायल हो गया था, इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर घायल चालक को इलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया जिसका इलाज के दौरान चालक की मौत हो गयी। उपरोक्त घटना के संबंध मे स्थानीय लोगों ने बताया कि कबीसवा मोड़ पुरी तरह अंधा मोड़ है वहीं इस घटना से पुर्व तीनबार उक्त स्थल पर दुर्घटना हो चुकी है। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है। वहीं दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर थाना परिसर में लगा दिया है। इधर मृतक के परिजनों ने अभी तक किसी तरह की मामले को लेकर मामला दर्ज नही कराया है।

# कर्पूरी ठाकुर गरीबों, शोषितों और दलितों की आवाज थे: रामचंद्र केशरी

झारखंड में जहां-जहां जननायक कर्पूरी ठाकुर की मूर्तियां है, वहां जन्मदिन और पुण्यतिथि के अवसर पर सरकारी कार्यक्रम आयोजित किया जाये और जन्मदिन पर अवकाश घोषित किया जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** पूर्व मंत्री सह भाजपा नेता रामचंद्र केशरी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर बरसों पुरानी प्रस्तावित मांग पूरा करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। श्री केशरी अपने आवास पर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर सम्मानित करना हम सबों की पुरानी मांग थी, जिसे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा किया, साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा उनके पार्टी जदयू को एनडीए गठबंधन में शामिल करने के लिए भी प्रधानमंत्री मोदी को रामचंद्र केशरी ने धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए के मुख्यमंत्री बनने पर नीतीश कुमार और उनकी सरकार को बहुत-बहुत बधाई। श्री केशरी ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर को प्रधानमंत्री जी के द्वारा उनके जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भारत रत्न से सम्मानित करने की घोषणा के साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा प्रधानमंत्री को धन्यवाद देने तथा जननायक कर्पूरी ठाकुर की बातों को अमल करते हुए परिवारवाद से दूर रहने जैसे बातों को कहा, इन बातों को अपने साथ भी जोड़ा, जिस पर राजद नेता के परिवार भड़क गये तथा नीतीश कुमार को भद्दी - भद्दी बातें कहने लगे। श्री केसरी ने बताया कि डॉक्टर लोहिया कर्पूरी विचार केंद्र के तहत जननायक कर्पूरी ठाकुर के जन्मदिन के पूर्व संध्या 23 जनवरी 2002 को झारखंड रांची के हिंनू में जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भारत सरकार के रेल मंत्री नीतीश कुमार के द्वारा किया गया था। उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी तथा विधि मंत्री रामजीलाल शारदा आदि काफी गण्यमान्य लोग झारखंड बिहार से उपस्थित थे। उसके पूर्व में अनावरण की तैयारी की बैठक हुई थी, उसी बैठक में डॉक्टर लोहिया कर्पूरी विचार केंद्र के अध्यक्ष होने के नाते मेरे ही अध्यक्षता में जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का प्रस्ताव पारित किया गया था। तथा समय-समय पर बराबर इसकी मांग करते हम सब रहे हैं, जिसके परिणाम स्वरूप आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न का सम्मान दिया गया।

उन्होंने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर गरीबों, शोषितो, वंचितो, दलितो की आवाज को बुलंद करने वाले नेता थे। उन्होंने कहा कि वह मांग करते हैं कि झारखंड में जहां-जहां जननायक कर्पूरी ठाकुर की मूर्तियां है, वहां जन्मदिन और पुण्यतिथि के अवसर पर सरकारी कार्यक्रम आयोजित किया जाये और जन्मदिन पर अवकाश घोषित किया जाये। मौके पर मथुरा पासवान, सोबराती अंसारी, सलीम अंसारी, राजेश विश्वकर्मा सहित अन्य लोक उपस्थित थे।



## डीसी ने किया ईवीएम वेयरहाउस का अवलोकन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** ईसीआईएल, हैदराबाद से प्राप्त ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग (एफएलसी) बुधवार को सदर प्रखण्ड स्थित ईवीएम वेयरहाउस में किया गया। इसमें उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा कार्यों का अवलोकन किया गया। वहीं नोडल पदाधिकारी के रूप में अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-एफएलसी सुपरवाईजर अमित कुमार द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम का पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण किया गया। आज इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, आशुतोष कुमार, अंचल अधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 72-लोहरदगा, राजनीतिक दलों में झामुमो से इसरार अहमद, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रदीप विश्वकर्मा, भाजपा के अनिल उरांव, एफएलसी के लिए प्रतिनियुक्त किये गये कर्मीगण समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# दलालों के पेंच में फंसी बरवैया कला पंचायत

**मुखिया का डोंगल लेकर एफटीओ कराते हैं दलाल : चंदन प्रसाद**

**दलालों के कारण विकास कार्य हो रहा प्रभावित : उप मुखिया आनंद कुमार पासवान**



रूपेश अग्रवाल

**लातेहार / मनिका (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड अंतर्गत बरवैया कला पंचायत मुखिया निर्वाचित होने के सालों बाद सभी वार्ड सदस्यों ने यह आरोप लगा रहे हैं कि मुखिया स्वयं कार्य न कर अपने दलाल दीपक प्रसाद पिता- नागेंद्र प्रसाद और मंटू प्रसाद पिता- कमलेश प्रसाद के द्वारा 15वें वित्त और मनरेगा का कार्य किया जाता है। यहां तक की मुखिया के डोंगल तक दीपक प्रसाद स्वयं लेकर पेमेंट करते हैं। मुखिया को सिर्फ और सिर्फ मीटिंग के कार्य में उन्हें लेकर जाया जाता था। वर्तमान में एक सप्ताह पूर्व बरवैया कला पंचायत में लगभग 150 टीसीबी एंट्री हुआ था। जिसका विरोध पंचायत सेवक अर्जुन लकड़ा ने किया। पंचायत सेवक अर्जुन लकड़ा से फोन पर बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि मुखिया के दलाल दीपक प्रसाद के द्वारा मेरे ऊपर काफी दबाव बनाया जा रहा था कि मेरा टीसीबी योजना ज्यादा से ज्यादा स्वीकृत किया जाये। फिर भी दीपक प्रसाद का कुल 17 टीसीबी योजना स्वीकृत किया गया था, जिसका हमने विरोध किया। वहीं उप मुखिया आनंद कुमार पासवान से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि पंचायत सेवक के ऊपर लगाये गये आरोप बेबुनियाद है। अगर कोई विकास कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहा है तो वह है मुखिया पिंकी देवी के दलाल दीपक प्रसाद।

पंचायत सचिव सीमा रानी कुजूर से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि अर्जुन लाकड़ा जी के साथ व्यक्तिगत रिश्ते बहुत अच्छे हैं और उन्होंने मेरा हर कार्य में सहयोग किया है। उन्होंने कोई भी कार्य में बाधा उत्पन्न नहीं किया है, उनके ऊपर लगाया गया यह आरोप गलत है।

वार्ड सदस्य राधा देवी जी ने पंचायत सचिव सीमा रानी कुजूर पर आरोप लगाते हुए कहा कि अबुआ आवास जांच में बहुत सारे गरीब लोगों को योग्य सूची में होना चाहिए था। जिनका नाम आयोग्य सूची में डाल दिया गया है, और वैसे लोगों को योग्य सूची में रह गया है जो लोग आर्थिक रूप से काफी मजबूत है।

उपस्थित वार्ड सदस्यों में चंदन प्रसाद ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत में जब भी कोई ग्राम सभा हो या आमसभा हो जिसकी सूचना किसी भी वार्ड सदस्य को नहीं दिया जाता है कोई भी योजना स्वीकृत किया जाता है, तो मनमानी तरीके से मुखिया के दलाल करते हैं।

मुखिया पिंकी देवी के फोन नंबर पर फोन करने के पश्चात उनके पति दिनेश उरांव से बातचीत हुआ तो उन्होंने कहा कि टीसीबी योजना एंट्री के दौरान अर्जुन लकड़ा अपने तरफ से 30 टीसीबी योजना एंट्री करने को कह रहे थे, जिसका हमने विरोध किया था। हमारे पंचायत में पंचायत सेवक के रूप में सीमा रानी कुजूर को ज्ञापंक 1279 दिनांक 14/10/2023 को चिट्ठी प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा जारी किया गया था। जिसे अर्जुन लकड़ा ने अपना पद नहीं दिया है, उसका भी हम विरोध करते हैं।

मौके पर वार्ड सदस्य आनंद कुमार पासवान, चंदन प्रसाद, उमेश उरांव, संगीता देवी, सूर्यदेव उरांव, मनिता देवी, राधा देवी उपस्थित थे।

## अंजुमन चुनाव को लेकर तारीखों का एलान, 14 फरवरी को होगा मतदान

**भंडरा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जिले के भंडरा में अंजुमन प्रखंड कमेटी भंडरा के चुनाव की तारीख तय कर दी गयी है। मतदान कुंबाटोली भवन स्थित में 14 फरवरी को होगा। यहां पर आगामी 14 फरवरी को ही 2 बजे से मतगणना शुरू हो जाएगी और मतगणना खत्म होने के बाद परिणाम की घोषणा की जाएगी। प्रखंड कमिटी के नाजिम ए आला बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर चुनाव की तारीखों का ऐलान किया प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने बताया कि चुनाव की प्रक्रिया फॉर्म वितरण 1- 2 11 बजे से 3 बजे तक उम्मीदवार 3- 4 को नामांकन 11:00 बजे से 2 बजे तक नामांकन की प्रक्रिया 5 फरवरी को शाम 2:00 बजे तक इसके बाद 6 फरवरी को नामांकन वापसी स्क्रूटनी होगी और जांच करने के बाद जो पर्चे गलत पाये जायेंगे उन्हें खारिज किया जायेगा। चुनाव चिह्न 7/2/2024 2- 3 बजे तक चुनाव चिह्न आवंटित किया जायेगा। उसके बाद तुरंत उम्मीदवारों के साथ 3:00 बजे से 4:30 बजे शाम तक चुनाव कार्यालय में बैठक होगी। जिसमें बाकी नियम को बताया जायेगा और चुनाव 2014 सुबह 9:00 बजे से 2:00 बजे तक मतदान किया जायेगा। इसके बाद मतगणना के परिणाम के बाद निर्वाचित उम्मीदवार को प्रमाण पत्र वितरित किया जायेगा। मतदान करने के लिए चार सदस्यों का चुनाव किया गया जो मोजीबुल मिरदहा, सलमान अंसारी, खुर्शीद आलम, मंजूर अंसारी चुने गये।

## विदाई समारोह आयोजित




**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को अंचल में पदस्थपित अंचल उप निरीक्षक मुरलीधर सिंह के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में मुरलीधर सिंह के साथ प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर, बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय , उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ,मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव ,विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह पिंटू शामिल हुए । विदाई समारोह की शुरूआत प्रखंड विकास अधिकारी राकेश सहाय के द्वारा आंचल उप निरीक्षक मुरलीधर सिंह के सेवाकाल के दौरान बेहतर कार्य की प्रशंसा करते हुए विचारों को व्यक्त किया गया साथ ही साथ सेवानिवृत होने के बाद उनके बेहतर भविष्य के भी कामना की गई इस दौरान मौके पर मौजूद अन्य लोगों के द्वारा भी मुरलीधर सिंह के सेवाकाल को लेकर अपने विचारों को व्यक्त करने का काम किया गया वही मुरलीधर सिंह ने भी विदाई समारोह के दौरान संबोधित करते हुए कहा कि सेवाकाल के दौरान अधिकारियों और कर्मियों का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ। विदाई समारोह के दौरान आंचल परिवार के साथ-साथ मौजूद अतिथियों के द्वारा मुरलीधर सिंह को शॉल के साथ-साथ उपहार भेंट करके सम्मानित कर उन्हें विदाई दी गयी। मौके पर निरीक्षक रमेश प्रसाद, सुरेश राम, अंचल नाजिल मनोज कुमार, चंद्रवंशी रामनाथ वर्मा, मनरेगा सचिव कमलेश कुमार सिंह, भाजपा नेता सुनील कुमार सिंह, पूर्व पसंस मंसूर आलम, हदीस अंसारी अभिषेक कुमार, विजय कुमार, पप्पू, अरुण कुमार, रविकांत, रवि, हलीम अंसारी समेत काफी सख्या में प्रखंड व अंचल के कर्मियों के साथ-साथ अन्य लोग शामिल हुए ।

## हेमंत सोरेन सरकार को अपदस्थ कर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू हो : राजू गुप्ता



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** आजसू नेता राजू गुप्ता ने बयान जारी कर कहा कि झारखण्ड राज्य की स्थापना बड़ी संघर्ष और कुबार्नी के बदौलत हुआ है। हेमंत सोरेन इन्डिया गठबंधन की सरकार लुट झुठ और भ्रष्टाचार से पुरे देश दुनिया में झारखंड को कलंकित किया है। तिकड़म के सहारे राज्य के बिकास के सभी निती योजना को ड्रामा बाजी तरीके से जनता को गुमराह किया। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन का नाम जब भूमि घोटाला मे आया, ईडी ने पुछताछ के लिए समन भेजा एक नही 10 समन भेजा ये भागते फिर रहे हैं। दिल्ली चार्टर प्लेन से गय। जब ईडी ने दिल्ली में पुछताछ का प्रयास किया तो चादर से मुंह ढक कर व हवाई चप्पल पहन कर लुकते छिपते 40 घंटे के बाद रांची सडक मार्ग से पहुचे। सत्ताधारी पक्ष के बिधायको की बैठक में अपनी पत्नी कल्पना सोरेन को मुख्यमंत्री बनाने का कवायद तेज की तो बैठक से सात बिधायक बाहर रहे। इनके भाई और भाभी जी ही लपता हो गये।

## बीडीओ ने किया मनरेगा योजना का निरीक्षण



**बारियातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बुधवार को सदर पंचायत के बारियातू व गाडी. ग्राम मे चल रहे मनरेगा योजना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में गाडी. ग्राम में टीसीबी, दीदीबाडी, बिरसा हरित ग्राम योजना के आम बागवानी का निरिक्षण किया। निरिक्षण में निकाई-कुड़ाई का अभाव पाया गया। वहीं रोजगार सेवक व पंचायत सचिव को एक सप्ताह में निकाई-कुड़ाई का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही सभी कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, रोजगार सेवकों को मनरेगा प्रावधान के तहत कार्य करने और सभी योजनाओं पर कार्य प्रारंभ से पूर्व बोर्ड लगाने का निर्देश दिया।

# स्वतंत्रता सेनानी बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के अग्रणी स्वतंत्रता सेनानी, गांधीवादी तथा सामाजिक कुरीतियों के प्रबल विरोधी बुद्धन सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी। उनके प्रतिमा पर जिले के उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमा समेत जिले के प्रशासनिक, शैक्षणिक, राजनीतिक, सामाजिक आदि संगठनों से जुड़े आम और खास सभी लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बिल्कुल निर्धन परिवार से जन्मे बुधन सिंह घर परिवार की चिंता ना कर देश की आजादी की खातिर कई जेल यात्रा तथा उनके जुनून व संघर्ष सचमुच अद्भुत है, साथ ही समाज के कुरीतियों के खिलाफ कार्य करना प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम में मौके पर जिले के उप निबंधक सुभाष दत्ता, शिक्षाविद मदन मोहन पांडे, बी. के. बालाजीनप्पा, भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, बृज बिहारी प्रसाद, अधिवक्ता देवाशीष कार, अजय मित्तल, हेमंत सिन्हा, विवेक गुप्ता, प्रवीण भारती, अमरेंद्र सिंह, अनूप राय,ओम प्रकाश सिंह, संजय बर्म्मन, सुधीर अग्र, मनोज दास, श्रीमती कलावती देवी, राकेश प्रसाद, अनिल गुप्ता, संदीप पांडे, बंटू जयसवाल, मोहन दुबे, मुकेश दुबे, बालकृष्णा सिंह, मदन मोहन पाठक, राज किशोर महतो, सुमित राय, दीपक सराफ, मोहम्मद कैश, राजकुमार वर्मा, अमरेश भारती, देशराज गोयल, पशुपति पारस, रोहित साहू, मिथुन तमेड़, चंद्रशेखर मेहता, अजय पंकज, प्रो. स्नेह कुमार, शशि भूषण सिंह, गोपाल सिंह, परमेश्वर भगत, लाल नवल नाथ शाहदेव, इंद्रजीत भारती, प्रवीण जयसवाल, गोवर्धन शर्मा, सुरेश ठाकुर, चंद्र किशोर प्रसाद मनोज गुप्ता, निधिकांत प्रसाद, सतीश भारती, भरत साहू, सिद्धनाथ प्रसाद, लाल निरंजन, त्रिवेणी दास, राजू गुप्ता, उदय केसरी, विजय सिंह, संजीव साहू, सरोज प्रजापति, नंदलाल, शशि सिंह, अशोक उरांव, गुंजन सिंह, ऋषभ सिंह, मीनाक्षी सिंह, तासु आदि शामिल थे।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू / लोहरदगा ।** लोहरदगा जिले के कैरो में एक जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच बुधवार कोखूनी संघर्ष हुआ है। इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष से एक महिला सहित आधे दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका कूडू सिएचसी में इलाज के बाद दो की स्थिति गंभीर देख रिम्स रेफर कर दिया गया। गम्भीर रूप से घायल सजिब अंसारी ने बताया कि उनके गोतिया से 9 डिसमिल जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी से नाराज होकर जलील, सरफुल, नौशाद, अकील, इलताफ, खालिद, रिजवान, इमरोज, बबलू सहित 15 से बीस की संख्या में पहुंचे लोगों ने लाठी-डंडे, लोहे के रॉड और तलवार लेकर पूरे परिवार पर हमला कर दिया। इस हमले में उतरन खातून पति मोजिब अंसारी, तरबिन अंसारी पिता मोजिब अंसारी, आफताब अंसारी पिता मोजिब अंसारी, सजिब अंसारी पिता स्व जुम्मन अंसारी, ओसामा अंसारी पिता मोजिब अंसारी समेत 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दूसरे पक्ष का इलाज अन्यत्र होने के कारण घायलों की जानकारी नही मिल पायी है। हालांकि दूसरे पक्ष के कुछ लोग कूडू पहुंचे लेकिन तैश दिखाते हुए कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।

**पीड़ित परिवार ने पुलिस पर लगाया दूसरे पक्ष का साथ देने का आरोप :** पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस ने भी उनकी एक नहीं सुनी और थाने से महज कुछ फासले पर पूरे परिवार जिसमे महिलाएं भी शामिल हैं को बेरहमी से पीटा जाता रहा। घटनास्थल पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। हमलोग लोग अपनी-अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते रहे। लेकिन पुलिस को बार बार खबर करने के बावजूद कोई नही आया। पीड़ित परिवार के लोग पुलिस पर एक पक्ष का सपोर्ट करने का आरोप लाग्या है। पीड़ित के पड़ोसी नासिर अंसारी और महताब अंसारी ने बताया कि मार पीट की खबर लेकर हमलोग थाना का चक्कर लगाते रहे लेकिन किसी ने एक नही सुनी। जिसके नतीजे में मामला इतना ज्यादा बढ़ गया।

# बालूमाथ प्रखंड में भाजपा का गांव चले अभियान कार्यशाला आयोजित

संतोष सिन्हा




**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ मंडल के होटल देव इन में गांव चले अभियान कार्यशाला का एक आयोजन मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पलामू पूर्व सांसद एवम कार्यक्रम मंडल प्रभारी बृजमोहन राम, वशिष्ठ अतिथि में कार्यक्रम के जिला सह संयोजक बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी जी भाजपा के वारिश नेता रामजतन साहू जी, गार्जियन गिरधारी यादव जी ओबीसी जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव जी एसटी मोर्चा जिला प्रभारी सुरेश उरांव जी तथा कार्यक्रम के मंडल संयोजक सह मंडल महामंत्री विजय यादव जी मंडल सह अंयोजक सह जिला उपाध्यक्ष एससी मोर्चा अमित कुमार एवम सह संयोजक सह मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा रघुनंदन जी के द्वारा सर्व प्रथम डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवम पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवम पुष्प अर्पित के पश्चात अतिथियों को अंग वस्त्र दे कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन रघुनंदन सोनी जी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव चले अभियान पर चर्चा की गए एवम पंचायत स्तर तक संयोजक एवम सह संयोजक का गठन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सांसद बृजमोहन राम, वरिष्ठ भाजपाई रामजतन साहू, गार्जियन गिरधारी यादव, रामजी सिंह, बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव, एसटी मोर्चा जिला प्रभारी सुरेश उरांव, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, गांव चले अभियान के मंडल संयोजक सह मंडल महामंत्री विजय यादव, सह संयोजक और एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, किसान मोर्चा मंडल समेत दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

# भाजपा मंडल की बैठक में अयोध्या दर्शन को लेकर बनी रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता



**कैरो/ लोहरदगा।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी कैरो मंडल अध्यक्ष लखन उरांव की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। सर्वप्रथम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पगुच्छ व धूप दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूवात की गई। पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश प्रसाद ने उक्त बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता निष्ठा पूर्वक कार्य करते हुए लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव की तैयारी में पार्टी द्वारा निर्धारित कार्यो को मुकाम दें। वहीं मंडल प्रभारी नवीन कुमार टिंकू ने कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक दीवार लेखन का कार्य अपने मंडल में कराना है इस निमित मंडल पदाधिकारियो को प्रवासी के रूप में विभिन्न गावो का जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही अयोध्या नगरी मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर दर्शन करने के लिए रणनीति तैयार किया गया। मौके पर जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बजरंग उरांव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश महतो, मुखिया श्रवण मुंडा, जिला कार्यसमिति सदस्य विशेश्वर प्रसाद दीन, मोहन साहू, रामबुझावन गुप्ता, दीपक साहू, गोविंद महतो, चिखु उरांव, नसीर आलम खान, लाखो उरांव, रवि नंदन शुक्ला, राधेश्याम साहू, प्रदीप लोहरा, संजय महली, अनिल महतो, फलिन्द्र रविदास, ननकु उरांव, कुलदीप सिंह इत्यादि उपस्थित थे।

# ईसाई धर्म अपनाने वाले आदिवासी को सरकार आरक्षण से करे वंचित: हरे कृष्ण

मुकेश कुमार सिंह



**लातेहार।** लातेहार में जनजातीय सुरक्षा मंच के तहत लातेहार समाहरणालय समाहरणालय के परिषर में विरोध तथा प्रदर्शन किया गया उसके बाद मुख्यमंत्री के नाम से लातेहार उपायुक्त को आवेदन दिया है। और कहां है कि जब एक व्यक्ति ईसाई धर्म में धर्मातरित हो जाता है। स्वाभाविक रूप से वह ईसाई धर्म मानता है।वैसे लोगो को किसी भी प्रकार की आरक्षण की सुविधाएँ देना असंवैधानिक है।

कोई भी आदिवासी व्यक्ति अपनी सामाजिक व्यवस्था से अलग हो जाता है आदिवासियों की संस्कार से जैसे पूजा पाठ रहन-सहन और जन्म मृत्यु के संस्कारों से अलग हो जाता है वैसे लोगों को झारखंड की सरकार चिन्हित कर आदिवासियों के आरक्षण से उसे हटाया जाए। वही पूर्व में इस संबंध में जनमत संग्रह करने हेतु जनजाति सुरक्षा मंच ने 2009 में एक हस्ताक्षर अभियान बलाया था। जिसमें देशभर के 18 वर्ष के उम्र से ऊपर 27.67 लाख जनजाति लोगों ने हस्ताक्षर किया। उस समय जगदेव राय उरांव, स्व दिलीप सिंह, भूरिया एवं अनुसुईया उरांव के नेतृत्वमें देशभर के जनजाति नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल तत्कालीन राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल से मिलकर यह जनमत संग्रह का आवेदन सौंपा था। परंतु हमें आज तक निरास ही किया गया। 27,67 जनमत जनजाति लोगों की मनोकामना न्यायोचित मांग को संज्ञान में लेने या आवश्यक कदम उठाने का कोई प्रयास दिखाई नहीं किया गया। देश की आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज भी धर्मांतरण लोग आदिवासियों के आरक्षण की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं।

झारखण्ड सरकार का नेतृत्व आदिवासी मुख्यमंत्री कर रहे हैं। अपने कार्यक्षेत्र में नहीं आनेवाले आदिवासी के जीवन को प्रभावित करने से संबंधित कई विषयों पर राज्य सरकार ने विधानसभा में प्रस्ताव पारित किया है। आपसे हमारा निवेदन है कि पांच दशकों से लंबित इस समस्या के समाधान हेतु प्राथमिकता के आधार पर आदिवासियों के साथ हो रहे । इस अन्याय को हमेशा के लिए समाप्त करें। इस अवसर पर हरे कृष्ण सिंह, अजय कुमार उरांव, मेधा उरांव, सीतामणी तिर्की, संगम कुमार सिह, अरविंद भगत, राजू उरांव, प्रदीप टोप्पो, शीला देवी, लाल उरांव, रमेश उरांव, कमलेश उरांव, सुमन उरांव समेत कई लोग शामिल थे।

# मनातू में डेढ़ वर्ष बाद लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में हर्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी क्षेत्र के मनातू गांव में डेढ़ वर्षो से विद्युत ट्रांसफार्मर जला हुआ था। जिसको लेकर ग्रमीण जिला परिषद सदस्य के प्रतिनिधि रोहित यादव से वार्ता किया।

वार्ता के बाद श्री यादव के अथक प्रयास के बाद नया ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के बीच लगाकर विद्युत व्यवस्था बहाल की गयी। जिसमें वहां के सभी ग्रामीण जनता में काफी हर्ष था। ग्रामीणों ने अपने जिला परिषद सदस्य को साधुवाद दिया। वही इस अवसर पर रोहित यादव के साथ प्रखंड प्रमुख पति राजू उरांव पंचायत समिति सदस्य बुधनगंझू प्रमोद यादव ग्राम प्रधान रामविलास उरांव मोनिका सोरेन आनंद मासी कुजूर बैंक कुजूर सारदा देवी राजेश पुरी धनी लकड़ा नमिता उरांव संगीता देवी इत्यादि ढेर सारे ग्रामीण हर्ष के साथ उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरूवार, 01 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in


# सीएफटीयूआइ ने हिमाचल से मंगवाया मृतक मजदूर का शव



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र असनी नवाटोली गांव के मजदुर का शव हिमाचल प्रदेश से मृतक के गांव पहुंचा। मजदूर संघ सीएफटीयुआई के प्रदेश सचिव जुम्मन खान व उनकी टीम का प्रयास रंग लाया। मौके पर असनी नवाटोली गांव पहुंच कर मजदुर संघ के प्रदेश सचिव जुम्मन खान एवं जिला अध्यक्ष रजाक बख्श परिजनों से मिले तथा मृतक मजदूर अरबिंद उरांव के परिजनों को भविष्य में भी हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया । ज्ञात हो कि मजदूर अरबिंद उरांव के मां रीता उरांव तथा भाई ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी 29 जनवरी को मजदूर संघ सीएफटीयुआई को लिखित आवेदन देते हुए शव मंगवाने की गुहार लगायी थी।जिस पर तत्काल पहल करते हुए मजदूर संघ सीएफ टी यु आई ने शव मंगवाने का काम किया है साथ ही सभी मिडिया वालों के सहयोग के लिए अभार व्यक्त किया है।

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों में जुटे कोंग्रेसी नेता

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया / गुमला।** आगामी 6 फरवरी के राहुल गांधी के न्याय यात्रा के सफल आयोजन को लेकर कॉग्रेस गुमला जिला अध्यक्ष चैतु उरॉव के अध्यक्षता में बसिया प्रखंड के इंडोर स्टेडियम कोनवीर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे आगामी 6 फरवरी 2024 को गुमला जिला अंतर्गत कामडारा एवं बसिया प्रखंड होते हुए भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तहत राहुल गांधी इस मार्ग से गुजरेंगे । बैठक में कॉग्रेस के लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत, गीताश्री उरांव, प्रदेश सचिव रोशन बरवा, रमेश कुमार चीनी, अखिल रहमान, आजाद अंसारी राजनील तिग्गा द्वारा कहा गया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा हक के लिए राहुल गांधी भारत जोडो न्याय यात्रा मणिपुर से मुम्बई तक 6700 किमी की यात्रा पर निकले हैं, जो झारखंड में भी प्रवेश करेगी। आज केंद्र सरकार पूरे देशवासियों के साथ वादा खिलाफी की है। किसानों की आय दोगुनी करेंने करने की बात की थी। महंगाई कम करने की बात की थी, नारियों की आत्मसम्मान देने की बात करते थे लेकिन आज भाजपा की सभी वादा धरी की धरी रह गई। राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से न्याय के पांच स्तंभों का उल्लेख किया और अपनी यात्रा के पीछे के विचार स्पष्ट किया। उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पांच न्याय पर आधारित है। मौजूदा समय में लोग जिन असली मुद्दों का सामना कर रहे हैं वह पीछे छूट जा रहा है। उनकी न्याय यात्रा के पांच स्तंभ हैं। युवाओं के लिए न्याय, समान प्रतिनिधित्व, महिलाओं के लिए न्याय, किसानों के लिए न्याय और मजदूरों के लिए न्याय, आनेवाले दिनों में कांग्रेस पार्टी इन स्तंभों को मजबूत करने के लिए और अधिक संघर्ष करेगी। सभी नेताओं के द्वारा कहा गया कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा गुमला के कामडारा प्रखंड बसिया प्रखंड राहुल गांधी का जोरदार स्वागत किया जाएगा । बैठक में लोहरदगा जिला अध्यक्ष सुखदेव भगत, सुशील कुमार होता पप्पू, प्रदेश सचिव रोशन बरवा, अजित गुड़िया, आलोक साहू, संतोष गुप्ता, भुनेश्वर राम, फगुआ घोषाल, तरुण गोप, जगदेव नायक, विकास साहू, अजित केरकेट्टा, देवनिश तोपनो और काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पंचायत सचिव संतोष भगत हुए सेवानिवृत्त



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय में कार्यरत पंचायत सचिव सह बीपीआरओ संतोष भगत बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। मृदुभाषी, कर्तव्यनिष्ठ, कर्मठ, इमानदार व सरल स्वभाव के पंचायत सचिव संतोष भगत प्रखंड में 7 जुलाई 2022 से कार्यरत रहे। उन्होंने पंचायत सचिव के रूप में अपनी सेवा 4 मई 1989 को रायडीह प्रखंड से शुरू की। करीब 35 वर्ष के सेवा काल में उन्होंने गुमला जिला अंतर्गत क्रमशः रायडीह, विशुनपुर, कामडारा, घाघरा, पुनः रायडीह में पंचायत सचिव व बीपीआरओ रहें। वहीं जुलाई 2022 में उनका पदस्थापन सिसई प्रखंड में पंचायत सचिव के रूप में हुई। प्रखंड में उन्होंने सिसई, लकेया व भदौली में पंचायत सचिव रहते हुए प्रखंड में बीपीआरओ के रूप में सेवा दी। प्रखंड में उनकी छवि कर्तव्यनिष्ठ, कर्मठ व मिलनसार पदाधिकारी के रूप में रहा। सेवानिवृत्त सह विदाई के दौरान उन्होंने कहा कि पुरे सेवा काल में जनता व सहकर्मियों का भरपूर सहयोग मिला। सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति सतत प्रक्रिया है। उन्होंने सेवाकाल के दौरान अपने साथ के सभी सहकर्मी, पदाधिकारी व आम लोगों को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। वहीं उनके सेवानिवृत्त पर बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, पंस संत साहु, मिखन टोप्पो,फागेश्वर भगत, सोमराई किण्डो, सुभाष भगत, विनोद उरांव, बजरंग उरांव, मोनिका कुमारी, आलोक खेस, देवपाल सिंह, मुमताज आलम,जनसेवक शैलेश प्रसाद यादव, संतोष झा, दिलीप मिश्रा सहित प्रखंड व अंचल कार्यालय के सभी कर्मी, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि ने उनके उज्जवल भविष्य व स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

## झारखंड तीसरा मोर्चा का महाधरना 8 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** नवगठित झारखंड तीसरा मोर्चा द्वारा रांची के राजभवन के समक्ष 8 फरवरी 2024 को ईवीएम हटाओ लोकतंत्र बचाओ नारे के साथ आयोजित महाधरना कार्यक्रम में झारखंड नवनिर्माण दल के कार्यकर्ता भी गुमला से सैकड़ो की संख्या में भाग लेने रांची जाएंगे। विदित हो कि ईवीएम से छेड़छाड़ कर भाजपा लोगों का वोट का लोकतांत्रिक अधिकार छीन रही है। जिसके चलते मतदाता अपने इच्छानुसार जनप्रतिनिधि तथा सरकार नहीं बना पा रहे हैं जिसे देखते हुए झारखंड तीसरा मोर्चा ईवीएम हटाने और लोगों के वोट का अधिकार बचाने के लिए पहले कार्यक्रम में ही ईवीएम में हो रही गड़बड़ी का मुद्दा को प्रमुखता से ली है। महाधरना कार्यक्रम में राज्य के सभी जिला से हजारों की संख्या में मोर्चा में शामिल पार्टी व संगठन के कार्यकर्ता रांची आयेंगे । गुमला जिला के सभी 12 प्रखंड से कार्यकर्ता की भागीदारी के लिए 4 फरवरी 2024 को झारखंड नवनिर्माण दल की जिला स्तरीय बैठक गुमला में बुलायी गयी है।

# ड्राइवरी नहीं सिखाये जाने के पर परेशान युवक ने खाया जहर

आजाद सिपाही संवाददाता




**सिसई।** बिहार के रतिखाप, बेदौली औरंगाबाद निवासी श्यामलाल यादव के 20 वर्षीय पुत्र अजय यादव ने बुधवार को सिसई में जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है। स्थानीय लोगों ने उसे बाजार टांड़ स्थिति बड़ा तालाब के पास से नाजुक स्थिति में रेफरल अस्पताल सिसई पहुंचाया था, वह नीला नीला उल्टी कर रहा था और मूर्क्षित था, डॉक्टर ने उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए गुमला रेफर कर दिया।वह नेशनल हाईवे चौड़ीकरण कार्य कर रहे आरकेडी कम्पनी में अपने भाई के साथ हाइवा में हेल्फर का काम करता है। अजय अपने भाई के द्वारा ड्राइवरी नहीं सिखाये जाने के कारण परेशान होकर जहर खाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को दस बजे के आस पास अजय दवा दुकानों में सल्फॉस नामक जहरीला दवा खोज रहा था,दुकानदार को शंका होने पर उसने स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी दी कुछ लोगो ने उसे पकड़कर जहर खरीदने की वजह पूछा तो वह टालमटोल करने लगा, शक होने पर पुलिस को बुलाकर उसे सौप दिया। पुलिस को उसने बताया कि उसका भाई आरकेडी कम्पनी में हाइवा ड्राइवर है, वह ड्राइवरी सीखने के लिए औरंगाबाद से अपने भाई के पास आया है, पर उसका भाई उसे ड्राइवरी नहीं सीखा रहा है, जबकि उसके बाद में आए जीजा को ड्राइवरी सीखा दिया। इसलिए वह आत्महत्या करना चाहता है।मामले की गम्भीरता को देखते हुए एसआई कृष्णा कुमार ने उसके भाई और जीजा को थाना बुलाया और उन लोगों को समझा कर वापस भेज दिया। इस दौरान कृष्णा कुमार ने अजय को सिसई के दूसरे हाइवा में हेल्फर का काम दिलाने और तीन चार माह में ड्राइवर बनवा देने का आश्वासन भी दिया था।

# गांव से लेकर शहर तक संबंध स्थापित करना आजसू पार्टी का मुख्य उद्देश: बोनीफास कुजूर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** मंगलवार को जनावल पंचायत के पठारी क्षेत्र चकडीपा में आजसू पार्टी की गुमला जिला महासचिव पिंकी कुजूर की अध्यक्षता में बैठक की गई। इस बैठक मे पंचायत कमिटी का गठन कर विस्तार किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव बोनीफास कुजूर , जिला सचिव सद्दाम हुसैन,जिला उपाध्यक्ष प्रेम पवन तिग्गा, समीर एक्का, महिला उपाध्यक्ष जीविता बड़ा, प्रखण्ड महिला उपाध्यक्ष दीप्ति रोज लकड़ा, प्रखण्ड उपाध्यक्ष सुधीर लोहरा मुख्य रुप से उपस्थित थे। जनावल पंचायत का बैठक चकडीपा स्कूल के पास बैठक किया गया। महिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमूल्या असुर सर्वसमिति से सचिव प्रदिपा असुर, कोषाध्यक्ष फोलोरेंसिया असुर, उपाध्यक्ष क्रमशः तेरेसा असुर, मालिन असुर,और ज्योति असुर, वहीं मेन विंग के अध्यक्ष के लिए निकोलस असुर और सचिव के लिए फिल्मोन असुर, कोषाध्यक्ष खीस्तोफर असुर और उपाध्यक्ष अल्फीज उरांव, अगस्टिन एक्का, बिनोद असुर मरियानुस असुर को बनया गया। वही सदस्य पद हेतु निर्दोष असुर, अब्राहम असुर, सुशील असुर, रमेश असुर, एतवा असुर, प्रधान असुर, रामलाल असुर एवम नागेश्वर उरांवने आजसू पार्टी का दामन थामा। सभी का आजसू पार्टी में धूम धाम से स्वागत किया गया।

## बीडीओ ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण



**भरनो (आजाद सिपाही)।** बीडीओ अरुण कुमार सिंह के द्वारा बुधवार को विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। मतदान हेतु मौजूद मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया और संबंधित मुखिया, पंचायत सचिव, कनीय अभियंता को 07 दिनों में कमियों को दुरूस्त करने का निर्देश दिया गया।

## अचानक बकरी के आ जाने से बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत डोबडोबी के समीप अचानक बकरी के सड़क में आ जाने से तेज गति से बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए घटना में कुल मुंडा निवासी 18 वर्षीय अनीस एकका और डोबडोबी निवासी 17 वर्षीय दुर्गा मुंडा को काफी चोट लगी। घटना की जानकारी पर परिजन एंबुलेंस से दोनों को लेकर सदस्य अस्पताल आए जहां दोनों का इलाज चल रहा है घटना में दोनों को शरीर के कई हिस्से में चोट लगी। जानकारी के अनुसार दोनों बाइक से भलमंडा किसी काम से गए थे वहीं वापसी के क्रम में यह घटना घटी।

## पत्नी की हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में ओलमुंडा सिसई निवासी जय कुंवर उरांव को अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोप में धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाया गया। वहीं आरोपी को 50 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर दो साल अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। घटना तीन जुलाई 2018 का है। इस संबंध में मंगरी देवी ने आरोपी के विरूद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करवाया था। दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि घटना के दिन आरोपी जय कुंवर उरांव व उसकी पत्नी सीता देवी बाजार हाट से लौटे थे। इसी दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया था। जिसके बाद आरोपी ने अपना कर का दरवाजा बंद करके अपनी पत्नी सीता देवी का हाथ और पैर को बांध कर लाठी से पीट-पीट कर हत्या कर दिया। जिसके बाद आरोपी वहां से भागना चाह रहा था इसी दौरान ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## युवक को अगवा कर की गयी मारपीट

**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहर से सटे फसिया ढोढरी टोली निवासी 23 वर्षीय सोनू सिंह व एक अन्य युवक को 15 से 16 लड़कों ने पालकोट रोड के समीप लकड़ी डिपो स्थित मैदान में मारपीट करने के उपरांत अगवा कर सारू पहाड़ ले गए और हाथ पैर बांधकर मारपीट किया। मंगलवार की देर शाम घायलावस्था में छोड़ दिया। इसके बाद युवक गुमला थाना पहुंचा। जहां से मेडिकल रिपोर्ट के लिए युवक को सदर अस्पताल भेज दिया गया।

# युवक ने किया फिनाइल पी सदर अस्पताल में भर्ती




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला** । सदर थाना क्षेत्र के डेवीडीह डांड टोली निवासी 27 वर्षीय युवक जगन्नाथ उरांव ने मंगलवार की रात फेनाइल का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया इसके बाद उसे परिजनों द्वारा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार युवक गांव में घूम कर घर आया उसके बाद घर में रखें फेनाइल का सेवन कर लिया और यह बात किसी को नहीं बतायी। घर में खाना पीना खाकर सभी सोने चले गए तभी युवक की पत्नी को फेनाइल का गंध आने लगा इसकी जानकारी परिजनों को दी परिजन तत्काल उसे लेकर सदर अस्पताल आए जहां उसका इलाज चल रहा है सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत वह खतरे से बाहर है। हालांकि घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया।

## व्हीलचेयर से गिरकर व्यक्ति हुआ घायल, गंभीर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुसुम मोड चौक के समीप व्हीलचेयर से गिरने से मनातू निवासी गोवर्धन मांझी गंभीर रूप से घायल हो गया घटना में उसके रीड की हड्डी टूट गई है इसके बाद परिजनों से लेकर उप स्वास्थ्य केंद्र घाघरा पहुंचे जहां प्राथमिक इलाज कर उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया सदर अस्पताल में इलाज के उपरांत डॉक्टर ने उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया प्राप्त जानकारी के मुताबिक व्यक्ति राशन लाने मनातू गया था। वापसी के क्रम में कुसुम मोड़ चौक के समीप व्हीलचेयर में ब्रेक नहीं लगने के कारण सड़क से नीचे गड्ढे में गिर गया वही वह एक पैर से विकलांग है उसका एक पैर सीधा नहीं होता है।

# भाजपा का गांव चलो अभियान संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के निदेर्सानुसार भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल की गांव चलो अभियान के निमित एक बैठक स्थानीय दुर्गा मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सभी शक्ति केंद्रों के संयोजक सह संयोजक और प्रभारी उपस्थित थे।बैठक का मुख्य उद्देश्य पार्टी की गरीबों के कल्याण के प्रति दृष्टि एवं अपनी सरकारों के द्वारा संपन्न हुए विकास कार्यों को जन जन तक ले जाकर विश्वास अर्जित करते हुए 2024 के लोकसभा में पुनः समर्थन जुटाना है। इसी निमित बैठक में सभी पंचायतों के लिए प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक बनाए गये।जो अपने अपने बूथों पर जाकर बैठक करते हुए एक दिन के प्रवास में रहेंगे। मंडल अध्यक्ष मनोहर बड़ाईक ने उपस्थित सभी सभी लोगों को गांव चलो अभियान को लेकर विस्तृत से जानकारी देते हुए सभी को अपने अपने कार्य जिम्मेवारी पूर्वक करने की बात कही वहीं आगे उन्होंने बतलाया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा जी के निर्देशन में गांव चलो अभियान का निर्णय हुआ है जिसे चार फरवरी से ग्यारह फरवरी तक करना है और प्रत्येक सक्षम कार्यकर्ता को अपने बूथ पर जाकर चौबीस घंटे का प्रवास भी करना सुनिश्चित हुआ है। बैठक में मुख्य रूप से मंडल महामंत्री अमित किशोर पाण्डेय, बुधराम नायक, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि भूषण प्रसाद सिंह,शिवा नायक,राजेश भगत, राजेश मांझी,अरविंद मौर्य,शिवम केशरी,कौशल केशरी,गोवर्धन यादव अर्चना देवी,भारती सिंह, रुक्मिणी देवी,संगीता देवी, असरीता देवी,सावित्री देवी,इला देवी,सहित कई भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विदेशी धर्म मानने वाला कभी आदिवासी नहीं हो सकता : जगन्नाथ भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कचहरी परिसर हड़ताली वृक्ष के समीप जनजातीय सुरक्षा मंच गुमला के बैनर तले आदिवासियो ने प्रदर्शन किया। सैकड़ो की संख्या में जनजातीय समाज के महिला पुरुष उपस्थित हुए। साथ ही बैठक के उपरांत एक आवेदन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम उपायुक्त को सौंपा। जिसमें जनजाति समुदाय के लोगों पर होने वाले विभिन्न कठिनाइयों का जिक्र करते हुए समाधान के लिए बात कही गयी। इस मौके पर प्रदर्शन में पहुंचे समाज के लोगों ने एक स्वर में यह बात कही कि आज जनजाति समाज के लोग सुरक्षित नहीं हैं। हमारे संस्कृति रीति रिवाज के साथ विदेशी धर्म के लोग लोग लालच देकर सीधे-साधे आदिवासी समाज की बहन बेटी को भी बरगलाकर अपने अधीन कर समाज को कमजोर कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य वक्ता जगन्नाथ भगत ने कहा कि जो सरहुल, कर्मा, देवी पार्वती महादेव धरती पेड़ पौधों को मानेगा वही आदिवासी कहलाएगा। मरियम तिर्की ने कहा कि धर्म परिवर्तन कर लोग आदिवासी परंपरा को नहीं मानते हैं। एसटी की श्रेणी में वैसे लोग नहीं आ सकते फिर उन्हें आरक्षण का दोहरा लाभ क्यों।मौके पर जिला संयोजक राज बेल उरांव भीख राम उरांव बनेश्वर भगत, सुखदेव उरांव भगवान दास उरांव बालेश्वर उरांव निर्मला उरांव कृपा शंकर भगत, निशु सोरेंग, रामावतार भगत देवेंद्र लाल उरांव भुवेशवर उरांव सोना मनी उरांव ललिता कुमारी सुलेखा कुमारी सुभाष जी खेदू नायक आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे। मंच का संचालन सुमेश्वर उरांव ने किया।

# गंदा पानी की आपूर्ति होने के विरोध में लोगों ने पटेल चौक किया जाम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** शहर के मेन रोड में विगत नौ माह से गंदा पेयजल आपूर्ति में होने से बुधवार की सुबह स्थानीय महिला पुरूषों ने उग्र होकर पटेल चौक को जाम कर दिया। इस दौरान लोगों ने पीएचडी व नगर परिषद के खिलाफ नारेबाजी किया। बताते चले कि मेन रोड के वार्ड संख्या 15 व 20 के कुछ हिस्सों में गंदा पानी का सप्लाई हो रहा है। इस संबंध में स्थानीय लोग पीएचडी, नगर परिषद से लेकर वरीय पदाधिकारी को आवेदन देकर व शिकायत करके थक गए थे। जिसके बाद सभी लोग उग्र होकर पटेल चौक को जाम किया। स्थानीय निवासी किरण केसरी ने कहा कि हम लोगों को हमेशा अलग-अलग कार्यालय में चक्कर लगवाया जा रहा है। हमारी यही मांग है कि गंदा पानी का आपूर्ति बंद किया जाय। हमें शुद्ध पेयजल चाहिए। अगर ये पानी पी कर कोई बीमार हो जायेगा तो, इसका जिम्मेदार कौन होगा। सिमरण केसरी ने कहा कि कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है अफसर के दफ्तर जा कर थक गए है। इस कारण से आज में ये कदम उठाना पड़ रहा है। योगेंद्र साहू ने कहा कि पानी से दुर्गंध आ रहा है इसके विरोध में आज जाम किया गया है। जिला प्रशासन का मनमानी नहीं चलेगा। वहीं जाम लगने के 10 मिनट में ही गुमला थानेदार विनोद कुमार दलबल के साथ उक्त स्थल पहुंच कर लोगों को समझा कर जाम को खाली कराया। इधर लोगों की बात सुन कर ईओ ने पीएचडी के जेई मनोज सिंह को बुलाया और लोगों को आश्वासन दिया किया आपकी समस्या को दूर किया जायेगा। इसके लिए पानी के पाईप के फॉल्ट वाले एरिया के पहचान के लिए मैपिंग किया जायेगा। जिसके लिये एक फरवरी से काम शुरू होगा।

## जेआरजीबी लेखापाल मिथिलेश राम के सेवानिवृत्त होने पर दी गयी विदाई



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज शहर के झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक में कार्यरत लेखापाल अधिकारी मिथिलेश राम को सेवानिवृत्त होने पर बुधवार को बैंक परिसर में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। शाखा प्रबंधक अमन कुमार जोशी, ढाब कला शाखा प्रबंधक राहुल कतरियार, क्षेत्रीय अधिकारी महेन्द्र पासवान, कार्यालय सहायक तपेंद्र कुमार, कैशियर मो. आसिफ हुसैन, लेखापाल पवन कुमार गोस्वामी सहित कई बैंक कर्मियों के अलावे सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित करते हुए विदाई दी। इस दौरान शाखा प्रबंधक अमन कुमार जोशी ने कहा कि मिथिलेश राम करीब 39 वर्षों तक अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त आम प्रक्रिया है, जिससे हर अधिकारी और कर्मी को गुजरना पड़ता है। लेकिन उनके द्वारा किए गए अच्छे कार्यों को हमेशा याद किया जाता है। वहीं, ढाब कला शाखा प्रबंधक राहुल कतरियार ने कहा कि नौकरी में आना-जाना लगा रहता, लेकिन अच्छा कार्य करने वाले को विभाग हमेशा याद रखती है। वहीं सेवानिवृत मिथिलेश राम ने 39 वर्षो का किए गए कार्यों को सभी के साथ अनुभव साझा किया। मौके पर बसपा के पूर्व प्रदेश सचिव प्रमोद कुमार रवि, राजकुमार गौतम, डॉ एसपी वर्मा, भीमदयाल रमन, सुरजमल राम, वैश्य जागृतिमंच के अध्यक्ष गंगा जायसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता श्यामलाल मेहता आदि उपस्थित थे।

## जपला एसबीएस महाविद्यालय के व्याख्याता महेंद्र सिंह की सेवानिवृत्ति पर दी गयी विदाई



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला के शहीद भगत सिंह इंटर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के व्याख्याता महेंद्र कुमार सिंह के सेवानिवृत होने पर बुधवार को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संजय कुमार सिंह और संचालन प्रो अरविंद कुमार सिंह ने किया। इस दौरान कर्मचारियों ने व्याख्याता को अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही सुखद स्वास्थ्य की कामना की। वहीं, प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि व्याख्याता महेंद्र सिंह अपने कार्यकाल के दौरान कुशलता पूर्व अपने कर्तब्यों का निर्वहन किये। उनके मधुर प्रेम और आत्मीयता को सदा याद रखेंगे। मौके पर प्रेमनाथ, धनंजय कुमार सिंह, ममता सिंह, संजय सिंह, गंगा प्रसाद चौधरी, नागेंद्र सिंह, लेखापाल अरुण कुमार सिंह, दिग्विजय सिंह आमोद, मो मुकशीद, अमित रंजन मिश्रा, आकाश सिंह, आशुतोष इंदु शेखर, हरिहर मेहता, नागेंद्र ठाकुर, नागेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## ओबीसी जागरूकता रथ पहुंचा मुरमा और तिसीबार गांव



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ओबीसी एकता व अधिकार जागरूकता रथ बुधवार को तिसिबार, मुरमा, कुटमू बाजार पहुंचा। बाजार के समीप नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए प्रमंडलीय संयोजक गोरख नाथ चौधरी ने कहा कि ओबीसी मोर्चा रथ का मुख्य उद्देश्य आजादी से लेकर आज तक जो ओबीसी के हक और अधिकार को दबा कर बैठे हैं, वो लोग आरक्षण के नाम पर ओबीसी समाज की हत्या किये है। जब तक ओबीसी को हक-अधिकार नहीं मिलेगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। उन्होंने 11 फरवरी को पलामू शिवाजी मैदान चलने का आग्रह किया। कहा कि ओबीसी समाज का मकसद राजनीतिक दल और संगठन को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि ओबीसी को उचित हक और अधिकार दिलाना है। उन्होंने कहा कि रघुवर सरकार में 14 प्रतिशत आरक्षण मिलता था लेकिन हेमंत सरकार ने आरक्षण ही खत्म कर दिया है। कहा कि हमलोग हिंदू- मुस्लिम में फंसकर लड़ते रह जातें हैं। ओबीसी संयोजक अखतर अंसारी ने कहा कि ओबीसी की जनसंख्या के अधार पर राजनीतिक हिस्सेदारी सुनिश्चित करना जरूरी है। मौके पर अमर प्रसाद, गोपाल प्रसाद, सतेंद्र प्रसाद, विमलेश गुप्ता, शंकर प्रताप विश्वकर्मा आदि थे।

# झोला छाप चिकित्सक के इंजेक्शन लगाते ही युवक की मौत, हंगामा

## पुलिस के हस्तक्षेप से शांत हुआ मामला, पांकी के परसिया गांव का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी प्रखंड के परसिया गांव में झोलाछाप चिकित्सक द्वारा इलाज के दौरान इंजेक्शक लगाने के बाद एक युवक की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान सुमन कुमार यादव उर्फ हरि के रूप में हुई है। वहीं, मृतक के परिजनों ने झोलाछाप चिकित्सक रामदयाल राम पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। साथ ही झोलाछाप चिकित्सक रामदयाल राम पर कार्रवाई करने की मांग की। स्थिति तनावपूर्ण होता देख पांकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझा कर मामला शांत कराया। उधर, मृतक के ससुर राजकुमार यादव ने बताया कि मंगलवार को दिनभर हरि ठीक ठाक था। शाम को अचानक सिर में दर्द देने लगा। इस बीच गांव के



मृतक सुमन यादव उर्फ हरि की फाइल फोटो।

रामदयाल राम नामक चिकित्सक को बुलाया गया, जिसने एक इंजेक्शन लगाया और कुछ दवा दी। पर इंजेक्शन लगाने के आधे घंटे बाद हरि तड़पने लगा। परिजन कुछ समझ पाते तब तक उसकी मौत हो गयी। वहीं, मृतक के भाई सुनील यादव ने झोलाछाप चिकित्सक रामदयाल राम पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया। बताया कि पहले भी इस तरह की घटना डॉ रामदयाल राम द्वारा हो चुकी है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों ने थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया था। गौरतलब हो कि युवक की शादी साल 2020 में हुई थी। मृतक की ढाई साल का पुत्र और एक साल की एक पुत्री हैं। युवक पेशे से मजदूर था। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो का बुरा हाल है। दूसरी ओर, घटना की सूचना मिलते ही सगालीम के मुखिया सुनील प्रजापति मृतक के घर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। साथ ही हर संभव मदद का भरोसा दिया। जबकि पांकी थाना प्रभारी उपेंद्र नारायण सिंह ने बताया कि उन्हें जानकारी मिला है। पुलिस जांच कर रही है। परिजनों द्वारा अभी तक लिखित आवेदन नहीं मिला है। बतातें चले कि पांकी प्रखंड में दर्जनों अवैध नर्सिंग होम है जहां इलाज कराने पहुंचने वाले भोले भाले लोगों को अक्सर जान गंवानी पड़ जाती है। परिजन द्वारा हंगामा करने पर स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी द्वारा लिपापोती कर छोड़ दिया जाता है जिससे झोलाछाप चिकित्सकों का मनोबल बढ़ा रहता है।

### मुझसे गलती हुई है : आरोपी चिकित्सक

वहीं, आरोपी चिकित्सक रामदयाल राम ने अपनी गलती स्वीकार की है। कहा कि मेरे द्वारा जानबूझ कर ऐसा काम नहीं किया गया है। जो चार लोग बोलेंगे, हमको मंजूर होगा। उसकी भरपाई हम करने को तैयार हैं। वहीं, पांकी चिकित्सक प्रभारी महेंद्र प्रसाद ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। जांच की जा रही है। डॉक्टर के दोषी पाए जाने पर उस पर उचित कार्रवाई की जायेगी।

## पांकी विधायक ने ऑनलाइन किया कई योजनाओं का शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** नीलाम्बर पिताम्बरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में बुधवार को विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने विधायक मद की राशि से पीसीसी पथ, पुलिया, सड़क मरम्मती, शमशान घाट, आहार समेत 83 योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि पांकी



विधानसभा में हर जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर उतारने का काम कर रहा हूं। गांव टोले मुहल्ले से लेकर मुख्य सड़कों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर प्रो बचन ठाकुर, लाला यादव, संजय चंद्रवंशी, कमेश यादव, जिला प्रतिनिध प्रकाश मेहता, मुखिया पायनर पाण्डे, निर्मल मेहता, सुनील प्रसाद गुप्ता, देवराज कुमार, सुधीर तिवारी सहित कई लोग मौजूद थे।

## संत मरियम स्कूल में चलाया गया जागरूकता अभियान

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत बुधवार शहर के संत मरियम स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान सह क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्हें दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने के फायदे के बारे में बताया। उन्हें हिट एंड रन, साइनेज, गुड सेमेरिटन ड्रिंक एंड ड्राइव आदि के बारे में जानकारी दी गयी। बच्चों को यह बताया गया कि सड़क सुरक्षा का पालन कर दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सकती है। वहीं क्विज प्रतियोगता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर विनीत कुमार, ट्रैफिक इंचार्ज रामजीत सिंह आदि थे।

## अबुआ आवास योजना में अनियमितता किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं : योगेंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को प्रखंड 20 सूत्री की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता 20 सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू और संचालन बीडीओ सह सचिव रोशन कुमार सिंह ने किया। बैठक में प्रखंड में संचालित स्वास्थ्य, मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, खाद्य आपूर्ति एवं कृषि सहित अन्य विभागों की योजनावार समीक्षा की गई। इस दौरान अबुआ आवास पर विशेष चर्चा की गई। 20 सूत्री अध्यक्ष ने कहा कि अबुआ आवास योजना का लाभ अत्यंत गरीबों और बेघरों को देना सुनिश्चित करें। योजना में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्राइवेट फाइनेंस कंपनी



द्वारा क्षेत्र के गरीब महिलाओं को लोन देने के नाम पर ठगी की जा रही है। इस पर तत्काल रोक लगाते हुए दोषियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने लाभुकों को समय पर राशन वितरण करना सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा बैठक में कई प्रस्ताव के समीक्षा की गयी। इसके बाद समाधान की दिशा में बीडीओ ने आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष जीशान हसन, स्वास्थ्य उपाधीक्षक डॉ दीपक कुमार, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, विनय पासवान, हंसराज सिंह, राजेश सिंह, एसआई शौकत खान, बीपीएम विभूति कुमार, अविनाश सिंह, प्रखंड कोऑर्डिनेटर राजू रंजन, पंचायत सेवक सूर्यदेव राम, सुपरवाइजर नीलम कुमारी, अमित कुमार, एमओ मनोज कुमार, गोदाम प्रबंधक अनिल कुमार आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



भारत के दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को जारी ताजा आइसीसी गेंदबादी रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों के शीर्ष-10 की रैंकिंग में विराट कोहली ही हैं।

## आइसीसी टेस्ट रैंकिंग : बुमराह को भी हुआ फायदा, रवींद्र जडेजा भी शीर्ष-10 में शामिल

# अश्विन की बादशाहत कायम, बल्लेबाजों में शीर्ष-10 में सिर्फ एक भारतीय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को जारी ताजा आईसीसी गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है, जबकि हमवतन जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारत की 28 रन की हार के दौरान मैच में छह विकेट चटकाने वाले अश्विन के 853 रेटिंग अंक हैं, जबकि आधा दर्जन विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज बुमराह एक पायदान चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की शीर्ष-10 की रैंकिंग में भारत का सिर्फ एक खिलाड़ी है। टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग की बात करें तो शीर्ष 10 में



गेंदबाद आर अश्विन।

अश्विन और बुमराह के अलावा तीसरे भारतीय बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा हैं। वह छठे स्थान पर काबिज हैं। जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। हालांकि, उन्हें इंग्लैंड के जो रूट से कड़ी चुनौती मिल सकती है जो हैदराबाद टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने के साथ ही चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। अगर इंग्लैंड का यह दिग्गज गेंद से भी अच्छा प्रदर्शन जारी रखता है तो जडेजा को इस सीरीज में ही पीछे छोड़ सकता है।

### रूट ऑलराउंडरों की सूची में टॉप-5 में

रूट को मुख्य रूप से उनके बल्लेबाजी कौशल के लिए जाना जाता है, जबकि 33 साल के इस तेज गेंदबाज ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में इंग्लैंड के लिए पहला ओवर भी फेंका था। पांच विकेट ने रूट को टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में एक नई करियर-बेस्ट रेटिंग पर पहुंचा दिया है। रूट ऑलराउंडरों में अश्विन और शाकिब-अल-हसन से पीछे हैं, जबकि अक्षर पटेल एक पायदान गिरकर छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

### कोहली बल्लेबाजों में शीर्ष-10 में शामिल

बल्लेबाजों में शीर्ष-10 में एकमात्र भारतीय विराट कोहली हैं। इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती दो टेस्ट से बाहर होने के बावजूद कोहली की रैंकिंग में एक स्थान का सुधार हुआ और वह छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं, हैदराबाद में इंग्लैंड को मैच जिताने वाले ओली पोप 20 स्थान की छलांग के साथ 15वें स्थान पर पहुंच गए। पोप ने दूसरी पारी में 196 रन बनाकर भारत को हैरान कर दिया था। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया और भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे के साथ 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा गाबा में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में अर्धशतक के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद वेस्टइंडीज के तीन तेज गेंदबाजों ने भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया। केमार रोच दो स्थान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार स्थान ऊपर 33वें और गाबा में प्लेयर ऑफ द मैच रहे शमर जोसेफ 42 स्थान के फायदे के साथ 50वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के बीच अब तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। वहीं, भारत और इंग्लैंड के बीच दो फरवरी से विशाखापत्तनम में सीरीज का दूसरा टेस्ट खेला जाएगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जल यात्रा के दौरान वाहन से गिर कर घायल युवक की मौत, गांव में शोक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ऊपरी कला पंचायत के मोबारकपुर गांव निवासी अमित कुमार सिंह के एकलौता पूत्र ओम प्रकाश सिंह ऊर्फ गोलू की मौत रांची के निजी अस्पताल में मंगलवार की रात के इलाज के दौरान हो गई। जानकारी के अनुसार विगत 27 जनवरी को मोबारकपूर में देवी मंदिर सह शिव हनुमान प्राण प्रतिष्ठा सह सतचंडी महायज्ञ अनुष्ठान को लेकर जल यात्रा निकाली गईं थी इस दौरान देवरी सोन नदी घाट जाने के क्रम में एक वाहन से गिरकर गोलू गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे लोगों ने तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिऐ सदर अस्पताल रेफर कर दिया था, उसकी स्थिती वहां भी बिगड़ती देख बेहतर इलाज के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया था। परिजनों ने उसे रांची के सैंमफोर्ड अस्पताल में भर्ती कराया था। तीन दिनों के बाद उसकी मौत हो गई। इसकी सूचना मिलते ही गांव में मातम छा गया। देर रात शव पहुंचते ही उसके घरों में कोहराम मच गया। उसका अन्तिम संस्कार बुधवार को गांव से कुछ दूरी पर स्थित शमशान घाट पर किया गय। उसके निधन पर स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह, पूर्व विधायक संजय कुमार यादव, भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, कर्नल संजय सिंह, प्रभात कुमार सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धनंजय कुमार तिवारी आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### पलामू सांसद लालगढ़ वासियों के साथ कर रहे सौतेला व्यवहार : धर्मेंद्र चौधरी



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम लालगढ़ वासियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं। उक्त बातें विश्रामपुर प्रखंड के लालगढ़ के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने कही। वे बुधवार क अपने आवास पर पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में लालगढ़ स्टेशन के पास की जो स्थिती है वो किसी से छिपी नहीं है। ना ही फुट ओवरब्रिज है और ना हीं अंडरपास। पलामू एक्सप्रेस को रुकवाने के लिए हम सभी ग्रामीणों के साथ कई बार लालगढ़ व पंजरी फाटक के पास धरना प्रदर्शन भी किया। साथ ही सांसद से मिलकर कई बाद हस्ताक्षरयुक्त आवेदन भी दिया। लेकिन अभी तक इसपर मामले का न हल ही हुआ और न ही इसपर कोई विचार ही किया गया। स्थिति जस की तस बनी हुई है। धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि कोरोना काल के पहले लालगढ स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव हुआ करता था। जिससे तोलरा, पंजरी, डंडा सहित सैकड़ो गांव के लोग लाभाविंत होते थे। धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि हमलोग पलामू सांसद का प्रचार-प्रसार कर हरसंभव मदद किए। लेकिन सांसद द्वारा हमलोगों के साथ सौतेला व्यवहार किया गया हैं। उन्होंने कहा कि सैकड़ों लोगों के साथ एक बार फिर डीआरएम एवं रेलमंत्री से मिलकर इस समस्या का समाधान करने की मांग करेंगे।

### शिक्षक कन्हाई राम हुए सेवानिवृत्त, दी गयी विदाई



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर कन्या मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हाई राम बुधवार को सेवानिवृत हो गये। इस अवसर पर उनके सम्मान में विद्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता शिक्षक नीतीश कुमार व संचालन आशीष राणा ने किया। शिक्षकों ने कन्हाई राम के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने अनुसाशन व संस्कार पूर्ण शिक्षा बच्चों को दी है। कन्हाई राम ने कहा कि स्कूल के छात्राओं का हमेशा अपने बच्चों जैसा ख्याल रखा है। बच्चों ने भी मुझे पूरा सम्मान दिया है। समारोह में स्कूली बच्चों ने विदाई गीत गाकर माहौल को कुछ समय के लिये गमगीन कर दिया। मौके पर दयाशंकर बाजपेयी शिक्षिक अरविंद कुमार, संजय कुमार, देवेश कुमार, कमरुल हक, अनिता कुमारी, रविरंजन पाठक, कमरोज आलम, चंदन कुमार और बेबी देवी आदि उपस्थित थे।

### प्रखंड में धान केंद्र नहीं खोलने पर किसानों में रोष, सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों मौन : सुधीर सिंह



**नीलांबर पितांबरपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिला प्रशासन के सुस्ती के कारण नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड में अभी तक धान क्रय केंद्र नहीं खोला गया। जिस करण किसानों में रोष व्याप्त है। प्रखंड क्षेत्र किसान आंदोलन करने केलिए चेतावनी भी दे दी है। प्रखंड क्षेत्र के पूणार्डीह निवासी किसान सह समाजसेवी सुधीर सिंह ने कहा कि धान क्रय केंद्र पदाधिकारी राजेश पाठक से इस संबंध में जानकारी लिया तो उन्होंने कहा कि हमारे पास 5-6 से अधिक विभाग का प्रभार है। इसलिए धान क्रय केंद्र चलाना हमारे बस के बात नहीं है। यह कहकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह धान क्रय पदाधिकारी बात को टाल देते हैं। वहीं पैक्स अध्यक्ष मनोरंजन दुबे तथा जगरनाथ दूबे भी पदाधिकारी को केंद्र पर नहीं आने की बात करते हैं। और बोलते हैं कि जिस दिन धान क्रय केंद्र पर क्रय पदाधिकारी आकर पासवर्ड लोगिन कर देंगे उसी दिन से धान की खरीदारी शुरू कर दी जाएगी। प्रखंड में दो धान क्रय केंद्र है लेस्लीगंज एवं कोट खास गांव में लेकिन दोनों केन्द्र का एक ही हाल है। इस मामले में सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों नेता मौन हैं। नतीजा किसानों को अपनी धान को औने पौने दामों में व्यापारी के पास बेचने पर मजबूर हैं। सुधीर सिंह ने कहा कि अगर धान खरीदारी जल्द शुरू नहीं की गई तो प्रखंड के किसानों को साथ लेकर पदाधिकारीयों के खिलाफ आंदोलन करने पर बाध्य हो जाएंगे। दूसरी ओर, इस बाबत पूछे जाने पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी सह धान क्रय पदाधिकारी राजेश पाठक ने बताया कि अभी हम लोगों का धान क्रय केंद्र का आईडी पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ है। एक-दो दिन के अंदर आईडी पासवर्ड प्राप्त होते ही धान की खरीदारी शुरू कर दी जाएगी।

### चलो गांव की ओर कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चलो गांवों की ओर कार्यक्रम को लेकर बुधवार को विश्रामपुर नप मुख्यालय में भाजपा नगर मंडल की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता महामंत्री मनीष कुमार व संचालन उपाध्यक्ष रजनीश कुमार ने किया। इस अवसर पर रामचंद्र यादव ने भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को चलो गांवों की ओर कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस मौके पर भाजपा जिला कार्यसमिति किरण देवी, महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, महामंत्री अर्चना देवी, प्रभुषण चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## बोकारो स्टील प्लांट के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गयी विदाई



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के सेवानिवृत कर्मियों के लिए बुधवार को मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद के अलावा मुख्य महा प्रबंधक (सीआरएम-3) दीपक रॉय और मुख्य महा प्रबंधक (नगर प्रशासन) कुंदन कुमार उपस्थित थे। आरंभ में वरीय प्रबंधक (कार्मिक) अंकिता देव ने आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत हो रहे कर्मियों का बायोडाटा प्रस्तुत किया। अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की।

### इस बार 10वीं की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों का विधायक ने बढ़ाया उत्साह

# मन लगाकर पढ़ें और अच्छे नंबर से पास हों विद्यार्थी: लंबोदर महतो





दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन करते गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व अन्य। इस बार 10वीं की परीक्षा देने वाले विद्यार्थी व स्कूल की शिक्षक-शिक्षिकाएं।

आजाद सिपाही संवाददाता

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड अंतर्गत होसिर पूर्वी पंचायत स्थित होसिर उच्च विद्यालय में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए विधायक डॉ लंबोदर महतो ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विधायक का स्वागत किया। वजबकि बच्चों ने स्वागत गान किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि आज के बच्चे कल के भविष्य हैं। आप लोग इस बाद 10वीं की परीक्षा देने जा रहे हैं। इसलिए मन लगाकर पढ़ाई करें और अपना रिजल्ट अच्छा करें। उन्होंने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं होती है। बस उन्हें तराशने वाला चाहिए। इस दिशा में होसिर उच्च विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं काफी मेहनत भी कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सब सकारात्मक सोंच के साथ निरंतर आगे बढ़ें, सफलता अवश्य मिलेगी। कठिन परिश्रमी बनें और हमेशा अच्छा करने की सोच रखें।

विधायक ने कहा कि देश और राष्ट्र के लिए कुछ करने की मन में चेष्टा बनाए रखकर आगे की तैयारी करें, क्योंकि देश का भविष्य आपके कंधों पर है। वहीं पूर्व मुखिया घनश्याम राम ने कहा कि छात्र जीवन के लिये 10वीं की परीक्षा काफी अहम होती है। इस परीक्षा से बेहतर सफलता पाने पर आगे के भविष्य को संवारने के लिये काफी मदद मिलती है। उन्होंने सभी छात्रों को बचे हुए समय में ईमानदारी पूर्वक मेहनत के साथ पढ़ाई करने को कहा। इस मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक ललन प्रसाद, मुखिया सावित्री देवी, पंसस गीता देवी, उपमुखिया रंजीत साव, समाजसेवी मोहन नायक, नबीन प्रसाद, सुजीत प्रसाद, कुलदीप राम, मनोहर राम, सोहित प्रसाद, अटल हलधर, रामा ठाकुर, चितरंजन सिंह, सुनील यादव, तुमन तिवारी आदि उपस्थित थे।

# गरीबों को नजरअंदाज कर संपन्न लोगों को योजना से लाभान्वित किया: सूर्यकांत







- मुखिया ने लगाया अबुआ आवास के चयन प्रक्रिया में जांच समिति कर मनमानी का आरोप
- अबुआ आवास लाभुकों के चयन में अनियमितता की डीसी से जांच की मांग, दी आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** बाघमारा प्रखंड में अबुआ आवास योजना में अनियमितता व भ्रस्टाचार का मामला फिर एक बार गरमा गया है। इसे लेकर बुधवार को सिंगड़ा पंचायत सचिवालय में मुखिया सुर्यकांत महतो के नेतृत्व में ग्रामीणों की बैठक हुई। इस दौरान ग्रामीणों ने पंचायत में अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया। कहा कि अबुआ आवास के योग्य लाभुकों की जांच करने आये चयन जांच समिति ने ग्रामसभा की सूची को दरकिनार कर उनका नाम काट दिया और अयोग्य लाभुकों को सूची में आगे कर दिया। ग्रामीणों ने पंचायत समिति व उपमुखिया पर आरोप मढ़ते हुए कहा कि इनके चयन जांच समिति में रहने के बावजूद योग्य ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिला हैं। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। कहा कि ग्रामसभा की सूची देकर सभी योग्य अबुआ आवास के लाभुकों को लाभ मिले और दोषी पर कार्रवाई हो। इस संबंध में ग्रामीण आदरी देवी ने बताया कि उसका नाम अबुआ आवास योजना में आया था, पर चयन समिति द्वारा काट दिया गया। उसका पति मजदूरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गरीब होने के बाद भी आवास नहीं मिला। वहीं ग्रामीण अखिलेश कुम्भकार ने बताया कि उसका घर खपड़ैल का है। वह कई बार पंचायत प्रतिनिधियों एवं पंचायत अधिकारियों को आवेदन व आग्रह कर चुका है पर अबतक उसे कोई आवास नहीं मिला है। इस संबंध में मुखिया सूर्यकांत महतो ने कहा कि अबुआ आवास के चयन में भारी गड़बड़ी हुई है। जांच को आये चयन जांच समिति ने योग्य ग्रामीणों को दरकिनार कर योजना से वंचित कर सूची से बेदखल कर दिया। समिति द्वारा चयन प्रक्रिया में नियम विपरीत काम किया गया है। गांव में ऐसे लोगों को आवास मिला है जो आर्थिक रूप से परिपूर्ण हैं। जिसके पास पक्के मकान, चार पहिया वाहन, टीवी, फ्रीज आदि सभी जरूरत का सामान पहले से मौजूद है। चयन समिति द्वारा तमाम नियमों को ताक पर रख कर गरीब लोगों की अनदेखी की गई है। मुखिया ने धनबाद डीसी को ग्रामीणों का एक लिखित आवेदन देकर अबुआ आवास में दोबारा जांच कराने की मांग की है। मुखिया ने कहा कि अगर डीसी द्वारा जांच कर जरूरतमंदों को आवास नहीं दिलाया तो ग्रामीण आंदोलन करने को बाध्य होंगे। दूसरी ओर, पंसस पार्वती देवी ने बताया कि प्रखंड से आये अधिकारियों ने उन लोगों को तरजीह ही नहीं दी। खुद से जांच कर सभी लोगों का अंक बैठाया और चले गये।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## घुमंतू बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा बाल अधिकार संरक्षण आयोग



**कतरास (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तहत स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में धनबाद के सहायक श्रमायुक्त कार्यालय की ओर से शुरू किए गए सड़कों पर लावारिस घूमकर जीवन व्यतीत कर रहे बच्चों को रेस्क्यू एवं पुनर्वास की व्यवस्था शुरू की गई है। इसी के मद्देनजर बुधवार को स्थानीय पुलिस की सहयोग से तेतुलमारी थाना क्षेत्र के मनसा मंदिर के समीप गुलगुलिया बस्ती में बाल अधिकार संरक्षण अयोग की जिला टीम पहुंची और घुमंतू बच्चे जो भीख मांगते हैं उनके माता पिता से मिलकर सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधायों के बारे में बताया। साथ ही उनसे बच्चों को विद्यालय भेजने का आग्रह भी किया। लगे हाथ बच्चों को उपहार देकर उन्हें विद्यालय जाने के लिए समझाया और उनके अभिभावक को सरकारी पुनर्वास दिलाने की बात कही। मौके पर जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, श्रम प्रवर्तक पदाधिकारी बसंत महतो, एलपीओ विशंभर पोद्दार केश वर्कर, मोहम्मद उष्मान, सुपर वाइजर पूनम कुमारी, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट समांयक नईम उद्दीन अंसारी आदि थे।

## बेरमो में तीन घरों में ताला तोड़कर चोरी



**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** बेरमो थाना क्षेत्र के करगली बाजार मद्रसी मुहल्ला में मंगलवार की देर रात चोरों के गिरोह ने तीन बंद घरों में निशाना बनाया। इनमें से दो घरों से कीमती सामान हाथ लगे, जबकि एक घर से खाली हाथ ही लौटना पड़ा। चोरों ने सीसीएल कर्मी रामाकांत राम, बाबू स्वामी के घर में चोरी की। जबकि वृद्ध महिला जय श्री जो पुराना बीडीओ ऑफिस में इडली बेचती है, एक कमरे में सोयी थी। चोरों ने उसे कमरे की कुंडी बाहर से बंद कर दूसरे कमरे का ताला तोड़ घर में घुस तो गए पर उन्हें कुछ नहीं मिला। बताया जा रहा कि रामाकांत राम अपने घर औरंगाबाद और बाबू स्वामी अपना इलाज कराने एक माह पहले ही चेन्नई गए हुए थे। घटना की सूचना पड़ोसियों ने गृहस्वामी और पुलिस को दी। इसके बाद बेरमो पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी ली। इस बाबत गंगा राम ने बताया कि रामाकांत सोमवार को औरंगाबाद अपने घर गए थे। उन्होंने उन्हें रात में सोने के लिए चाभी दी थी। बताया कि वह शादी-विवाह में बैंड बजाने का काम करता है। घटना वाली रात वह ऊपरतुरियों से सुरही बारात लगाने चला गया था। देर रात दो बजे बरात लगाकर जब वापस घर लौटा तो मकान का ताला टूटा था और सारा सामान बिखरा हुआ मिला। उसने तुरंत इसकी सूचना पड़ोसियों और रामाकांत को दी। दोपहर बाद रामकांत औरंगाबाद से करगली बाजार पहुंचे और सामानों का मिलान किया। इसके बाद बेरमो थाना में लिखित आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि चोरों ने 25 हजार नगद, चांदी का सिक्का सहित लगभग 500 ग्राम चांदी, सोने के दो नाक का व एक चंद्रमा की चोरी की है। वहीं बाबू स्वामी के घर से कितने की चोरी हुई है इसका पता नहीं चल पाया है।

## 22 वां इस्पातांचल स्वदेशी मेला 10 फरवरी से

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से 22 वां इस्पातांचल स्वदेशी मेला 10 से 18 फरवरी तक सेक्टर-4 के मजदूर मैदान में आयोजित होगा। जिसकी तैयारी की समीक्षा बैठक मंच के जिला संयोजक कुमार संजय की अध्यक्षता में हुई। मेला के सफल संचालन के लिए चार चेंबर के संजय बैध को मेला का संयोजक बनाया गया है। राष्ट्रीय मेला प्रमुख सचिंद्र बरियार ने कहा कि इस बार मेला का थीम स्वावलंबन बोकारो रहेगा। बैठक में दिलीप वर्मा, अजय चौधरी उर्फ दीपक, प्रमोद सिन्हा आदि थे।

# सिंह मेंशन परिवार व जश्रसं आपके साथ ही खड़ा मिलेगा : रागिनी सिंह

गफ्फार अंसारी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने थामा भाजपा-जश्रसं का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



जश्रसं के मिलन समारोह को संबोधित करती महामंत्री रागिनी सिंह।

**झरिया।** भौंरा 16 नंबर खेल मैदान में बुधवार को जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) का मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसका नेतृत्व गफ्फार अंसारी ने किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जश्रसं की महामंत्री रागिनी सिंह भी उपस्थित थी। इस महिलाओ-कार्यकर्ताओं ने 51 किलो का फूलों का माला पहना कर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान गफ्फार अंसारी के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने रागिनी सिंह में अपनी आस्था व्यक्त कर जश्रसं व भाजपा का दामन थाम लिया। इस असर पर रागिनी सिंह ने सभी युवाओं को माला पहना कर पार्टी में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जश्रसं हमेशा अप लोगों के साथ खड़ा रहा है और आगे भी रहेगा। आप सबके साथ और सहयोग से आगे कार्य करते रहेगा। आप लोगों को पूर्ण विश्वास दिलाती हूं कि मेरी जहां भी आवश्यकता पड़ेगी आप मुझे अपने साथ पाएंगे। सिंह मेंशन परिवार और जश्रसं हमेशा परिवार की तरह आपके साथ खड़ा रहेगी। इस मौके पर सतेंद्र कुमार, उमेश यादव, अभिषेक पाण्डेय, विशाल श्रीवास्तव, चीकू महतो आदि मौजूद थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**कतरास (आजाद सिपाही)।** श्यामडीह सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। छोटे-छोटे बच्चों ने मां भारती, स्वामी विवेकानंद, नेता सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी आदि विभूतियों के वेशभूषा में अलग-अलग कार्यक्रम पेश किया। वहीं, विद्यालय के सचिव विक्रम राजगढिया ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जबकि अध्यक्ष प्रदीप खेमका ने विद्यालय के विकास पर विस्तार से चर्चा की। मौके पर कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, प्रधानाचार्य अभिमन्यु सिंह, श्रवण खेतान, सुनीता खेमका, दीपक अग्रवाल, अधिवक्ता डीएन चौधरी, नकुल चंद्र दास, कमलेश सिंह, कैलाश राजगढ़िया, चुन्ना यादव, कृष्ण कन्हैया राय, हरि अग्रवाल, संतोष जलान, अनिल बंसल, कमलेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### नाराजगी : 13 सूत्री मांगों को लेकर डटे रहे कार्यकर्ता

# दो घंटे तक बंधक बने रहे अधिकारी-कर्मी

बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में ताला जड़कर किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



गेट के समक्ष विभिन्न मागों को लेकर प्रदर्शन करते जश्रसं समर्थित लोग।

**धनसार।** मजदूर समस्याओं का निराकरन नहीं किए जाने व संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ भेदभाव करने से नाराज जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को बस्ताकोला क्षेत्रीय कार्यालय में ताला जड़कर दो घंटे कर प्रदर्शन किया. इस दौरान कार्यालय के अंदर काम कर रहे अधिकारी व कर्मचारी दो घंटे तक बंधक बने रहे। लोगों ने महाप्रबंधक जीसी राय को तानाशाह बताते हुए जमकर नारेबाजी की। इस प्रदर्शन में बस्ताकोला क्षेत्र के बेरा, दोबारी, घनुडीह, चांदमारी, विक्ट्री, राजापुर सहित विभिन्न कोलियरी से बीसीसीएल कर्मी और कार्यकर्ता शामिल हुए। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जश्रसं के क्षेत्रीय सचिव विजय कुमार ने कहा कि बस्ताकोला प्रबंधन ने हमारे यूनियन के साथ भेदभाव कर रहा है। विभिन्न कोलियरियों में मजदूर समस्याओं को लेकर संगठित और असंगठित द्वारा दिए गए मांग पत्र पर वार्ता न करने व अन्य समितियों में इस संगठन को स्थान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व मे जश्रसं ने इन मांगों के अलावा घनुडीह में मैनुअल लोडिंग चालू करने, सभी आवासीय कालोनियों का जर्जर पाइप को बदलने, चांदमारी बेरा मार्ग में सफाई करने, बेरा से आमटाल तक सड़क बनाने की मांग सहित 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया था। पर बीसीसीएल प्रबंधन इन मांगों को दरकिनार करते हुए जश्रसं से भेदभाव किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर बस्ताकोला प्रबंधन का यही रवैया रहा तो पूरे बस्ताकोला क्षेत्र के कोलियरी का चक्का जाम कर दिया जाएगा। वहीं, दो घंटे के प्रदर्शन के बाद अधिकारी पहुंच प्रदर्शनकारियों के साथ वार्ता की। जहां मांगपत्र लेते हुए जल्द वार्ता कर समस्याओं का निष्पादन करने का आश्वासन दिया। इसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। इस मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गोप, क्षेत्रीय अध्यक्ष अनिल नोनिया, पप्पू पासवान, दिनेश पासवान, उपेंद्र सिंह, प्रेम गोप, राजू दास, देशराज, मदन राय, रूपलाल बेलदार, सुबोध सिंह और राजेश पांडे आदि उपस्थित थे।

## डीएवी-6 के विद्यार्थियों ने 'संस्कृति सृजन प्रदर्शनी' में दिखाई प्रतिभा

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** सेक्टर 6 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में बुधवार को विभिन्न विषयों पर आधारित संस्कृति सृजन 2023-24 प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल डीएवी जोन-जी के एआरओ अरुण कुमार ने फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं, विद्यालय के विज्ञान, कला, वाणिज्य, भाषा साहित्य, खेल, कंप्यूटर और संगीत विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों के 350 चार्ट व 250 मॉडल के प्रदर्शनी लगाई और अपनी प्रतिभाओं को दिखाया। इस मौके पर झारखंड जोन-जी के अरुण कुमार ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों में भाग लेने से बच्चों के सामाजिक सुरक्षा के भाव के साथ ही उनमें रचनात्मक, सृजनात्मक और व्यक्तित्व का विकास होगा। वहीं, प्राचार्य बृज मोहन लाल दास ने इस दिन को विद्यार्थियों के लिए विशेष दिन बताया। कहा कि बच्चे अपने लक्ष्य की ओर तभी अग्रसर हो सकेंगे जब वे एकाग्रचित होकर नियमित अभ्यास करेंगे। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की काफी प्रशंसा की। मौके पर डीएवी स्वांग के प्राचार्य एसके शर्मा, डीएवी-4 के प्राचार्य एके झा, एलएमसी सदस्य ब्रह्म देव प्रसाद और सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। मंच का संचालन नेहा कुमारी ने किया।

## अभय सुंदरी हाई स्कूल में चलाया जागरूकता कार्यक्रम



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह और वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार के निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह 2024 के अवसर पर हीरापुर अभय सुंदरी हाई स्कूल में बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें हेलमेट पहनने, ग्रुप बनाकर सड़क पर नहीं चलने, सड़क दुर्घटना होने पर तुरंत मदद करने के लिए एंबुलेंस नंबर 108 पर कॉल कर जानकारी देने सहित अन्य जानकारियां दी गई। स्कूल की प्रमुख कावेरी सरकार ने बच्चों एवं शिक्षकों के बीच सड़क सुरक्षा बुक वितरित कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।


स्वच्छ भारत — एक कदम स्वच्छता की ओर

NAMASTE

**कार्यालय नगर परिषद रामगढ़।**

**आम सूचना**

भारत सरकार के द्वारा केन्द्रीय योजना के तहत् National Action for Mechnised Sanitation Ecosystem (NAMASTE) स्कीम के तहत् रामगढ़ क्षेत्रांतर्गत सीवर एवं सेप्टिक टैंक से संबंधित सफाई कर्मचारियों को NAMASTE पोर्टल में प्रोफाईलिंग कराया जाना है। जिस हेतु उक्त कार्य में संलग्न सफाई मित्रों का निम्न प्रकार के दस्तावेजों की आवश्यकता है :-

1. आधार कार्ड की छायाप्रति।
2. पासपोर्ट साईज फोटो 01 पिस
3. बैंक पासबुक की छायाप्रति।
4. आईडी कार्ड जैसे:-(a) Driving License (b) Voter ID Card (c) Ration Card (d) Caste Certificate इनमें से कोई एक दस्तावेज की छायाप्रति।
5. शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छाया प्रति।

यह सर्वे सफाई मित्र के आवास में/कार्य स्थल पर/सर्वे सिविर के माध्यम से किया जाना है इसी क्रम में नगर परिषद् रामगढ़ द्वारा दिनांक 20.02.2024 को नगर परिषद् कार्यालय में सिविर का आयोजन किया जाना है।

नमस्ते योजना का उद्देश्य सेप्टिक टैंको की सफाई और सवीरेज नेटवर्क के रखरखाव से जुड़े श्रमिकों को व्यावसायिक सुरक्षा लाभ और स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जाना है। इसके अतिरिक्त, आपके पात्र आश्रित NAMASTE योजना दिशानिर्देशों के अनुसार लाभ के हकदार होंगे। इस सर्वे का उद्देश्य NAMASTE योजना के तहत पात्रता की जांच करना है।

अतः आप सभी से अनुरोध है कि उक्त सिविर में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना प्रोफाइलिंग कराये ताकि आपकी जिवन एवं आपकी परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित किया जा सके। इस सर्वेक्षण में आपकी हिस्सेदारी स्वैच्छिक है।

नोट :-अधिक जानकारी के लिए नगर परिषद् रामगढ़ से संपर्क करें।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद्, रामगढ़।

PR 317431 District(23-24)D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची**

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति-अल्पकालीन निविदा सूचना

**T. Reference No. :- O &M BUNDU -27/2023-24 Date 31.01.2024**

| Si.No. | Name of Work | Estimated Cost (in Lakhs.) | Bid Security (Lakhs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Annual Operation and maintenance work of 7 MLD capacity W.T.P. Bundu Urban Pipe Water Supply Scheme for the year 2023-24 and 2024-25 Excluding the Energy Cost. under D.W. & S. Division, Ranchi East, Ranchi. | 40.46018 Lakh | 0.81000 Lakh | 5000.00 | 13 Months |
| 2. | Date of Tender Uploading on Website | 06.02.2024/02.00 PM. | | | |
| 3. | Document Download / Sale Start Date | 06.02.2024/02.00 PM. | | | |
| 4. | Bid Submission Start Date | 06.02.2024/02.00 PM. | | | |
| 5. | Document Download / Sale End Date | 12.02.2024/04.00 PM. | | | |
| 6. | Bid Submission End Date | 12.02.2024/04.00 PM. | | | |
| 7. | Last Date /Time of Online Payment for cost of BOQ & Earnest Money (A per direction of Secretary, IT & e Governance, Jharkhand Government vide Memo No 120 Date 03.10.2023) | 12.02.2024/04.00 PM. | | | |
| 8. | Date of Opening of Tender | 14.02.2024/04.00 PM. | | | |
| 9. | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 10. | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | |
| 11. | Contact No. Of Procurement Office | 0651-2480155 | | | |
| 12. | Helpline No. Of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | |

नोटः- 1. निविदा की राशि घट बढ सकती है। विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट - http://jharkahndtenders. gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

PR.NO.317486 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

# केआइआइटी प्लेसमेंट 2023: छात्रों को रुपये 63 लाख नौकरी की पेशकश, औसत वेतन में उल्लेखनीय वृद्धि

- कैंपस प्लेसमेंट के लिए 750 से अधिक कंपनियां आयीं
- 6200 नौकरी के प्रस्ताव उत्पन्न हुए
- 1800 छात्रों को कई नौकरी के प्रस्ताव मिले
- उच्चतम सीटीसी रुपये 63 एलपीए, औसत सीटीसी रुपये 8.2 एलपीए
- 60 कंपनियों द्वारा 1500+ सवेतन इंटर्नशिप ऑफर



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** केआईआईटी डीम्ड यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर ने स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसओएम) स्कूल ऑफ रूरल मैनेजमेंट (केएसआरएम) स्कूल के लगभग 5000 योग्य छात्रों के लिए 750 से अधिक कंपनियों से 6200 जॉब ऑफर के साथ एक बार फिर शत-प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया है। जैव प्रौद्योगिकी (केएसबीटी) और स्कूल ऑफ लॉ (केएलएस) 2023 स्नातक बैच के लिए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में औसत वेतन पैकेज में भी महत्वपूर्ण उछाल देखा गया। इस साल औसत सीटीसी रुपये 8.2 लाख को पार कर गयी है, जबकि उच्चतम रुपये 63 लाख, जिससे कैंपस प्लेसमेंट में छात्रों को दिए जाने वाले वेतन के मामले में केआईआईटी को शीर्ष राष्ट्रीय संस्थानों की लीग में रखा गया। प्रख्यात शिक्षाविद् और सामाजिक कार्यकर्ता प्रोफेसर अच्युत सामंत द्वारा स्थापित केआईआईटी 1997 में उच्च शिक्षा संस्थान के रूप में आकार लिया। तब से, यह व्यापक आर्थिक और नौकरी बाजार परिदृश्यों के बावजूद, सभी शैक्षणिक कार्यक्रमों में लगभग पूर्ण प्लेसमेंट दर्ज कर रहा है। 2004 में भारत सरकार द्वारा इसे डीम्ड विश्वविद्यालय घोषित किये जाने के बाद, किट ने देश में व्यावसायिक शिक्षा को फिर से परिभाषित किया है और शिक्षाशास्त्र और अनुसंधान आउटपुट को पढ़ाने में मानक स्थापित किए हैं। शिक्षा मंत्रालय की एनआईआरएफ इंडिया रैंकिंग 2022 में इसे देश के 16वें पाएदान पर सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में रखा है। यह प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में विश्व स्तर पर 601-800 के समूह में है। विश्वविद्यालय को ठअअउ द्वारा उच्चतम अ++ ग्रेड से भी मान्यता प्राप्त है। स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी के शैक्षणिक कार्यक्रम आईईटी, यूके और एबीईटी, यूएसए द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। किट स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में, 450 से अधिक कंपनियों द्वारा 5200 से अधिक नौकरी की पेशकश की गयी, जिसमें 1800 से अधिक छात्रों को कई ऑफर मिले। 8.20 एलपीए के साथ लगभग 2000 रुपये की औसत सीटीसी के साथ ड्रीम ऑफर थे। कैपजेमिनी द्वारा सबसे अधिक ऑफर दिए गये, इसके बाद बॉश ग्लोबल सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजीज ने क्रमशः 302 और 242 ऑफर दिए। इस वर्ष स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में छात्रों को दिए जाने वाले वेतन पैकेज में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रुपये की उच्चतम सीटीसी के साथ, युगाबाइट द्वारा 63 एलपीए की पेशकश की गयी थी, जबकि अमेजॉन, एटलसियन, लाइटबीम आदि जैसी 155 से अधिक कंपनियों ने 30 एलपीए रुपये से अधिक की सीटीसी की पेशकश की थी। 5 एलपीए प्लस, जिसमें सिस्को, फिलिप्स, आईओएन ग्रुप, रेजरपे सॉफ्टवेयर (पी) लिमिटेड, किकड्रम, सिलिकॉन लैब्स, श्लम्बरगर, जेडएस एसोसिएट्स, डेल टेक्नोलॉजीज, बीसीएन, आईट्रॉन, कॉमवॉल्ट, वीएमवेयर इत्यादि जैसी 47 कंपनियों ने सीटीसी की पेशकश की जो की रुपये 15 एलपीए से रुपये 25 एलपीए है। स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी की मुख्य शाखाओं के लिए, टीवीएस मोटर्स कंपनी, जेएसडब्ल्यू एनर्जी, वोल्वो ग्रुप इंडिया, सैमसंग हेवी इंडस्ट्रीज इंडिया, रॉयल एनफील्ड, आर्सेलरमित्तल, निप्पॉन स्टील इंडिया, टाटा केमिकल्स, डालमिया सीमेंट, आशियाना हाउसिंग, एफकॉन्स इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी 50 से अधिक कंपनियां, टाटा पावर, श्नाइडर इलेक्ट्रिक, फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल्स आदि ने 5 एलपीए से रुपये 10 एलपीए सीटीसी के साथ कैंपस का दौरा किया। लगभग 60 कंपनियों द्वारा 1500 से अधिक सशुल्क इंटर्नशिप ऑफर दिये गये, जिनमें सबसे अधिक 1269 इंटर्नशिप ऑफर हाईरेडियस द्वारा दिये गये। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में एमबीए और बीबीए के छात्रों के प्लेसमेंट के लिए करीब 140 कंपनियां आईं। रेहलत द्वारा 22.75 एलपीए की रुपये की उच्चतम सीटीसी पेशकश की गयी थी, जबकि खिमजी रामदास, एलियन ग्रुप, टाटा कम्युनिकेशंस, हेवो डेटा, ट्रिनामिक्स जैसी कंपनियों ने रुपये 15 एलपीए। रुपये से अधिक की पेशकश की थी जो औसत सीटीसी रुपये 9.50 एलपीए थी। कुल मिलाकर, लगभग 360 से अधिक ऑफर उत्पन्न हुए, जिससे स्कूल के लिए 98.05% प्लेसमेंट दर्ज किया गया। केआईआईटी स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी (केएसबीटी) ने परिसर में आने वाली 40 से अधिक कंपनियों के साथ 89% प्लेसमेंट दर्ज किया। रुपये की उच्चतम सीटीसी। नेस्ले द्वारा 7.00 एलपीए की उच्चतम सीटीसी पेशकश की गयी थी, जबकि औसत रुपये 5 एलपीए था। एलुसिडाटा, जीएसके फार्मा, एनजीन बायोसाइंसेज, इंटास फार्मास्यूटिकल्स और हिमालय वेलनेस कंपनी जैसी कंपनियों ने रुपये 5 एलपीए से अधिक की सीटीसी की पेशकश की। कुल मिलाकर, 65 लॉ फर्मों और कंपनियों ने केआईआईटी लॉ स्कूल का दौरा किया, औसत 5 एलपीए की उच्चतम सीटीसी रुपये की वेतन पैकेज के साथ 81% प्लेसमेंट मिला। डीएफडीएल (इंटरनेशनल) द्वारा 21.00 एलपीए की पेशकश की गयी थी, जबकि रुपये भरूचा एंड पार्टनर्स (घरेलू) द्वारा 13 एलपीए की पेशकश की गयी थी। वाडिया गांधी एंड कंपनी, अर्न्स्ट एंड यंग एलएलपी, एलओआरएम इमिग्रेशन सर्विसेज एलएलपी, एचडीएफसी एर्गो जीआईसी, रॉयल सुंदरम जनरल इंश्योरेंस जैसी कंपनियों ने रुपये 6.00 एलपीए से रु. 10.00 एलपीए. सीटीसी की पेशकश की। केआईआईटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (केएसआरएम) में 133 बैच के लिए 60 कंपनियों ने दौरा किया है। उच्चतम पैकेज की पेशकश अवंती फाइनेंस द्वारा 9.50 एलपीए, की गयी जिसमें नेस्ले-इंडिया, बिगबास्केट, भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड (बीएफआईएल) बीआईएसके फार्म, टेक्नोसर्व इंडिया, महिंद्रा फाइनेंस जैसी कंपनियों ने रुपये 6.00 एलपीए से रुपये 10.00 एलपीए सीटीसी की पेशकश की। स्कूल ने 96% प्लेसमेंट और औसत रु. 5.50 एलपीए सीटीसी दर्ज किया। सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट प्रदर्शन ने संस्थान के अभिभावकों और छात्रों की खुशी बढ़ा दी है।

## राहुल गांधी फरवरी में ओड़िशा आयेंगे

**भुवनेश्वर।** राहुल गांधी की भारत जोड़ न्याय यात्रा पूरे देश में चल रही है। राहुल गांधी 6 जून को ओड़िशा का दौरा करने वाले हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष 6 तारीख की शाम को बीरमित्रपुर पहुंचेंगे। इसके बाद उनका भव्य स्वागत किया जायेगा। यात्रा के दौरान राहुल की न्याय यात्रा तीन संगठनात्मक जिलों में निर्धारित है। ये तीन जिले राउरकेला, सुंदरगढ़ और झारसुगुड़ा हैं। इन सभी जिलों में कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ न्याय यात्रा आयोजित की जायेगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 29 तारीख को ओड़िशा का दौरा किया था।

**पूर्व मध्य रेल**

**विविध वैद्युतिक कार्य हेतु ई-निविदा सूचना विद्युत (सामान्य) विभाग के लिये खुली निविदायें**

मंडल रेल प्रबन्धक (विद्युत) पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

**ई-निविदा संख्या** : ईएल/26/खुली/2023-24, **क्र.सं.** : 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि** : धनबाद मंडल में 15 स्टेशनों (मतारी, निचितपुर, तेतुलमारी, प्रधानखंटा, सरमाटांड, गुरप्पा, टनकुप्पा, बंधुवा, परसाबाद, चौबे, चिचाकी, निमियाघाट, चौधरीबंध, फुसरो और गोमिया) पर 2x25 केवीए, एटी प्रदान करके सिग्नलिंग बिजली आपूर्ति प्रणाली में वृद्धि। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र.सं.** : 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि** : रू. 1,49,47,147.64, **क्र.सं.** : 3, **बिड सिक्युरिटी** : रू. 2,24,700.00

**ई-निविदा संख्या** : ईएल/27/खुली/2023-24, **क्र.सं.** : 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि** : पाथरडीह & गोमो यार्ड और अन्य क्षेत्रों में अन्य विविध कार्यों के साथ-साथ हाईमास्ट टावर उपलब्ध कराकर प्रकाश व्यवस्था में सुधार। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र.सं.** : 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि** : रू. 1,26,91,932.62, **क्र.सं.** : 3, **बिड सिक्युरिटी** : रू. 2,13,500.00

**ई-निविदा संख्या** : ईएल/28/खुली/2023-24, **क्र.सं.** : 1, **कार्य का नाम, स्थान एवं समापन अवधि** : धनबाद और पतरातू में रेलवे अस्पतालों के विभिन्न वार्डों में संबद्ध कार्यों के साथ ऊर्जा कुशल वीआरएफ एयर कंडीशनर का प्रावधान। (कार्य समापन अवधि : छः माह)। **क्र.सं.** : 2, **कार्य के लिए प्राक्कलित राशि** : रू. 50,67,192.77, **क्र.सं.** : 3, **बिड सिक्युरिटी** : रू. 1,01,400.00

● **ई-निविदा बंद होने एवं खुलने की तिथि एवं समय** : ई-निविदा बंद होने की तिथि 27.02.2024 को 11:00 बजे। ई-निविदा खुलने की तिथि 27.02.2024 को 11:30 बजे के बाद। ● **वेबसाईट का विवरण** : वेबसाईट : **www.ireps.gov.in.** ई-निविदा के तहत मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत)
पूर्व मध्य रेल, धनबाद

पीआर/02202/डीएचएन/ईजीईएन/टी/23-24/68







## सीएम ने लक्ष्मी बस योजना शुरू की





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बुधवार को मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देवगढ़, अनुगोल और ढेंकानाल जिलों में लक्ष्मी बस योजना का शुभारंभ किया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि लक्ष्मी बस ने हमारा जीवन आसान बना दिया है। उन्होंने कहा कि यह गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभायेगा। गौरतलब है कि यह योजना सबसे पहले मालकानगिरी में शुरू की गयी थी। पहले चरण में मालकानगिरी, नबरंगपुर, रायगडा, कलाहांडी, गजपति और कोरापुट जिलों के निवासियों को लक्ष्मी बस सेवा मिली। आज इस प्रणाली में तीन और जिले जुड़ गये। आज शुभारंभ के बाद 3 जिलों की 440 पंचायतों में 101 बसें चलेंगी। इससे 27 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। देवगढ़ की 69 पंचायतों में चलेंगी 17 बसें और 3 लाख लोगों को होगा फायदा। अनुगोल की 176 पंचायतों में 29 बसें चलेंगी और 11 लाख 50 हजार लोगों को फायदा होगा। इसी तरह ढेंकानाल की 195 पंचायतों में 55 बसें चलेंगी और 13 लाख लोगों को फायदा होगा। इस योजना में पंचायत से प्रखंड तक बस सेवा की सुविधा दी गयी है। राज्य भर में 1000 से ज्यादा बसें चलेंगी। 5टी योजना के तहत शुरू किए गये इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति माताओं को बस चलाने की जिम्मेदारी दी गयी है। इस मौके पर संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य पंचायत को विकास का केंद्र बनाना है। हमारा लक्ष्य गांव की अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि लक्ष्मीबस इसमें अहम भूमिका निभायेगा। इस योजना में हाल ही में शुरू की गयी श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बस सेवा का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाप्रभु श्रीजगन्नाथ के दर्शन और श्रीमंदिर की परिक्रमा परियोजना का अनुभव लेने के लिए श्रीजगन्नाथ एक्सप्रेस बस सेवा शुरू की गयी है। माताओं के लिए बस टिकट की कीमत आधी कर दी गयी है। उन्होंने कहा, लक्ष्मी योजना ने हमारा जीवन आसान बना दिया है। यह कहते हुए कि हमारा ओडिशा नवीन ओडिशा कार्यक्रम गांव के परिवर्तन के लिए जारी है, मुख्यमंत्री ने नुआ ओड़िशा के निर्माण के लिए सभी के सहयोग की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन की कई समस्याएं हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय के जिला गश्ती के बाद इसकी जानकारी होने पर इस लक्ष्मी बस योजना का निर्णय लिया गया। इस बस का उपयोग ग्रामीण लोग अपने घरों से दैनिक कार्यों के लिए सुविधा एवं कम लागत के साथ कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने लक्ष्मी बस सेवा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लक्ष्मी बस लोगों को लोगों से जोड़ेगी। सामाजिक एवं आर्थिक जीवन को मजबूत करेगा। बच्चे को स्कूल-कॉलेज ले जाएं। किसानों को बाजारों से जोड़ें. उन्होंने कहा कि इस बस में माताएं और छात्राएं मात्र 5 रुपये में यात्रा कर सकेंगी। देवगढ़ में मौजूद परिवहन मंत्री टुकुनी साहू और ढेंकनाल में मौजूद पुर्त मंत्री प्रफुल्ल कुमार मल्लिक ने कहा कि मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता के कारण गांव के लोगों को लाभ मिल रहा है। आज शहर का। लक्ष्मी योजना से ग्रामीण लोगों का जीवन बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों का सरकार पर भरोसा बढ़ा है। कार्यक्रम में 5टी एवं नवीन ओड़िशा के अध्यक्ष ने कहा कि लक्ष्मी बस जनता की संपत्ति है। अपनी संपत्ति। कृपया इसकी उचित देखभाल करें। उन्होंने बस क्रू को सलाह दी कि वे लोगों के साथ उचित व्यवहार करें और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखें। इस अवसर पर ढेंकानाल से विधायक सुधीर कुमार सामल, अनूगोल से विधायक रजनीकांत सिंह और विधायक ब्रजकिशोर प्रधान, देवगढ़ से जिला परिषद अध्यक्ष कौशिक कुमार प्रधान ने भाग लिया और अपना भाषण दिया। व्यापार और परिवहन विभाग की मुख्य प्रशासनिक सचिव उषा पाढ़ी ने कार्यक्रम में स्वागत भाषण दिया।

## डॉ देवीप्रसन्न पटनायक को पहले विश्व उड़िया भाषा पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा

- मुख्यमंत्री उन्हें प्रशस्ति पत्र और बीस लाख रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रथम विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के अवसर पर प्रख्यात भाषाविद् डॉ देवीप्रसन्न पटनायक को प्रथम विश्व उड़िया भाषा पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। प्रथम विश्व उड़िया भाषा सम्मेलन के अवसर पर, मुख्यमंत्री नवीन पटनायक प्रसिद्ध भाषाविद् पद्मश्री डॉ देवीप्रसन्न पटनायक को उड़िया भाषा के अनुसंधान के प्रति उनके जीवन भर समर्पण के सम्मान में विश्व उड़िया पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। पुरस्कार के तौर पर उन्हें बीस लाख रुपये और प्रमाणपत्र दिया जायेगा। डॉ पटनायक के शोध ने अनुसंधान भाषा को काफी समृद्ध किया है। डॉ पटनायक भारत के एक प्रमुख विद्वान और भाषाविद् के रूप में जाने जाते हैं। डॉ पटनायक ने भारतीय भाषा संस्थान के संस्थापक निदेशक के रूप में बहुत ख्याति अर्जित की है। डॉ पटनायक को भारतीय भाषाओं के विकास के प्रति उनके समर्पित प्रयासों के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया है। उड़िया भाषा को शास्त्रीय दर्जा दिलाने में डॉ पटनायक का बहुमूल्य योगदान है। जी उमा महेश्वर राव अध्यक्ष भारतीय भाषा परिषद, पूर्व प्रोफेसर, भाषा विभाग हैदराबाद विश्वविद्यालय, प्रोफेसर सविता प्रधान कुलपति उड़िया विश्वविद्यालय, प्रोफेसर पी के स्वाइं कुलपति उत्कल संकृति विश्वविद्यालय, और प्रोफेसर बसंत कुमार पंडा परियोजना निदेशक, शास्त्रीय ओड़िया अध्ययन में उत्कृष्टता केंद्र, केंद्रीय शिक्षा विभाग ओड़िशा सरकार द्वारा गठित समिति ने सर्वसम्मति से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए डॉ देवीप्रसन्न पटनायक के नाम की सिफारिश की।













## विकसित बीजू पटनायक पार्क का उद्घाटन



**भुवनेश्वर।** जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) की सामाजिक शाखा जेएसपी फाउंडेशन ने जिला प्रशासन अंगुल के सहयोग से अंगुल जिले के पाललहड़ा में बीजू पटनायक पार्क का उद्घाटन किया। इस सामुदायिक उद्यान का उद्घाटन अंगुल कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ शंकर स्वाइं और पाललहड़ा के माननीय विधायक मुकेश कुमार पाल ने किया। पाललहड़ा के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए, जेएसपी फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती शाल्लू जिंदल ने कहा, रजेएसपी फाउंडेशन हमेशा समुदाय के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने का प्रयास करता है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**